फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 170 प्रभात जयपुर, शनिवार 20 जनवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**THE PHENOMENON**

*Rajesh Khanna* was purely a director's actor. If the director was good, he could draw the best out of this *romantic hero.*


**Olive Oil Ice Cream**

**Olive Oil Ice Cream** For those unfamiliar, this ice cream dish is also an Italian staple known as *Gelato Con Olio E Sale.*




## *भए प्रकट कृपाला दीनदयाला...*

*अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले भगवान रामलला की मूर्ति की पूरी तस्वीर सामने आ गई है। काले पत्थर से बनी इस प्रतिमा में भगवान श्रीराम के पांच साल के बाल स्वरुप को दर्शाया गया है। कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई यह मूर्ति एक ही पत्थर से बनी है। मूर्ति के ठीक ऊपर सूर्य भगवान तथा दोनों तरफ विष्णु के दस अवतारों को तराशा गया है। रामलला के पैरों के पास एक तरफ हनुमान और दूसरी तरफ पक्षीराज गरूढ़ नज़र आ रहे हैं। दो सौ किलो वजन वाली मूर्ति की ऊंचाई 4.24 फीट और चौड़ाई तीन फीट है।*



# राहुल गांधी ने अपनी "पावर ऑफ एटॉर्नी" वेणुगोपाल को क्यों दे रखी है?

## शायद इसलिये कि, राहुल पार्टी का संचालन तो अपने हाथ में रखना चाहते हैं, पर उनमें न तो इतना सब्र और धीरज है और न ही उनका स्वभाव ऐसा है कि पार्टी के रोजमर्रा के निर्णय लें

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **बहरहाल इस "पावर ऑफ एटॉर्नी" के कारण अब वेणुगोपाल कांग्रेस में राहुल गांधी के बाद सबसे सशक्त व्यक्ति हैं।**
- **बात यहां तक पहुंची है कि, वेणुगोपाल ने अलका लाम्बा को महिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया है और अब वे अलका लाम्बा को राज्यसभा का सदस्य बनवाना चाहते हैं।**
- **पर, राहुल गांधी अजय माकन को राज्यसभा का सदस्य बनवाना चाहते हैं, क्योंकि राहुल का मानना है कि, अजय माकन को गैर वाजिब तरीके से पिछली बार हरियाणा से राज्यसभा का सदस्य नहीं बनने दिया गया था तथा उन्हें हरियाणा में राज्य के चुनाव में हरवा दिया गया था।**
- **पर, कौतुहल से पार्टी देख रही है कि, अलका लाम्बा बनती हैं राज्यसभा सदस्य या अजय माकन। क्योंकि दोनों दिल्ली के रहने वाले हैं तथा दिल्ली का एक ही व्यक्ति राज्यसभा सदस्य बन सकता है।**

नई दिल्ली, 19 जनवरी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने, लगता है कि, ए.आई.सी.सी. में पदाधिकारी नियुक्त करने और हटाने के अहम निर्णय लेने और पार्टी का संचालन करने की अपनी पावर ऑफ एटॉर्नी के.सी. वेणुगोपाल को दे दी है।

ए.आई.सी.सी. के संगठन प्रभारी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल कांग्रेस के वास्तविक अध्यक्ष की भांति सबसे पावरफुल नेता के रूप में उभरे हैं। कई बार तो उन्होंने कांग्रेस के आधिकारिक अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्णय के विरूद्ध भी फैसला किया है।

वेणुगोपाल, राहुल गांधी के दम पर फूलते हैं। राहुल पार्टी को तो कंट्रोल करना चाहते हैं, लेकिन पार्टी की छोटी-छोटी बातों का प्रबंधन करने व उसका संचालन करने के लिए निर्णय लेने का ना तो उनमें धैर्य है और ना ही उनका स्वभाव ऐसा है।

खड़गे ने हाल ही जब राहुल गांधी से दो राज्यों में प्रमुख पदाधिकारियों की नियुक्ति के बारे में पूछा तो उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं थी कि, पदाधिकारियों को कैसे और क्यों नियुक्त किया गया।

राहुल ने वेणुगोपाल को फोन लगाया, जिन्होंने कहा कि, वे खड़गे जी को 5 मिनट में सब कुछ स्पष्ट कर देंगे।

अलका लाम्बा को महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर नियुक्त करवाने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले वेणुगोपाल अब उन्हें इस आधार पर राज्यसभा सदस्य बनवाना चाहते हैं कि, उनके ऐज ग्रुप की वह पार्टी की अकेली महिला नेता हैं।

लेकिन राहुल गांधी, अजय माकन को राज्यसभा में एडजस्ट करवाना चाहते हैं क्योंकि उनका मानना है कि, माकन को राज्यसभा चुनाव में हरियाणा से जानबूझकर हरवाया गया था।

यह देखना दिलचस्प होगा कि, राज्यसभा का प्रत्याशी बनने की लड़ाई कौन जीतता है। चूंकि माकन और लाम्बा, दोनों ही दिल्ली से हैं, इसलिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल की यात्रा की लोकप्रियता से चकराये असम के मु.मंत्री

## जयराम रमेश ने मु.मंत्री हेमन्त बिस्वा सरमा पर आरोप लगाया कि, इस मनोवृत्ति से ग्रसित बिस्वा राहुल की यात्रा में व्यवधान डाल रहे हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **जयराम रमेश ने ट्विटर पर जारी इस बयान में यह भी कहा कि, निडर व उत्साही यात्रा व्यवधानों से विचलित नहीं होगी, बल्कि पूर्व निश्चित कार्यक्रम के अंतर्गत पांच और दिन यात्रा आसाम में जारी रहेगी।**
- **फिलहाल आसाम पुलिस ने यात्रा व उसके व्यवस्थापक के.बी. बायजू के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की, यह आरोप लगाते हुए कि, जोरहाट में यात्रा ने अपने पूर्व निश्चित "रूट" में परिवर्तन किया है।**

नई दिल्ली, 19 जनवरी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान आदिवासी बाहुल्य मजूली द्वीप पर एक जनसभा में राहुल गाँधी ने कहा कि, भाजपा सरकार उनसे उनकी ज़मीन छीन रही है तथा आदिवासी समुदाय के साथ महा अन्याय कर रही है।

गांधी ने कहा कि, भाजपा और आर.एस.एस. पूरे देश में जनता के साथ अन्याय कर रहे हैं और यही कारण है कि, वे यात्रा निकाल रहे हैं।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आज दिन में कहा कि, असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा सरमा जनता की प्रतिक्रिया से घबरा गए हैं और इसलिए राहुल के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा को राज्य में विफल करने की कोशिश कर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 300 यात्री 2 घंटे विमान में परेशान रहे

जयपुर, 19 जनवरी (का.सं.)। देशभर में हो रहे मौसम परिवर्तन का असर एयर ट्रैफिक पर नजर आ रहा है। इसकी वजह से गुरुवार रात दिल्ली में मौसम खराब होने की वजह से हनोई से दिल्ली आ रही वियतजेट एयरलाइंस

- **विदेशी एयर लाइन का पायलट ड्यूटी पूरी होने पर रात 2 बजे विमान छोड़कर चला गया। विमान में बैठे 300 यात्री इंतजार करते रह गये।**

की फ्लाइट (संख्या -971) को जयपुर डायवर्ट किया गया था। देर रात 2 बजे ड्यूटी आवर्स पूरे होने की वजह से पायलट ने विमान छोड़ दिया। इसके बाद 2 घंटे तक 300 से ज्यादा यात्रियों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा से लड़ने के लिये सीटों की मांग घटा सकती हैं कांग्रेस व सपा

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **कांग्रेस ने 2009 के प्रदर्शन के आधार पर 20 सीटों की मांग की है, पर माना जा रहा है कि, वह 12 सीट स्वीकार कर लेगी।**
- **उत्तर प्रदेश में 15 सीटें ऐसी हैं जहां सपा कभी नहीं जीती तथा 24 ऐसी हैं जहां केवल एक बार जीती है। अतः सपा इन सीटों पर कांग्रेस, रालोद तथा अन्य छोटी पार्टियों को एडजस्ट कर सकती है।**

नई दिल्ली, 19 जनवरी। समाजवादी पार्टी, जो कि इंडिया गठबंधन का उत्तर प्रदेश में एक प्रमुख घटक दल है, के साथ दो दौर की वार्ता के बाद, कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में 80 सीटों में से 20 सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग रखी है।

जहाँ एक तरफ सपा प्रमुख, अखिलेश यादव ने पहले ही एकतरफा घोषणा कर दी थी कि, उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में 80 में से 65 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, वहीं, सपा नेता रामगोपाल यादव का कहना है कि, सीटों के बंटवारे की बातचीत सुचारू रूप से चल रही है और इसमें आधी दूरी तय कर ली गई है। संभावना है कि, सपा अपनी दावेदारी कम कर देगी और कांग्रेस को भी करीब एज दर्ज़न सीटों पर ही चुनाव लड़ने के लिये राजी किया जा सकता है।

जयंत चौधरी की पार्टी, राष्ट्रीय लोक दल छः निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ना चाहती है, जबकि एक-एक सीट चंद्रशेखर आज़ाद की पार्टी और अपना दल के कामेरवादी गुट के लिये छोड़े जाने की संभावना है।

हालांकि, पिछले लोकसभा चुनावों में, कांग्रेस बहुत कम सीटें जीत पायी थी, फिर भी सपा नेता कई कारणों से कांग्रेस के साथ गठबंधन के लिये इच्छुक और उत्सुक लगते हैं।

सबसे पहला कारण, उनको एहसास है कि, कांग्रेस के बिना इंडिया गठबंधन की जीत संभव नहीं है। दूसरा, जैसे कि संकेत मिल रहे हैं, पिछले कुछ महीनों से अल्पसंख्यक मुस्लिमों का झुकाव, सबसे पुरानी पार्टी "कांग्रेस", की तरफ हो रहा है। तीसरा कारण यह है कि, संभवतया कांग्रेस, सपा को उच्च जाति, खासकर ब्राह्मणों के वोटों का एक हिस्सा दिलवाने में मदद कर सकती है।

अंतिम कारण यह है कि, राहुल गांधी की पदयात्रा, फरवरी के तीसरे सप्ताह में उत्तर प्रदेश पहुंचने वाली है और लगभग दो सप्ताह की अवधि में वे बीस लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे। यह यात्रा, शायद कांग्रेस की उतनी मदद न करे, पर समाजवादियों के पक्ष में माहौल बनाने में मदद कर सकती है।

कांग्रेस की 20 सीटों की मांग, स्पष्ट रूप से अतिश्योक्ति लगती है क्योंकि सन् 2022 के विधानसभा चुनावों में, प्रियंका गांधी के उत्साही अभियान के बावजूद, कांग्रेस को केवल 2 प्रतिशत वोट शेयर मिला था। तथापि, कांग्रेसी नेता, सन् 2009 के चुनावी नतीजों को अपना आधार बना रहे हैं, जब कांग्रेस ने बीस से अधिक लोकसभा सीटें जीती थीं।

सन् 2009 में कांग्रेस के इतनी सीटें जीतने के पीछे कई कारण थे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## गुरमीत राम रहीम को बार-बार पैरोल पर आपत्ति

अमृतसर, 19 जनवरी। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एस.जी.पी.सी.) ने हत्या और दुष्कर्म के गंभीर आरोप में जेल में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को बार-बार पैरोल दिए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है।

- **शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कहा कि, तीन दशकों से जेलों में बंद सिखों के साथ पक्षपात क्यों हो रहा है।**

एस.जी.पी.सी. के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि, राम रहीम के प्रति सरकार की विशेष सहानुभूति सवाल खड़े करती है। यह सीधे तौर पर राजनीति से प्रेरित घटना है। उन्होंने कहा कि देश में सरकारें दोहरी नीति अपना रही हैं। एक ओर दुष्कर्म और हत्या के आरोप

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ए.आर.सी.पी. का क्रियान्वयन मिशन मोड पर त्वरित गति से करेगी भजन लाल सरकार: राज्यपाल

-विधानसभा संवाददाता-

- **अभिभाषण में राज्यपाल ने कहा, "ई.आर.सी.पी." पर कांग्रेस सरकार ने पिछले 5 साल सिर्फ राजनीति की, इसे 28 वर्षों तक लटकाना-अटकाना चाहती थी। यह योजना 13 जिलों में पेयजल तथा 2 लाख हैक्टर सिंचाई सुविधा के लिये बनी थी।**
- **उन्होंने कहा, "पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के घोटालों की जांच होगी, चिरंजीवी और महात्मा गांधी अंग्रेजी स्कूलों का रिव्यू किया जायेगा।"**
- **"पिछले 5 साल में राज्य का कर्ज 2 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ा है, इससे प्रति व्यक्ति कर्ज करीब 70 हजार रूपए तक पहुंच गया है।"**

जयपुर 19 जनवरी। पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में पेयजल और 2 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के लिए बनी ईस्टर्न राजस्थान कैनाल परियोजना (ई.आर.सी.पी.) को भजनलाल सरकार मिशन मोड पर क्रियान्वित करेगी। ई.आर.सी.पी. को पूर्वी राजस्थान की जीवनरेखा के रूप में विकसित किया जायेगा। राजस्थान और मध्यप्रदेश, दोनों राज्यों की डबल इंजन की सरकार जल्द ही ई.आर.सी.पी. के संबंध में एमओयू कर परियोजना को शीघ्र-अतिशीघ्र मूर्त रूप देगी। राज्यपाल कलराज मिश्र ने यह बात 16वीं विधानसभा के प्रथम सत्र में शुक्रवार को सदन में अभिभाषण में कही।

राज्यपाल ने कहा कि ईस्टर्न राजस्थान कैनाल परियोजना के मूर्त रूप लेने से अजमेर, जयपुर, दौसा, करौली, सवाई माधोपुर, झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, टोंक, अलवर, भरतपुर और धौलपुर को फायदा मिलेगा। मिश्र ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पिछले 5 सालों में सिर्फ राजनीति की, इस परियोजना पर काम कुछ नहीं किया। ई.आर.सी.पी. की डीपीआर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के वक्त बनी थी, लेकिन पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने गत 23 जनवरी 2023 को राज्यपाल के अभिभाषण के पैरा 170 में कहा था कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*विधानसभा के पहले सत्र के पहले दिन अभिभाषण देने के लिये पहुंचे राज्यपाल कलराज मिश्र का विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मुख्यमंत्री भजनलाल ने स्वागत किया।*

## 11 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात की अनुमति नहीं मिली

जयपुर, 19 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि पूर्ण विकसित भ्रूण को भी दुनिया में प्रवेश करने और स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार है। इसके साथ ही अदालत ने

- **हाई कोर्ट ने कहा कि, पूर्ण विकसित भ्रूण को स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार है।**
- **राज्य सरकार को पीड़िता को सुरक्षित प्रसव कराने के लिये तथा उसके बाद सुविधायें देने के निर्देश भी दिये।**

दुष्कर्म पीडिता नाबालिग के 31 सप्ताह के भ्रूण का अबॉर्शन कराने की अनुमति

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**सभी को सुख देने की क्षमता भले ही हमारे हाथ में न हो किन्तु किसी को दुःख न पहुंचे यह तो हमारे हाथ में ही है।** - भगवान श्रीकृष्ण

# इन्टरनेट के बादशाह पढ़ाई में फिसड्डी

भारत सरकार ने गत तीन दशकों से लंबित शिक्षा नीति 2020 को अंतिम रुप दे कर लागू कर दिया है। वस्तुत: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काल में राष्ट्र निर्माण की दिशा में जो महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं उनमें नई शिक्षा नीति एक अत्याधिक महत्वपूर्ण कार्य है। यह कार्य आगामी वर्षो में सबसे युवा देश को सही दिशा प्रदान करने वाला एवं नई वैश्विक चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने वाला सिद्ध होगा ऐसी रणनीति है। आज जबकि विश्व बड़ी तेजी से बदल रहा है। ज्ञान, विज्ञान, प्रोद्यौगिकी, कम्प्यूटरीकरण और तकनीकी में नित नए प्रयोगों तथा नवोन्मेषी अनुसंधानों ने ज्ञान की दिशा ही बदल दी है। आज मनुष्य उस स्थान पर खड़ा है जहाँ से उसे बेतहासा दौड़ लगानी है। वैश्विक परिस्थितियां भूखे शेर की तरह आपका पीछा कर रही हैं। यदि आप पीछे रह जांएगे तो पराजय निश्चित है। यहां तक कि जीवित रहने के लिये भी आज हमें ज्ञान, विज्ञान और प्रोद्यौगिकी में विश्वस्तरीय होना होगा अत्यावश्यक होगया है वर्ना जो भी इसमें पिछड़ जाएगा वे ही अपना अस्तित्व नही बचा पाएँगे।

नई शिक्षा नीति ने इन्ही मुद्दों को आधार बना कर तैयार की गई है। आने वाले वर्षो में हमारे सम्मुख आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रख कर तैयार की गई यह शिक्षा नीति राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना शुरू कर चुकी है।

हमारा शिक्षा का अतीत बहुत आश्वस्ति कारक नही रहा था उसी का परिणाम है कि आज हमारे देश में शिक्षा की गुणवत्ता में इतना पतन हो चुका है कि वैश्विक स्तर पर हम बहुत पिछड़े नजर आ रहे हैं। शिक्षा में इसी गुणवत्ता को नई शिक्षा नीति में प्रमुखता दी है।

शिक्षा में गुणवत्ता के प्रश्न पर काफी चर्चा परिचर्चा होती रही है परन्तु इसके समाधान के लिए कोई ठोस कदम नही उठाए गए। नई शिक्षा नीति में सुधार करते हुए न केवल 360 डिग्री मूल्यांकन, बल्कि शिक्षकों के ज्ञान और योग्यता की परख व उसमें सुधार जैसे बिंदुओं को भी शामिल किया गया है। इसमें नवीन एवं प्राचीन का सन्तुलन: नए ज्ञान, विज्ञान, सूचना प्रोद्यौगिकी व नवोन्मेषी तकनीकी के साथ-साथ नई हमारे प्राचीन ज्ञान और विज्ञान तथा दर्शन को सहेजने व उस पर गहन अध्ययन एवं शोध को भी महत्व दिया गया है। इसलिये चिंतन के धरातल पर यह नई शिक्षा नीति सर्वथा नई है। वर्तमान सरकार की नीति ''सबका साथ सबका विकास'' के मूल सिद्धान्त है उस को नई शिक्षा नीति में स्थान दिया गया है। अत: वंचित व उपेक्षित समाज के बच्चों के शैक्षिणक विकास के विभिन्न पहलुओं को भी इस शिक्षा नीति में शामिल किया गया है साथ ही दिवांगजनों के विकास हेतु पर्याप्त प्रावधान है।

लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित गैर सरकारी संस्था प्रथम ने जो नवीनतम रिपोर्ट 2023 जारी की है उससे साफ पता चलता है कि सरकार की मंशा के विपरीत है शिक्षकों का रवैया बेहद निराशाजनक ही नही गैर जिम्मेदाराना भी है।सर्वे में बदहाल शिक्षा का खुलासा करते हुए कहा गया है कि एक-चौथाई बच्चे नहीं दूसरी कक्षा का पाठ्यक्रम भी नही पढ पा रहे हैं। ताजा वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट असर में देश में शिक्षा की स्थिति को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, 14 से 18 साल की उम्र के लगभग 26 प्रतिशत बच्चे अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में कक्षा 2 के स्तर का पाठ्यक्रम भी ठीक से नहीं पढ़ सकते हैं। यह बात इसलिए महत्वपूर्ण है कि ये बच्चे स्कूल की दहलीज से लगभग बाहर आ चुके हैं । सोचिए वे कौन शिक्षक थे जो खानापूर्ति कर रहे थे। उनकी आत्मा ने यह जीवित मक्खी कैसी निगली होगी । स्मरण रहे प्राथमिक शिक्षा को हम नींव कहते हैं तो क्या हमारे गुरुजन गारा मिट्टी भर रहे हैं देश के भविष्य की इमारत में । इसी आयु वर्ग में कम से कम 42 प्रतिशत छात्र ऐसे हैं, जो अंग्रेजी नहीं पढ़ सकते हैं। अब अंग्रेजी की हालत तो खुद गुरुओं की ही खराब है बच्चों की क्या कहेंगे।यकीन न हो तो राजस्थान में खोले गए अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गांधी विद्यालयों में पढा रहे शिक्षकों का परीक्षण कर लीजिए।

इस कमजोर बुनियाद का असर यह हो रहा है कि बढ़ती उम्र के साथ ये बच्चे स्कूल-कॉलेज से दूर हो रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 14-18 साल के कुल 86.8 प्रतिशत बच्चों ने स्कूल या कॉलेज में दाखिला ले रखा है अर्थात लगभग 14 बच्चे बाहर हैं इसके साथ ही की जैसे-जैसे बच्चों की उम्र बढ़ती जाती है, वैसे-वैसे स्कूल-कॉलेज में इनका नामांकन भी कम होने लग जाता है। फिलहाल स्कूल या कॉलेज में दाखिला नहीं लेने वाले 14 साल तक के बच्चों का आंकड़ा 3.9 प्रतिशत है। 16 साल के बच्चों में ये आकंड़ा 10.9 प्रतिशत और 18 साल के बच्चों में 32.6 प्रतिशत तक है।

**शिक्षा में गुणवत्ता के प्रश्न पर काफी चर्चा परिचर्चा होती रही है परन्तु इसके समाधान के लिए कोई ठोस कदम नही उठाए गए। नई शिक्षा नीति में सुधार करते हुए न केवल 360 डिठाी मूल्यांकन, बल्कि शिक्षकों के ज्ञान और योग्यता की परख व उसमें सुधार जैसे बिंदुओं को भी शामिल किया गया है। इसमें नवीन एवं प्राचीन का सन्तुलन: नए ज्ञान, विज्ञान, सूचना प्रोद्यौगिकी व नवोन्मेषी तकनीकी के साथ-साथ नई हमारे प्राचीन ज्ञान और विज्ञान तथा दर्शन को सहेजने व उस पर गहन अध्ययन एवं शोध को भी महत्व दिया गया है। इसलिये चिंतन के धरातल पर यह नई शिक्षा नीति सर्वथा नई है। वर्तमान सरकार की नीति ''सबका साथ सबका विकास'' के मूल सिद्धान्त है उस को नई शिक्षा नीति में स्थान दिया गया है। अत: वंचित व उपेक्षित समाज के बच्चों के शैक्षिणक विकास के विभिन्न पहलुओं को भी इस शिक्षा नीति में शामिल किया गया है साथ ही दिवांगजनों के विकास हेतु पर्याप्त प्रावधान है। लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित गैर सरकारी संस्था प्रथम ने जो नवीनतम रिपोर्ट 2023 जारी की है उससे साफ पता चलता है कि सरकार की मंशा के विपरीत है शिक्षकों का रवैया बेहद निराशाजनक ही नही गैर जिम्मेदाराना भी है।सर्वे में बदहाल शिक्षा का खुलासा करते हुए कहा गया है कि एक-चौथाई बच्चे नहीं दूसरी कक्षा का पाठ्यक्रम भी नही पढ पा रहे हैं। ताजा वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट असर में देश में शिक्षा की स्थिति को लेकर चौंकाने वाले आंकडे सामने आए हैं।**

गणितशिक्षा के समाचार सबसे बुरे हैं । जबकि अच्छे तकनीक के जानकारों के लिए गणित एक अपरिहार्य विषय है । गणित में 2017 में 14-18 साल के 76.6 प्रतिशत बच्चे दूसरी कक्षा का पाठ्यक्रम पढ़ सकते थे, जबकि 2023 में ये आंकड़ा घटकर होकर 73.6 प्रतिशत पर आ गया है। आधे से अधिक छात्र 3 और एक अंक की संख्या के विभाजन को हल नहीं कर पा रहे हैं। रपट खुलासा करती है कि 76 प्रतिशत छात्राएं अपनी क्षेत्रीय भाषा में कक्षा दूसरी के स्तर का पाठ आसानी से पढ़ ले रही हैं। छात्रों में ये आंकड़ा 70.9 प्रतिशत है।इसके उलट छात्र अंकगणित और अंग्रेजी पाठ पढ़ने में छात्राओं से बेहतर हैं।विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित स्टीम में प्रवेश लेने के मामले में भी छात्र छात्राओं से आगे हैं। किताबों में फिसड्डी यह पीढी स्मार्ट फोन की जरूर मास्टर बन रही है। दिखने में यह विरोधाभास प्रतीत हो रहा है लेकिन हकीकत कुछ ओर है। दरसअल यह पीढी स्मार्ट फोन का इस्तेमाल गैर जरूरी काम में कर रही है जिसका अधिकांश हिस्सा मनोरंजन, और सोसियल मीडिया और विडिओ गेम्स से जुड़ा है।

स्मार्टफोन तक छात्रों की पहुंच ज्यादा गया है कि लगभग 89 प्रतिशत छात्रों के घर में स्मार्टफोन है। इनमें से 92 प्रतिशत इसे चलाना भी जानते हैं और 31 प्रतिशत के पास खुद का स्मार्टफोन है।स्मार्टफोन तक पहुंच के मामले में छात्राएं काफी पीछे हैं। जिन 31 प्रतिशत विद्यार्थियों के पास खुद का स्मार्टफोन हैं, उनमें से 43.7 प्रतिशत छात्र और 19.8 प्रतिशत छात्राएं हैं। स्मार्टफोन तक पहुंच वाले 90.5 प्रतिशत विद्यार्थी सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। प्रथम फाउंडेशन ने यह रिपोर्ट तैयार करने के लिए 26 राज्यों के 28 जिलों में सरकारी और निजी संस्थानों में नामांकित 34,745 युवाओं का सर्वे किया। इस बार सर्वे केवल 14 से 18 साल के विद्यार्थियों पर किया गया था।

2022 में स्कूली बच्चों पर लॉकडाउन के प्रभावों को समझने के लिए 616 जिलों के 19,060 स्कूलों के लगभग 7 लाख बच्चों पर सर्वे किया गया था। ये सर्वे हर दो साल में किया जाता है।

सर्वे की यह रिपोर्ट सचमुच डरावनी है। नई शिक्षा नीति की सफलता केवल नए पाठ्यक्रमों, शिक्षक प्रशिक्षणों और भारी घन निवेश के जरिए सम्भव नही है। जबतक शिक्षकों की जवाबदेही तय नही होगी तब तक ऐसी दुर्घटनाओं का क्रम अनवरत जारी रहेगा। आप ही सोचिए अगर 14से18 वर्ष आयुवर्ग के बच्चे पिछड़ जाएंगे तो राष्ट्र कैसे सम्भलेगा कैसे संवरेगा। इस मुद्दे पल तत्काल कारगर कदम उठाने ही पड़ेगें अब हम अधिक प्रतीक्षा नही कर सकते।

**- राजेन्द्र मोहन शर्मा**
**अतिथि सम्पादक**
**शिक्षाविद, साहित्यकार और चिन्तक**

# श्रीराम के मर्यादा पुरुषोत्तम बनने में गुरु का विशेष महत्व



डॉ. अमित वर्मा

**भगवान** श्रीराम के जीवन का संदेश हमें यह सिखाता है कि धरती पर आने का मतलब सत्य, न्याय और प्रेम का पालन करना है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के इस पवित्र अवसर पर हम सभी मिलकर श्रीराम के अद्वितीय चरित्र की महिमा को याद करते हुए उनके आदर्शों का पालन करने का संकल्प लेंगे।

राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली-गली। ले-लो रे कोई राम का प्यारा, शोर मचाऊं गली-गली। भगवान राम को समर्पित यह प्रसिद्ध भजन हमारे मन को बहुत आनंद देता है। राम नाम ही अपने आप में सर्वोत्तम है। राम का नाम लेने से सारी पीड़ाएं और कष्ट कम हो जाते हैं। भगवान राम जो कि भगवान विष्णु के अवतार हैं, वह पूरे संसार के पालनहारे हैं। भगवान राम का नाम जगत में सारी पीड़ा को हरने वाला है। भगवान राम को आदर्शवादी महान राजा और एक अच्छे पुत्र के व्यक्तित्व को आज भी याद किया जाता है। संत तुलसीदास ने रामचंद्र जी के गुणों का बखान अपने अनेक दोहों में किया है।

22 जनवरी, 2024 को बरसों के इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर में रामलला पधारेंगे। ये भव्य दृश्य देखने के लिए प्रत्येक सनातनी और हिंदू का मन भी यकीनन ललचा रहा होगा। आखिर उनके स्वागत में सिर्फ अयोध्या ही नहीं, पूरा भारत जश्न मना रहा है, चारों ओर राजा राम के नाम की गूंज है। हो भी क्यों ना, बरसों के वनवास के बाद सबके दुलारे राजा राम अपने धाम में विराजेंगे। अयोध्या में रामलला का स्वागत जोर-शोर से करने के लिए विदेशों तक निमंत्रण भेजा गया है। भगवान श्रीराम, जिन्हें सर्वशक्तिमान के रूप में पूजा जाता है, वे आदर्श मानवता के अद्भुत प्रतीक माने जाते हैं। उनके जीवन के अनेक पहलुओं ने हमें यह सिखाया है कि कैसे सत्य, न्याय, और प्रेम का पालन करके हम सभी एक उच्च और समृद्ध जीवन जी सकते हैं।

राम मंदिर उद्घाटन से पहले आइए जानते हैं मर्यादा पुरुषोत्तम राजा राम के जीवन के कुछ खास और अनसुने किस्से, जिनसे हम प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। रामलला अयोध्या आएंगे तो 22 जनवरी को ही देश में हम सभी मिलकर दिवाली मनाएंगे। सत्य और न्याय के पुजारी रामलला ने अपने जीवन में विभिन्न परीक्षणों का सामना किया, लेकिन उन्होंने हमेशा धरती पर आए राम के रूप में अपनी भक्तों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बना रखा है।

भगवान राम के जीवन में गुरु का विशेष महत्व है। हिंदू शास्त्र में एक से बढ़कर एक महान गुरु शिक्षक रहे हैं। वहीं धर्म के मार्ग पर चलने वाले भगवान राम ने भी गुरु से शिक्षा प्राप्त की और उन्हीं के मार्गदर्शन को अपने जीवन में अपनाया। गुरु के बिना भगवान राम कभी भी मर्यादा पुरुषोत्तम न बन पाते। जीवन में गुरु का विशेष महत्व होता है। गुरु का महत्व आज से ही नहीं, बल्कि पुराने समय से ही सर्वोपरि रहा है। गुरु को हमेशा भगवान का दर्जा दिया गया है। व्यक्ति को माता-पिता के बाद जो भी कुछ सिखाया जाता है, वह गुरु द्वारा ही सिखाया जाता है। आम व्यक्ति ही नहीं भगवान भी गुरु में समर्पित रहे हैं।

भगवान श्रीराम ने ऋषि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि भारद्वाज व ब्रर्ह्मिष अगस्त्य के शिष्य के रूप में अपनी समस्त शिक्षा प्राप्त की थी। महर्षि विश्वामित्र भगवान राम के गुरु थे, जिन्होंने त्रेता युग में भगवान श्रीराम को धनुर्विद्या और शास्त्र विद्या का ज्ञान दिया था। भगवान राम को परम योद्धा बनाने के पीछे विश्वामित्र ही थे। भगवान राम के पास जितने भी दिव्य शास्त्र थे, वे सब विश्वामित्र के ही दिए हुए थे। हिंदू शास्त्र के अनुसार महर्षि विश्वामित्र को त्रेता युग का सबसे बड़ा आयुध आविष्कारक माना जाता है। वहीं ऋषि वशिष्ठ ने भगवान राम को राजपाट संभालने का ज्ञान दिया था। इसके साथ ही वेदों की भी शिक्षा ऋषि वशिष्ठ ने ही भगवान राम को दी थी। यही नहीं, भगवान राम का राज्याभिषेक भी ऋषि वशिष्ठ के हाथों ही हुआ था। ऋषि वशिष्ठ का भगवान राम के जीवन में विशेष महत्व है।

वहीं महर्षि भारद्वाज ने भगवान राम को विमान का ज्ञान दिया था। भारद्वाज ऋग्वेद के छठे मंडल के ऋषि रूप में विख्यात हैं। रामायण के अनुसार, भगवान श्रीराम ने महर्षि भारद्वाज के से ही परामर्श पर वनवास की अवधि में चित्रकूट में वास किया था। लंका विजय के उपरांत लौटते समय भी भगवान राम इनके आश्रम में रुके थे। भगवान राम के जीवन में ब्रह्मिर्ष अगस्त्य का भी विशेष महत्व है। ब्रह्मिर्ष अगस्त्य एक वैदिक ऋषि थे। रामायण के अनुसार, रावण के साथ युद्ध करते हुए जब राम थक जाते हैं और हताश होकर बैठ गए थे, तब ब्रह्मिर्ष अगस्त्य ने ही उनका हौसला बढ़ाया था।

भगवान श्रीराम ने अपने गुरुओं को प्रेरणास्त्रोत रखने के साथ ही अपने आदर्शों के माध्यम से भी हमें सिखाया है कि कैसे हमें अपने जीवन में सच्चाई और सही मार्ग का पालन करना चाहिए। उनका उदाहरण हमें यह सिखाता है कि चुनौतियों का सामना करते हुए भी हमें सही मार्ग पर चलना चाहिए और आदर्शों के प्रति निष्ठा बनाए रखनी चाहिए। हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके आदर्शों का पालन करेंगे और उनके द्वारा सिखाए गए मूल्यों को अपनी जिंदगी में अपनाएंगे। विपत्तियों का सामना करते हुए भी राम ने धरती पर आए रामलला का आभास दिलाया। उनके वचन सदा ही उनके भक्तों के दिलों में बसे रहते हैं।

रामलीला की कथाएं हमें उनके अद्वितीय चरित्र के प्रति आदर्श बनाती हैं और हमें सार्थक जीवन की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। श्रीराम ने अपने अनुयायियों को सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उनके वचन सत्य ही शिक्षक हैं, जिन्होंने अनगिनत लोगों के दिलों को छू लिया है। आज हम सभी भक्त श्रीराम जी की पूजा-अर्चना में लिपटे हुए हैं और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका संदेश हमें यह सिखाता है कि धरती पर आने का मतलब सत्य, न्याय और प्रेम का पालन करना है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के इस पवित्र अवसर पर हम सभी मिलकर श्रीराम के अद्वितीय चरित्र की महिमा को याद करते हुए उनके आदर्शों का पालन करने का संकल्प लेंगे। भगवान श्रीराम की कृपा हमें सदैव मिलती रहे। जय श्रीराम।

**- डॉ. अमित वर्मा,**
**मीडिया गुरु।**

# कड़ाके की ठंड से शहद का उत्पादन प्रभावित, मधुमक्खी पालक परेशान

## हाड़ कंपाने वाली ठंड का दौर निरंतर जारी रहने से शहद का उत्पादन घटा

**हनुमानगढ़,** (निसं)। कड़ाके की ठंड ने एक तरफ जहां आमजन को प्रभावित कर रखा है, वहीं मधुमक्खी पालक भी जाड़े की चपेट में आ गए हैं। क्योंकि हाड़ कंपाने वाली ठंड का दौर निरंतर जारी रहने से शहद का उत्पादन घट गया है। साथ ही पालकों को वाजिब दाम भी शहद के नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में क्षेत्र के मधुमक्खी पालकों में बहुत हताशा है।

मधुक्रांति बीफार्मर्स वेलफेयर सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष ढाणी अराईयान निवासी प्रकाशसिंह बादल ने बताया कि सरसों में फूलों की बहार के चलते यह शहद उत्पादन का सीजन है। मगर कड़ाके की ठंड मधुमक्खियों पर आफत बन टूट रही है। इसका खमियाजा मधुमक्खी पालकों को आर्थिक नुकसान के रूप में झेलना पड़ रहा है। बादल ने बताया कि उनके पास 450 मधुमक्खी बॉक्स हैं। सीजन में एक बॉक्स से तकरीबन 25 से 30 किलो शहद मिलता है। मगर इस बार मौसम का साथ नहीं मिलने से उत्पादन बमुश्किल 12 से 15 किलोग्राम ही होने के आसार हैं। धूप नहीं निकलने से मधुमक्खियां बाहर नहीं निकल पाती। यदि निकलती हैं तो सर्दी से मर जाती हैं। इससे शहद उत्पादन घटने के साथ-साथ उन्हें बॉक्स में ही कृत्रिम भोजन देना पड़ रहा है। इससे भी शहद उत्पादन का खर्च और बढ़ गया है। ठंड से मधुमक्खियों का मरना पालकों की अच्छे उत्पादन की उम्मीदों पर पानी फेर रहा है।

> ■ **ठंड से मधुमक्खियों का मरना पालकों की अच्छे उत्पादन की उम्मीदों पर पानी फेर रहा है**

मधुक्रांति बीफार्मर्स वेलफेयर सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने बताया कि मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस (एमईपी) लागू करने की गुहार केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र भेजकर लगाई है। मधुमक्खी पालकों का जीवन संकट से गुजर रहा है। इसका मुख्य कारण शहद उत्पादन का लागत मूल्य भी नहीं मिल पाना है। मौसम खराब होने के चलते शहद का उत्पादन लगभग 40 से 50 प्रतिशत तक कम हो रहा है। इसके कारण मधुमक्खी पालक आर्थिक रूप से परेशान हैं। यदि समय रहते हालात नहीं सुधरे तो प्रधानमंत्री की प्रिय योजना स्वीट क्रांति संकट में पड़ जाएगी।

उद्यान विभाग हनुमानगढ़ के निदेशक साहबराम गोदारा का कहना है कि मधुमक्खी पालकों की एमईपी से संबंधित मांग का पत्र मिला था। उनकी यह मांग उद्यान आयुक्तालय जयपुर के उच्च अधिकारियों तक पहुंचा दी है।

# दो विशेष ट्रेनों से जैसलमेर से अयोध्या जाएंगे रामभक्त

**जैसलमेर,** (निसं)। जैसलमेर के रामभक्तों को अयोध्या दर्शन के लिये दो विशेष ट्रेनों के माध्यम से दर्शन कराये जायेंगे जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है।

भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सारदा ने बताया कि भाजपा जिला संगठन ने आगामी सौ दिन के कार्यक्रम तय किये हैं जिसमें तीर्थ क्षेत्र स्वच्छता, श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, मतदाता सम्मेलन, गांव चलो अभियान, वाल पेंटिंग व अयोध्या दर्शन आदि कार्यक्रमों पर चर्चा कर जिम्मेदारी दी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का अयोध्या होने वाले सीधे प्रसारण का लाइव सभी मंडलों पर दिखाया जायेगा, 25 को मतदाता सम्मेलन का आयोजन सभी मंडलों में किया जायेगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। बाबूलाल शर्मा ने बताया कि बैठक में जिला उपाध्यक्ष हिम्मताराम चौधरी, करुणा कंवर राठौड़, शंभुदान भेलानी व स्वरूपसिंह भाटी, जिला महामंत्री सुशील व्यास, सवाईसिंह गोगली व दलपत हिंगड़ा, जिलामंत्री उम्मेदसिंह सोढा, कंवराजसिंह चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष उदयसिंह भाटी, ओबीसी मोर्चा खीमाराम सुथार, एससी मोर्चा के मुकेश पंवार, मण्डलअध्यक्ष अरुण पुरोहित, ओम छत्रैल, लक्ष्मणसिंह सुल्ताना, गिरधरसिंह कपूरिया, शिवदानसिंह देवीकोट, पदमसिंह, सह कोषाध्यक्ष संजय आचार्य, पुरुषोत्तम भार्गव आदि उपस्थित रहे।

# बीकानेर में सीजन की सबसे ठंडी रात

**बीकानेर,** (निसं)। बीती रात यहां इस सीजन की सबसे ठंडी रात गुजरी है। माउंट आबू के बाद बीकानेर शहर दूसरा सबसे ठंडा शहर रहा। बीकानेर में बीती रात को न्यूनतम तापमान लुढककर 2.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो कि बीकानेर में इस सीजन का सबसे न्यूनतम तापमान रहा है। इससे पूर्व में बीकानेर में 5 जनवरी को रात का न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस रहा है। बीकानेर में कोहरे व शीतलहर के प्रकोप के चलते कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है।

# समर्थन मूल्य को वैधानिक मान्यता कब मिलेगी!

**केन्द्र** ने साल 2016 में डीफआई कमेटी का गठन किया और साल 2018 में प्रधानमंत्री मोदी ने एक रैली में देशभर के किसानों की आय दुगुनी करने की घोषणा की। देश में माहौल बनाया गया आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मानों किसानों का कायाकल्प होने वाला हो। एक तरफ आमदनी दुगुनी करने के किसानों को सब्जबाग दिखाये जा रहे थे तो दूसरी तरफ पिछले दरवाजे से 3 कृषि कानून लाकर लागू करने की तैयारी हो रही थी। एक देश एक मण्डी के नाम पर बड़ा इवेंट बनाया गया। लेकिन किसानों ने सहजता से भांप लिया जमाखोरी की बंदिशें हटाकर और कांट्रेक्ट फार्मिंग के जरीये सरकार कॉरपोंट के हाथों में खेती सौंपने की तैयारी कर रही है। देश में लम्बे समय तक चलने वाला बड़ा किसान आदोलन हुआ किसानों के अथक और अडिग इरादों के आगे केन्द्र को युपी चुनाव सामने देख पीछे हटना पड़ा और किसान संगठनों और सरकार के बीच एमएसपी गारंटी, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने आदि का समझौता करने और माफी मांगने पर प्रधानमंत्री को विवश होना पड़ा। लेकिन उक्त समझौते को लम्बा समय गुजर गया है लेकिन केन्द्र ने अभी तक इसे लागु नहीं किया है। जिसको लेकर किसान संगठन पुन: आदोलन के लिए सक्रिय हो रहे हैं।

आमदनी दुगुनी करने के दावे का सच जानने के लिए केन्द्र सरकार के संसद में दिये गये सवालों के जवाबों को टटोलने की आवश्यकता है। 23 जुलाई 2021 को राज्यसभा में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से सवाल पूछा गया। जिसके लिखित जवाब में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि वर्ष 2015-16 में किसानों अनुमानित औसत आय 96,703 रुपये वार्षिक है। इस हिसाब से किसानों की मासिक औसत आय 8,058 रुपये हुई। इस मासिक आय के आधार पर सरकार के वायदे और टारगेट के अनुसार वर्ष 2022 में किसानों की मासिक आय 16,116 रुपये हो जानी चाहिये थी। तो क्या ऐसा हो चुका है?

16 दिसंबर 2022 को राज्यसभा में किसानों की आय के बारे में कृषि मंत्रालय से पुन: सवाल पूछा गया। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने जिसका लिखित जवाब दिया है। जिसके अनुसार देश के किसान की मासिक औसत आय 10,218 रुपये है। 5 साल में मात्र 2160 रूपये आमदनी बढी यानी मोदी सरकार का आमदनी दुगनी करने का वादा जुमला साबित हुआ। अभी हाल ही में संसदीय कमेटी की एक रिपोर्ट में बताया गया है की केंद्र सरकार के घोषित कृषि बजट में से 1 लाख करोड़ रुपए सरकार ने सरेंडर कर दिए हैं, यानी सरकार ने कृषि पर खर्च करना जरूरी नहीं समझा। आज से 4 वर्ष पूर्व कुल बजट का कृषि क्षेत्र पर खर्च होने वाला हिस्सा 4.41 प्रतिशत था वह अब घटकर 2.57 प्रतिशत रह गया है इससे सपष्ट वर्णीत होता है केन्द्र सरकार की विषय वस्तु से खेती साल दर साल औझल होती जा रही है। इसका मुख्य कारण है तकरीबन 65 करोड़ की आबादी कृषक वर्ग की है जो खेती के मुद्दे जैसे फसलों के भाव, सिंचाई पानी, खाद-बीज, बिजली पानी आदि की समस्याओं को एक बड़े एक आकार के रूप में प्रस्तुत करने की बजाय बंट जाती है और इवीएम पर वोट करने जाते वक्त अपने आपको वोट बैंक के रूप में प्रस्तुत नहीं कर पा रही है। जिसके चलते राजनीतिक दलों में कृषक वोट बैंक के प्रति या कृषि से संबंधित मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता दिन प्रतिदिन घटती जा रही है। यदि किसान समय रहते हुए अपने हक और अधिकारों के प्रति सचेत नहीं हुआ तो खेती के मुद्दे राजनैतिक पटल पर अपनी प्रासंसिगता खो देगें। विभिन्न किसान संगठन एमएसपी का कानूनी अधिकार चाहतें हैं लेकिन क्या ये चाहने भर से मिल जायेगा। हां ये सच्चाई जरूर है एमएसपी न तो सभी फसलों पर मिल रही है और न ही सभी किसानों को मिल रही है। लगभग 80 फीसदी किसान एमएसपी से वंचित रहते हैं।

किसानों की प्रगति फसलों के उत्पादन और भाव पर टिकी है जीवन की संघर्षपूर्ण दौड़ में उसे अपनी यह दोनों टांगें मजबूत करनी ही पड़ेगी नहीं तो वह पिछड़ जाएगा। फसलों के वाजिब भाव सर्मथन मुल्य का कानूनी अधिकार मिले बिना मिलना संभव नहीं है। एमएसपी गारंटी कानून का मतलब यह नहीं की किसानों की सभी फसलें सरकार ही खरीदें चाहें आढतिये हो या अन्य खरीददार हों बाजार में वो जब भी समर्थन मुल्य से नीचे खरीदें तो सरकार उसमें दखलअंदाजी करे और सर्मथन मुल्य पर खरीद सुनिश्चित करें। ऐसी व्यवस्था को वैधानिक मान्यता तभी संभव है जब खेतिहर वर्ग खेती की प्रासंगिकता को राजनैतिक रूप से प्रकट करने में निपुणता हासिल करें और बिना बंटे अपने अधिकारों को पाना ही राष्ट्र सेवा समझे।

**- सुचित्रा आर्य,**
**पूर्व विधायक एवं**
**पूर्व उपाध्यक्ष राजस्थान**
**कृषि उद्योग विकास बोर्ड।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### शनिवार 20 जनवरी 2024

**पौष मास शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, विक्रम सम्वत 2080, कृत्तिका नक्षत्र रात्रि 3.09 तक, शुभ योग दिन 11.06 तक, तैतिल करण प्रात: 7.39 तक, चन्द्रमा आज प्रात: वृष राशि में संचार करेगा।**

**ग्रह स्थिति - सूर्य-मकर, चन्द्रमा-वृष, मंगल-धनु, बुध-धनु, गुरु-मेष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में संचार करेगा।**

**आज रवियोग रात्रि 3.09 तक है। सवार्थ सिद्धि योग रात्रि 3.04 से सूर्योदय तक है। आज सूर्य पूजा और शाम्ब दशमी है।**

**श्रेष्ठ चौघडिया - शुभ 8.40 से 9.59 तक, चर - 12.38 से 1.57 तक, लाभ-अमृत 1.57 से 4.35 तक।**

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। चलते कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नौकरी पैशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। परिवार में वाद-विवाद बड सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। परिवार में अथितियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में अथितियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

**मकर**
घर-पारिवार में सुख-सुविधाएं बडेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह संपन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है।

**कुंभ**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बडेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। अथितियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाये रखना ठीक रहेगा।

# राजपाल ने दो विधेयकों को कमियों के चलते लौटाया

- जोधपुर के व्यास विद्यापीठ विश्वविद्यालय और करौली के सौरभ विश्वविद्यालय की जांच रिपोर्ट में विश्वविद्यालय प्रबंध समिति और जांच समितियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं
- जांच समिति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और न्यायिक जांच के आदेश भी दिये हैं

**जयपुर,** (वि.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने गहलोत सरकार के समय विधानसभा में पारित दो विश्वविद्यालय जोधपुर के व्यास विद्यापीठ विश्वविद्यालय और करौली का सौरभ विश्वविद्यालय के विधेयक को विभिन्न प्रकार की कमियों और आपत्तियों के साथ वापस लौटा दिया है। उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट में विश्वविद्यालय प्रबंध समिति और जांच समितियां के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं।

राज्यपाल ने जांच समिति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और न्यायिक जांच करने के आदेश भी दिए हैं। शुक्रवार को राज्यपाल अभिभाषण के बाद सदन में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इन दोनों विश्वविद्यालय विधेयक की जानकारी राज्यपाल के संदेश के माध्यम से विधायकों को दी।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल कलराज मिश्र ने दोनों विश्वविद्यालय के पारित विधेयक के बाद उनके पास मंजूरी देने का प्रस्ताव गया तो उन्होंने जोधपुर के व्यास विद्यापीठ विश्वविद्यालय और करौली का सौरभ विश्वविद्यालय दोनों विश्वविद्यालयों की जांच कराई तो आश्चर्यजनक कमियां सामने आई हैं। उन्होंने अपने संदेश में विधायकों से कहा कि विधेयक में जिन प्रावधानों का जिक्र किया है, धरातल पर वह नहीं पाए गए हैं। जबकि सरकार द्वारा गठित जांच समितियां ने बिना तथ्यों की जांच करें ही विश्वविद्यालयों के रिपोर्ट पक्ष में दे दी गई है जो कि गलत है।

उन्होंने दोनों विश्वविद्यालयों के विधेयकों को कड़ी आपत्ति जताते हुए कहां है कि विश्वविद्यालय की भूमि और भवन को लेकर अनियमितताएं है। दोनों विश्वविद्यालयों की न्यायिक जांच भी कराई जाएगी।

इसके अलावा जहां समिति के खिलाफ भी करवाई होनी चाहिए। अब राज्यपाल कलराज मिश्र ने जोधपुर के व्यास विद्यापीठ विश्वविद्यालय और करौली का सौरभ विश्वविद्यालय के विधेयक पुनर्विचार के लिए विधानसभा को वापस भेजा दिया है।

## सांसद बोहरा ने की मंदिरों में सफाई

**जयपुर।** सांसद रामचरण बोहरा ने स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत चांदपोल से लेकर छोटी चौपड़ के मध्य स्थित मंदिरों साफ-सफाई की। सांसद बोहरा ने परकोटे वाले गणेश मंदिर से सफाई अभियान प्रारंभ किया, इसके बाद चांदपोल हनुमान जी मंदिर, रामचंद्र जी मंदिर, कल्याण जी मंदिर, शनिदेव मंदिर एवं रोजगारेश्वर महादेव मंदिर में स्वच्छता की।

इस दौरान सांसद बोहरा ने स्थानीय व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों के बाहर स्वच्छता रखने का आग्रह किया। सांसद बोहरा ने वोकल फ़ॉर लोकल का संदेश देते हुए कार्यकर्ताओं को मिट्टी के दीपक भी वितरित किए। सांसद बोहरा ने कहा कि बड़े हर्ष का विषय हैं भारत वासियों की वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है 22 जनवरी को अयोध्या में रामलाल के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है।

# नौजवानों की बात क्रूरतापूर्वक दबाना गलत : पायलट



कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट शुक्रवार को जयपुर में युवा मित्रों के धरने पर पहुंचे और उनकी मांगों का समर्थन किया।

**जयपुर,** (का.प्र.)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट शुक्रवार को जयपुर में युवा मित्रों के धरने पर पहुंचे और उनकी मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि नई नौकरियां देने के बजाए सरकार युवाओं से नौकरी छीन रही है। इससे युवाओं में गलत संदेश जाएगा।

पायलट ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने की बात भाजपा और केंद्र सरकार करती है, लेकिन जिन लोगों को रोजगार मिला हुआ था, उन्हें बेरोजगार किया गया है। किसी एक नाम से आपको परहेज है, उसका नाम बदलना चाहते हैं, उसके नियमों और शर्तों में बदलाव करना चाहते हैं, तो चर्चा करें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन पढ़े-लिखे शिक्षित नौजवान जिनको पहले से रोजगार मिला हुआ है, उनसे आप रोजगार छीन लें, यह गलत है। पायलट ने कहा कि इतने दिनों से ये लोग धरने पर बैठे हैं। सरकार को आगे आकर चर्चा करनी चाहिए। मेरा इतना ही निवेदन है कि अगर आप और नौकरी नहीं दे पा रहे हैं, तो कम से कम जिनको हमने नौकरी दी थी, उनको द्वेषतापूर्ण कार्रवाई करते हुए नौकरियों को खत्म तो मत कीजिए, इससे नौजवानों के बीच गलत संदेश जाएगा। सरकार को अपना विवेक इस्तेमाल करके फैसला लेना चाहिए और इनकी नौकरी बहाल करनी चाहिए।

पायलट ने कहा कि जिन लोगों की नौकरी गई है, उनमें महिलाएं भी हैं, नौजवान भी हैं। ये लोग यहां सर्दी में धरने पर बैठे हैं, इनकी मांग भी वाजिब है। सरकार बदलते ही बिना वजह इनकी नौकरी खत्म कर दी गई। जनता ने जनादेश दिया है और नई सरकार बनी है, ऐसे में सरकार को तो और अच्छे काम करने चाहिए।

पायलट ने कहा कि अगर योजना के नाम को लेकर कोई परेशानी है तो बात कीजिए। मुझे नहीं लगता कि सिर्फ नाम के आधार पर नौकरियां देने या लेने का काम होगा। इसमें कुछ योग्यताएं हैं। शैक्षिणक योग्यता और क्राइटेरिया है। अगर कोई कमी थी तो चर्चा करें। इतने दिनों से ये युवा अपनी बहाली की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही है।

# एस.ओ.जी. ने पेपर लीक मामले में कई जगह की छापेमारी

- सूचना सहायक एग्जाम में नकल रोकने की लिए सख्ती, 150 आरोपियों पर लिया एक्शन

**जयपुर।** प्रदेश के अलग-अलग शहरों में एसओजी ने शुक्रवार को छापेमारी की है। एसओजी ने पेपर लीक मामले में वांटेड 150 आरोपियों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की है। छापेमारी का मुख्य मकसद 21 जनवरी को होने वाली सूचना सहायक एग्जाम में नकल रोकने की लिए सख्ती है। सूत्रों की मानें तो कुछ संदिग्धों को राउंड अप किया गया है।

एसओजी के एडीजी वीके सिंह व डीआईजी योगेश यादव के निर्देश में दौसा, करौली, भरतपुर, अलवर और गंगापुर सहित कई जगहों पर कार्रवाई की गई। पहले की सरकार के दौरान हुए पेपर लीक प्रकरणों में एसओजी कार्रवाई कर रही है। एसओजी ने सभी 150 आरोपियों की लिस्ट भी बनाई थी। जो सभी जिलों के एसपी को भेजी गई है।

राजस्थान में 21 जनवरी को सूचना सहायक का एग्जाम है। जयपुर, भरतपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर, उदयपुर और अजमेर सेंटर पर एग्जाम होनी है। इसलिए पेपर लीक, नकल, डमी कैंडिडेट मामले में बेल पर जेल से बाहर आए बदमाशों की भी जांच की जा रही है। इसके चलते वे एग्जाम सेंटर के आस-पास भी वह नजर नहीं आ सके।

वहीं, एसओजी के एडिशनल एसपी नरेन्द्र मीना के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को दौसा जिले के महुवा क्षेत्र में दबिश दी। यहां सालिमपुर गांव में भी पेपर लीक से जुड़े एक संदिग्ध की तलाश में दबिश दी।

## 'राष्ट्रीय स्वत्व के लिए संघर्ष' पुस्तक का विमोचन

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि स्व का जनजागरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की कल्पना को साकार करने के लिए देश प्रथम की भावना जागृत करनी होगी। भारतीय संस्कृति को घर-घर में लाना होगा। उन्होंने लोगों का आवहान किया कि सुप्रभात के उच्चारण से स्व की भावना का आरम्भ करे। इसके साथ ही धीरे-धीरे हर क्षेत्र में राष्ट्रीयता की भावना को जगाने के लिए सभी मिल-जुलकर प्रयास करे। परिवारों को संयुक्त रखकर हम राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे सकते है।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी शुक्रवार को यहां स्वास्थ्य कल्याण कॉलेज और पैरामेडिकल टेक्नोलॉजी के सभागार में प्रज्ञा प्रवाह जयपुर प्रांत द्वारा आयोजित सार्थक संवाद के तहत देश राग के तहत जे. नंदकुमार की पुस्तक राष्ट्रीय स्वत्व के लिए संघर्ष के विमोचन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।देवनानी ने कहा कि स्व को खत्म करने से व्यक्ति गुलामी की दिशा में बढने लगता है। भारत की संस्कृति महान है। महापुरूष, वीर और वीरांगनाओं के जीवनी को उन्होंने पाठयक्रमों में जुडवाया। अकबर महान को हटवाकर महाराणा प्रताप महान के पाठ को पाठयक्रम में जुडवाया।

# दस लाख रुपए की घूसखोरी में सी.जी.एस.टी.का निरीक्षक पकड़ा

**जयपुर।** सीबीआई ने दस लाख रुपए की घूसखोरी में निरीक्षक, सीजीएसटी, जयपुर एवं दो निजी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने एक शिकायत के आधार पर निरीक्षक, सीजीएसटी, जयपुर एवं अन्य लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। यह आरोप है कि आरोपी सीजीएसटी, जयपुर में लंबित एक मामले को सुलझाने के लिए दस लाख रुपए रिश्वत की मांग कर रहे थे। इस पर सीबीआई ने जाल बिछाया एवं मध्यस्थ व्यक्ति को निरीक्षक (वर्तमान में निवारक अधिकारी/ , जयपुर के रूप में कार्यरत) की ओर से दस लाख रुपए की रिश्वत स्वीकार करने के दौरान पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष अदालत, सीबीआई, जोधपुर के समक्ष पेश किया जाएगा।

## तीन विधायकों ने ली सदस्यता की शपथ

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में तीन नवनिर्वाचित विधायकों ने शुक्रवार को विधानसभा सदस्य के रूप में संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्यों के श्रद्धापूर्वक निर्वहन की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नवनिर्वाचित विधायक जगतसिंह, महेन्द्रजीत सिंह मालवीया और रुपिन्द्र सिंह कुन्नर (करणपुर) को सदस्यता की शपथ दिलाई।

# आर.पी.एस.सी. भंग करने की मांग पर बेनीवाल वेल में आये

- हंगामे के बीच राज्यपाल पढ़ते रहे अभिभाषण

**जयपुर,** (वि.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र के अभिभाषण के साथ ही 16वीं विधानसभा के पहले सत्र का आगाज हो गया। वर्तमान सरकार के पहले सत्र की शुरूआत हंगामे के साथ हुई। राज्यपाल हंगामे के बीच अभिभाषण पढ़ते रहे।

अभिभाषण के दौरान आरएलपी के एक मात्र विधायक हनुमान बेनीवाल आरपीएससी को भंग करने की मांग को लेकर वेल में आ गए और नारेबाजी करने लगे। हनुमान बेनीवाल ने आरपीएसी को भंग करने की मांग उठाई और करते हुए हंगामा किया। बेनीवाल हाथों में पोस्टर लेकर लहराते नजर आए। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और बेनीवाल के बीच तकरार भी हुई। इसके बाद बेनीवाल वेल में आ गए और विरोध करने लगे। हनुमान बेनीवाल ने सत्र शुरू होने से पहले ही सरकार पर आरपीएससी को लेकर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए सर्वदलीय बैठक का बहिष्कार भी किया था। बेनीवाल ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले भ्रष्टाचार की जननी बन चुकी आरपीएससी को भंग करने की बात कही थी, लेकिन सत्ता संभालने के बाद इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया।

हंगामे के बीच राज्यपाल ने अभिभाषण पढ़ना जारी रखा। राज्यपाल ने अभिभाषण पढ़ते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के 5 साल के कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ। हमारी सरकार इस भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाएगी। इसके लिए सीबीआई को राजस्थान में अनुसंधान की छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कार्यों की हम समीक्षा करेंगे। इसके लिए कमेटी बनेगी, जो अपनी रिपोर्ट 3 महीने में मुख्यमंत्री को सौंपेगी। इस दौरान उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को भी दोहराया और सरकार के आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यों का लेखा जोखा पेश किया।

## विधानसभा में हुई शोकाभिव्यक्ति

**जयपुर,** (वि.सं.)। सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के प्रथम सत्र में शुक्रवार को सदन ने पिछले दिनों दिवंगत विशिष्टजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा। देवनानी ने शोक प्रस्ताव रखते हुए दिवंगत विशिष्टजनों पूर्व राज्यपाल स्व. नवरंग लाल टिबरेवाल, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्व. राम सिंह यादव, पूर्व राज्यमंत्री स्व. गुरमीत सिंह कुन्नर, पूर्व राज्यमंत्री स्व. शशी दत्त, पूर्व विधायक स्व. कैलाश चन्द भंसाली एवं स्व. डॉ. रामराय शर्मा द्वारा राजनीतिक, सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में दी गई सराहनीय सेवाओं का उल्लेख किया।


**तीये की बैठक**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री यमुना प्रसाद शर्मा**

सुपुत्र स्व. श्री खेम चंद्र शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 18 जनवरी 2024 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक शनिवार दिनांक 20 जनवरी 2024 को सांय 3:30 से 4:30 बजे तक हनुमान पार्क, रावत पब्लिक स्कूल के सामने, विवेक विहार, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर पर रखी गई है।

**शोकाकुल**- लक्ष्मी देवी (धर्मपत्नी), मदन लाल शर्मा, परमानन्द शर्मा, महेन्द्र (भतीजे), नरोत्तम शर्मा- रेखा, यशवन्त- गुन्जन (पुत्र- पुत्रवधू), सरोज शर्मा- हरिमोहन जी (पुत्री-दामाद), भव्य कौशिक, बलराम कौशिक (पौत्र), करिश्मा, मन्नू (पौत्री)।

मो. 9829240404, 9829210404



**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# एकजुट होकर सदन में सरकार को घेरेगी कांग्रेस

- विधायक दल की बैठक में जूली, डोटासरा, पायलट का हुआ स्वागत

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा के शुक्रवार से शुरू हुए सत्र के पहले दिन ना पक्ष लॉबी में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में नेता प्रतिपक्ष बनाए गए टीकाराम जूली, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर फिर से मनोनीत हुए गोविंद सिंह डोटासरा और छत्तीसगढ़ के प्रभारी बने सचिन पायलट सहित राजस्थान के फिर से प्रभारी बनने पर सुखजिंदर सिंह रंधावा का स्वागत किया गया।

विधायक दल की पहली औपचारिक बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान विधानसभा में पार्टी का कोई भी विधायक मुद्दा उठाए, उससे पहले सामूहिक रूप से उस पर चर्चा कर ले, ताकि मुद्दे के बारे में साथी विधायकों को जानकारी हो। सामूहिक रूप से यदि कोई मुद्दा उठाया जाता है, तो सरकार पर दबाव बनता है।

इसी के साथ डोटासरा ने कहा कि जो नए विधायक हैं और पहली बार जीतकर आए हैं, जिन्हें सदन के बारे में और नियम तथा परंपराओं के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, जरूरत पड़ने पर उन्हें प्रशिक्षण शिविर के जरिए जानकारी दी जाएगी।

प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सदन में कांग्रेस के सभी विधायकों को एकजुट रहना होगा तथा सरकार को घेरने के लिए जिस भी मुद्दे की बात हो, उस पर एकजुटता के साथ सभी को अपना मत रखना चाहिए।

## व्याख्याता भर्ती के खाली पद नहीं भरने पर मांगा जवाब

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्कूल व्याख्याता भर्ती-2018 के खाली पदों को नहीं भरने पर शिक्षा सचिव, माध्यमिक शिक्षा निदेशक और आरपीएससी सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश प्रियंका सोलंकी की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि क्यों ना प्रतिक्षा सूची से खाली चल रहे पदों को भरने के संबंध में निर्देश जारी कर दिए जाए।

## मतदान केंद्रों पर 21 जनवरी को होगा विशेष अभियान

**जयपुर,** (का.सं.)। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एकीकृत फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 6 जनवरी को किया जा चुका है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि प्रारूप पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए 21 जनवरी को मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत बीएलओ पूरे दिन मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे। उल्लेखनीय है कि 7 जनवरी को भी मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि 20 जनवरी को मतदाता सूचियों के संबंधित भाग की प्रविष्टियों का ग्राम सभा/स्थानीय निकाय एवं आवासीय वेलफेयर सोसायटी के साथ बैठक आयोजित कर पठन एवं सत्यापन होगा। 2 फरवरी तक दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा साथ ही 8 फरवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। एनवीएसपी पोर्टल के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन हेतु आनलाईन आवेदन कर सकते हैं।


**पंचम पुण्यतिथि**

**श्री कैलाश चन्द बैद**

वरिष्ठ पत्रकार एवं राजस्थान की प्रथम विज्ञापन एजेन्सी के संस्थापक (पुत्र स्व. श्री मदनलाल जी जैन बैद, बडियाल वाले)



आपकी सीख वो छाँव है, जिसमें सदैव सुकून का अहसास और आपके स्नेह का आभास है ! आप हमारी यादों में हमेशा अमर है । शत् शत् नमन...

श्रद्धानवत

राजकुमार-राजकुमारी बैद, आशीष-डॉ. शिप्रा बैद (पुत्र-पुत्रवधू), डॉ. रिया (पौत्री), गौतम, हार्दिक, तनिष्क (पौत्र), तारा-देवेन्द्र बाकलीवाल, अन्जना-कमल बड़जात्या (पुत्री-दामाद), कोविद-निधी बाकलीवाल(दोहिता-वधू), परिधि-सौरभ बिलाला (दोहिती-दामाद), सलोनी (दोहिती) एवं समस्त बैद परिवार बडियाल वाले

रिषभ एडवरटाईजिंग एजेन्सी
राजस्थान एडवरटाईजिंग एजेन्सी
ऑफिस : एस.21, सरदार भवन, बापू नगर, जयपुर

निवास : 10 बी/1 वसुन्धरा कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर. 50, राजविला, सोनाबाडी, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर.



राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः15658 **जाहिर आम-सूचना** दि.:19.01.2024

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 64/295 (EWS), (एरिया 36.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री अशोक कुमार भाटा पुत्र श्री ज्ञान चन्द भाटा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4384 दिनांक 06.06.1994 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 1408 दिनांक 31.03.1995 को जारी किया गया। श्रीमती सविता श्रीवास्तव पत्नी श्री अनुप श्रीवास्तव के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 2182/80 दिनांक 12.04.2018 के द्वारा किया गया। श्रीमती सविता श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 27.04.2021 को हो जाने के कारण इनकी पुत्रवधु श्रीमती अल्का खरे पत्नी प्रियंक श्रीवास्तव द्वारा उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपति नही हैं, श्रीमती अल्का खरे पत्नी प्रियंक श्रीवास्तव का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री नन्द किशोर शर्मा पुत्र स्व. श्री सेडूराम शर्मा, निवासी-4/289, विद्याधर नगर, जयपुर की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य का छोटा पुत्र अमित शर्मा पुत्र नन्द किशोर शर्मा, निवासीः-4/289, विद्याधर नगर, जयपुर का चाल चलन, आचरण खराब होने एवं गतिविधिया अनुचित होने के कारण अमित ना तो मेरे अभिभाष्य और ना ही परिवार के किसी सदस्य के कहने में होने से मेरा अभिभाष्य अपने उक्त पुत्र अमित को अपने स्वामित्व की समस्त चल अचल सम्पत्तियो से बेदखल करता है। आज के उपरान्त भविष्य में अमित व उसके उत्तराधिकारी मेरे अभिभाष्य के स्वामित्व की सम्पत्ति में किसी प्रकार का कोई विधिक अधिकार नही रहेगा। अमित के द्वारा मेरे अभिभाष्य के नाम का या सन्दर्भ अथवा उसके स्वामित्व की सम्पत्ति का उपयोग कर किये गये किसी भी कार्य अथवा समव्यवहार के लिए मेरा अभिभाष्य जिम्मेदार नही रहेगा। सूचित रहे।

जयपुर (मनोज कुमार शर्मा) एडवोकेट
दिनांक-18/1/24 मो.9314671259, 9414373259

**Kershasp Mehta Law Partners LLP**
**General Notice**

16th January 2024

Investors and public at large are hereby notified that **Archway Projects** (hereinafter referred to as The Firm) having its Corporate Office:- Village Bichoon, Tehsil Mojmabad, District Dudu 303008 is **open** for fresh investors willing to invest in Villas and Farmhouses along with **exit option** for existing investors. The firm is in the process of refunding the investors who have opted out of the project invoking the refund policy vide their respective agreements signed between the parties. The Firm through **exit option** is open to investors who are willing to withdraw, or are not interested, and/or are not able to repay dues within the next 15 days. The exiting investors are required to sign a cancellation deed, in order to relinquish their rights over the project including the pieces of land provisionally allotted. Last date of application for refunds is 5th of February 2024. Investors willing to exit may mail refund application via email at (umrav.singhagam@gmail.com) along with clear scan of payment receipts with their respective copy of agreements.

Sincerely, Umrav Singh,
Partner, Archway Projects

**खोया पाया**

मेरे आवास (सी-95, डॉ राजेन्द्र प्रसाद नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर) के मूल दस्तावेज सोसायटी पट्टा, साईट प्लान, रसीद (अशोक कुमार नाम से संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा जारी है), मुख्यतारनामा (अशोक कुमार द्वारा कैलाश चन्द यादव के नाम है), खो गये है मिलने पर सूचित करें आरती यादव 9828024275

जगदीश सिंह पुत्र हरिसिंह मेरे प्रॉपर्टी पेपर कालवाड़ मे कहीं गिर चुके है मेरा पता प्लॉट नबर 279 राहुल सिटी कालवाड़ रोड कालवाड जयपुर जिस किसी को मिले तो मेरे मोबाइल नबर 6367335323 पर सम्पर्क करे

मेरा प्लॉट नं. एफ-33, महल विस्तार योजना, जगतपुरा, जयपुर का अलॉटमेंट लेटर जिसका क्रमांक- 2364 दिनांकित 18.05.2015 जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया था जो कि घर से जेडीए ऑफिस जाते समय रास्ते में कहीं गिर गया जो की बहुत तलाशने पर भी नहीं मिल पाया है। 9314191525

**घोषण पत्र**

मैं उषा माथुर पत्नि श्री कैलाश लाल माथुर, उम्र 66 वर्ष, जाति कायस्थ निवासी फ्लेट नं. एस-2 (3 बीएचके) मय पार्किंग संख्या एस-2, द्वितीय मंजिल, प्लाट नं. 166, टोंक फाटक बरकत नगर, जयपुर सशपथ घोषणा करती हूँ कि :- 1. यह कि मेरे मालिकाना हक एवं अधिपत्य का एक फ्लेट नं. एस-2, (3बीएचके) मय पार्किंग संख्या एस-2, द्वितीय मंजिल, प्लाट नं. 166, टोंक फाटक बरकत नगर, जयपुर स्थित है। जिसमें मैं और मेरे पति निवास करते हैं। 2. यह कि मेरा बेटा सुधांश माथुर एवं इसकी पत्नी श्रीमति अवनी माथुर पुत्री श्री अश्वनी माथुर के झगड़े की वजह से हमारा जीना दूभर हो गया है। बहु बेटे को हमने कई बार समझाया लेकिन दोनों मेरी बात नहीं सुनते और मुझे भी भला बुरा कहते हैं। 3. यह कि जिस प्लाट में मैं निवास कर रही हूँ मेरी स्वयं की खरीदशुदा मिलकीयत है। 4. यह कि मैं मेरे बहु बेटे के झगड़े से तंग आ गयी हूँ और उन दोनों को मैं अपनी सम्पत्ति फ्लेट नं. एस-2 (3 बीएचके) मय पार्किंग संख्या एस-2, द्वितीय मंजिल, प्लाट नं. 166, टोंक फाटक बरकत नगर, जयपुर से दोनों को बेदखल करने की घोषणा करती हूँ। भविष्य में इस प्लाट पर मेरे बहु एवं बेटे का कोई अधिकार नहीं होगा। मैं जिसे चाहूं उक्त मिलकियत को हस्तान्तरण, दान कर सकती हूँ। जिसमें मेरे बहु बेटों का कोई हस्तक्षेप नहीं रहेगा। अतः मैं आज दिनांक 19.01.2024 को यह घोषण पत्र अपनी राजी-खुशी, स्वस्थ चित्त, बिना किसी जोर दबा के आलेखित कर रही हूँ ताकि वक्त जरुरत काम आवे।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक/सं0 एव दू0स0, उ0प0रे0 जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखितकार्य के लिए खुली ई-निविदा का ऑनलाईन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। **ई-टेण्डर नोटिस नं0 एसएनटी -जेपी-36-2023-24, दिनांक - 19.01.2024. 1. कार्य का नाम व लोकेशनः**"जयपुर मंडल के जयपुर-मदार खंड में पीआरसीसी पिलर, पीआरसीसी पैनल बाउंड्री वॉल, डब्ल्यू बीम क्रेश बेरियर फेंन्सिंग एवं आरसीसी बॉक्स साइज़ 2.5 मीटर x 2.5 मीटर द्वारा निर्मित पैदल यात्री सब वे (कुल 14) बनाने के संबंध में सिगनलिंग एवं दूरसंचार कार्य।"**2. अनुमानित लागतः** ₹2,45,83,759.4/- **3. धरोहर राशि रूपयेः** ₹2,72,900.00/- **4. वेबसाइट पर टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समयः** 12.02.2024 समय 15.00 बजे तक। **5. वेबसाइट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशनः www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड लोकेशन मं0रे0प्र0 कार्यालय, पावर हाउसरोड जयपुर। 81-AC/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**नाम परिवर्तन**

मैं, जतिन बाजपेई, मेरे पासपोर्ट (S2132983) में मेरी पूर्व पत्नी का नाम अंकिता बाजपेई दर्ज है एवं अन्य सभी दस्तावेजों में उसका नाम अंकिता चौबे है। उक्त दोनों नाम मेरी पूर्व पत्नी के स्वयं के है एवं उसे उक्त दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है।

मैंने अपना नाम अमीनुदिन पिता अली मुदिन माता हमीदा बैगम से बदलकर अमीनुदीन कागजी पिता अलीमुदीन कागजी माता हमीदा कागजी निवासी 30- कागज़ी कॉलोनी चमन कॉलोनी कांटे के पास सांगानेर जयपुर रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना जावे।

मैं हजरुद्दीन पुत्र खुर्शीद बिसायती निवासी किशनगढ रेनवाल का हूं। मेरे पासपोर्ट संख्या V2712503 में मेरी पत्नि का नाम Pirose Bano दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में Piroj Bano दर्ज है। अतः मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

I No.14928668M HAV Suresh Chandra Jana who is father of Suchishmita Jana presently R/O Vill- Chaknaruj, Post- Chakbhabani, Teh- Egra, Dist- Purba Medinipur, State-West Bengal, Pincode-721440 declare that I have change my daughter name from Suchishmita Jana to Suchismita Jana for all purposes vide affidavit BS336451 Date 12 January 2024.

I No.14928668m HAV Suresh Chandra Jana who is father of Tusar Chandra Jana presently R/O Vill- Chaknaruj, Post- Chakbhabani, Teh- Egra, Dist- West Bengal, Pincode- 721440 declare that I have change my son name Tusar Chandra Jana to Tushar Chandra Jana for all purposes vide affidavit BS336452 Date 12 January 2024.

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली
अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय श्रीमान अपर जिला व सत्र न्यायाधीश क्रम 11 स्थान सांगानेर
जयपुर महानगर प्रथम
महेश विरूद्ध आकाश लुहाडिया व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र 57/23
प्रार्थना-पत्र संख्या CS (CMC

नाम उर्मिला अग्रवाल पत्नी सतीश कुमार अग्रवाल जाति महाजन पता 268 गायत्री नगर प्रथम दुर्गापुरा जयपुर

उक्त..... ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 31 माह 01 सन् 2024 को 10 AM पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता.17 माह 01 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-11 जयपुर महानगर प्रथम मुख्यालय, सांगानेर
मोहर अदालत

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली
अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय श्रीमान अपर जिला व सत्र न्यायाधीश क्रम 11 स्थान सांगानेर
जयपुर महानगर प्रथम
महेश विरूद्ध आकाश लुहाडिया व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र 58/23
प्रार्थना-पत्र संख्या TI (CMC

नाम उर्मिला अग्रवाल पत्नी श्री सतीश कुमार अग्रवाल जाति महाजन पता 268 गायत्री नगर प्रथम दुर्गापुरा जयपुर

उक्त..... ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 31 माह 01 सन् 2024 को 10 AM पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता.17 माह 01 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-11 जयपुर महानगर प्रथम मुख्यालय, सांगानेर
मोहर अदालत

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 255/22
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम कपिल गोयल पुत्र श्री रामस्वरूप गुप्ता जाति...
विवाद स्थान सी-10 रोड नं.11 नित्यानंद नगर क्वींस रोड, गांधी पथ, जयपुर, हॉल-म.नं.938 सेक्टर-45 गुड़गांव हरियाणा
मृतक मुकुल गोयल की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 22.1.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम मुकुल गोयल पुत्र रामस्वरूप गुप्ता जाति..... निवासी सी-10 नित्यानंद नगर क्वींस रोड, गांधी पथ, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 22 माह 01 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 6 माह 12 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय
मोहर अदालत

**RAJASTHAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE**
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER)
DURGAPURA, JAIPUR
Phone: 0141-2550229 (O), Phone & Fax: 0141-2550229 & 2550536
Email : director.rari@sknau.ac.in Mob. 9414065091

No. F.9( )SKNAU/DIR-RARI/Estt.I/2023/175 Dated: 18.01.2024

**ADVERTISEMENT**

Applications are invited for one post of Research Associate & Lab Attendent each in AINP on SAP Project at RARI, Durgapura-Jaipur. For details login the University website: sknau.ac.in.

Raj.Samwad/C/23/12251 DIRECTOR

# भरतपुर-धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति का आरक्षण की मांग के लिए महापड़ाव जारी

## समिति ने केंद्र और राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि इस आंदोलन को गंभीरता से लें नहीं तो 23 जनवरी को परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर-धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति ने केंद्र और राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि इस आंदोलन को गंभीरता से लें नहीं तो 23 जनवरी को इसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा है कि सरकार के पास वार्ता के लिए 22 जनवरी शाम पांच बजे तक का समय है। इसके बाद जाटों के गांव को जोड़ने वाले रास्ते व रेल लाइनों को जाम कर दिया जाएगा।



भरतपुर-धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति का मांगों को लेकर महापडाव जारी है।

■ 'वार्ता के लिए 22 जनवरी शाम पांच बजे तक का समय है, इसके बाद जाटों के गांव को जोड़ने वाले रास्ते व रेल लाइनों को जाम कर दिया जाएगा'

जाट आरक्षण संघर्ष समिति संयोजक नेम सिंह फौजदार ने बताया कि केंद्र सरकार की नौकरियों में ओबीसी वर्ग में भरतपुर और धौलपुर के जाटों के आरक्षण की मांग के लिए उच्चैन उपखंड के गांव जयचोली में 17 जनवरी से महापड़ाव शुरू किया था। शुक्रवार को महापड़ाव का तीसरा दिन है। इस आंदोलन को और मजबूत करने के लिए आसपास के गांव से महिलाओं के साथ युवा भी बड़ी संख्या में हाथों में डंडा लेकर के महापड़ाव में पहुंचने लगे हैं। आंदोलन की रणनीति के तहत शुक्रवार को आंदोलन स्थल पर हवन किया है और हम 22 जनवरी तक रणनीति के तहत गांधीवादी तरीके से आंदोलन कर रहे हैं।

अगर सरकार यह सोचकर बहती है कि जाट समाज में आपसी फूट है इस भूल का परिणाम 23 जनवरी को देखने को मिलेगा। हम नहीं चाहते कि बेवजह आमजन को परेशानी हो और आमजन हमें उग्रवादी कहे। हम 22 जनवरी तक सरकार को मौका दे रहे हैं कि वह 22 जनवरी तक हमारी मांग को मान ले। 22 जनवरी शाम 5 बजे तक अगर सरकार की तरफ से किसी भी प्रकार का कोई संदेश नहीं आता है तो दिल्ली मुंबई रेलवे ट्रैक के साथ जिले के जाटों के गांव को जोड़ने वाले छोटे बड़े रास्तों के साथ छोटी बड़ी रेल लाइनों को जाम कर दिया जाएगा। जिस तरह से 2017 में किया था। आंदोलन की रणनीति के तहत हर जगह पॉइंट और इंचार्ज तय कर दिए हैं। आन्दोलन के तीसरे दिन महापड़ाव स्थल पर गांव सहना, फतेहपुर, जयचोली सहित आधा दर्जन गांवों की महिलाएं हाथों में लाठी लेकर महापड़ाव स्थल पर पहुंची और कहा कि हमारे बच्चों का भविष्य अंधकार में है। भरतपुर और धौलपुर के जाट समाज को केन्द्र में आरक्षण जरूरी है जो कि जायज है।

उन्होंने कहा कि आरक्षण की मांग में हम भी पुरुषों से आगे हैं। हम भी आन्दोलन में अपनी भागीदारी निभाएंगी। हालांकि इस आरक्षण आंदोलन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से नजर बनाए हुए हैं और समय-समय पर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल से वार्ता कर रहा है। अब मुख्यमंत्री के साथ जाट आंदोलनकारियों की वार्ता को लेकर सहमति बनी है।

समिति ने 16 सदस्यीय सूची भी प्रशासनिक अधिकारियों को सौंप दी है। संभवतया 20 जनवरी को वार्ता की तारीख तय हो जाएगी। मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए महापड़ाव स्थल पर शाम को उपखंड अधिकारी ललित मीणा, एडिशनल एसपी रघुवीर कविया प्रस्ताव लेकर पहुंचे। जहां आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेमसिंह फौजदार ने 16 सदस्यों की सूची सुपुर्द की। वार्ता कब और कहां होगी, यह सूचना अभी तक आंदोलनकारियों के पास नहीं पहुंची है। सूची में नैमसिंह फौजदार, दौलत सिंह फौजदार, सुभाष मदेरणा, गोविंद सिंह, के. जयसिंह, धर्मेंद्र एडवोकेट, यतेंद्र सिंह, बलवीर सिंह, मोरध्वज सिंह, पप्पू सिंह, पीतम सिंह, जीतेंद्र फौजदार, भोजेंद्र व ईश्वर सिंह शामिल हैं।

# ईंट-भट्टे के श्रमिकों ने पुलिस पर हमला किया

**अनूपगढ़, (निसं)।** क्षेत्र के गांव 78 जीबी में एक ईंट-भट्टे की लेबर में शामिल लगभग एक दर्जन श्रमिकों ने पुलिस थाना के एएसआई पर हमला कर दिया। जिन श्रमिकों ने पुलिस पर हमला किया, उन्हीं श्रमिकों ने कुछ देर पूर्व ईंट-भट्टे पर हंगामा करते हुए तोड़फोड़ की थी।

भट्टे मालिक की शिकायत पर पुलिस एएसआई कालूराम मीणा मामले की जांच, मौका मुकायना करने तथा कार्रवाई के लिए पुलिस जाप्ते के साथ ईंट-भट्टे पर गए थे। पुलिस के पहुंचते ही हंगामा करने वाले श्रमिकों के अलावा दर्जन भर महिला पुरुषों ने पुलिस पर हमला कर दिया। इस हमले में पुलिस एएसआई कालूराम मीणा का हाथ टूट गया। उन्हें इलाज के लिए श्रीगंगानगर रेफर किया गया है। वहीं सूचना मिलते ही थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद पूरे जाब्ते के साथ ईंट-भट्टे पर पहुंचे और हंगामा करने वाले दोनों युवकों को काबू कर पुलिस थाने ले आए। जब पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़ा तो दोनों शराब के नशे में धुत थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस पर हमला करने वालों में शामिल अन्य लोगों की पहचान के लिए सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। आरोपियों से भी पूछताछ की जाएगी।

पुलिस के अनुसार गांव 87 जीबी स्थित एक ईंट भट्टे पर शाम को दो श्रमिकों ने शराब के नशे में मजदूरी मांगी थी, जिस समय श्रमिकों ने मजदूरी मांगी उस समय भट्टा मालिक अपने घर आ चुका था, उसने श्रमिकों को कहा कि बुधवार सुबह बात करेंगे। इससे आक्रोशित होकर श्रमिकों ने पत्थर मार कर भट्टे के कार्यालय में लगी कांच की खिड़किया, गेट, दीवार तथा फर्नीचर तोड़ते हुए हंगामा कर दिया। भट्टा मालिक को भी घटना की सूचना मिली। उसने तुरंत प्रभाव से इस घटना की जानकारी पुलिस को दी।

एएसआई कालूराम मीणा मौके पर पहुंचे तो आरोपी शराब के नशे में थे, पुलिस को देखते ही उन्होंने पुलिस पर पथराव कर दिया तथा लाठियों से हमला कर दिया। इस घटना में एएसआई कालूराम के हाथ फ्रेक्चर हो गया। एएसआई के साथ गए जाब्ते ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। घटना की सूचना पर थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और भट्टा मालिक की तरफ से जिन दो जुड़वा भाइयों के खिलाफ शिकायत दी थी, उन्हें पकड़ कर पुलिस थाने ले आए। लेकिन जिस समय उन्हें गिरफ्तार किया तब वे अत्यधिक नशे की हालत में थे। इस कारण उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

# कोहरे से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में शुक्रवार को अल सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा। इसके चलते आम जनजीवन पूरे तरीके से प्रभावित हुआ। वहीं बच्चे भी सर्दी में ठिठुरते हुए विद्यालय पहुंचे। इसी तरह क्षेत्र में घने कोहरे की वजह से सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आये। वाहनों की हैड लाईट जलाने के बाद भी वाहन चालकों व राहगीरों को भी सामने का साफ नहीं आ रहा आया। किसानों ने बताया कि इस कोहरा भरी सर्दी की वजह से रबी की फसल को फायदा होगा। जबकि क्षेत्र के निराश्रित गौवंशों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# सचिन पायलट की ओर से ख्वाजा की दरगाह में चादर चढ़ाई

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चादर लेकर पहुंचे



सचिन पायलट की ओर से भेजी गई चादर प्रतिनिधि मंडल ने दरगाह में पेश की।

**अजमेर, (कासं)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट की ओर से सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के उर्स के मौके पर चादर पेश की गई। पायलट की ओर से चादर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आबिद कागजी लेकर सर्किट हाउस अजमेर पहुंचे।

जहां से कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने जिनमें शहर कांग्रेस अध्यक्ष

■ आबिद कागजी ने सचिन पायलट का जायरीन के नाम संदेश पढ़कर सुनाया

विजय जैन, नसीम अख्तर इंसाफ, महेंद्र सिंह रलावता, प्रताप यादव, अमोलक छाबड़ा, अंकुर त्यागी, सुनील लारा, रश्मि हिंगोरानी, कमल बाकोलिया, श्याम प्रजापति, कैलाश कोमल, आरिफ हुसैन ने दरगाह में चादर पेश की और अकीदत के फूल चढ़ाए तथा गरीब नवाज से दुआ मांगी की देश में अमन-चैन भाईचारा बना रहे। उसके बाद अंजुमन कमेटी की ओर से प्रतिनिधिमंडल का दस्तारबंदी कर स्वागत किया गया।

उसके बाद आबिद कागजी ने सचिन पायलट का जायरीन के नाम संदेश पढ़कर सुनाया। सर्किट हाउस में इससे पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने आबिद कागजी का स्वागत किया। मौजूद कांग्रेस जनों में इंसाफ अली, पवन ओड, हामीद चीता, गजेंद्र रलावता, राकेश धाभाई, अब्दुल फरहान, सुरेश लड्ढा, आलोक गुप्ता, शमा शेख, पुनीत सांखला, मनोज कोटिया, मनीष सेन, दिलीप सामतानी, सौरभ यादव, अंकित घारू, अनुराग रायपुरिया, राज नारायण आसोपा, भोमराज गुर्जर, हरीप्रसाद दिवाकर आदि थे।

# सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** अहमदाबाद से जैसलमेर घूमने आ रहे सैलानियों की कार का टायर फटने से कार पलट गई। कार के पलटने से एक महिला की मौत हो गई वहीं तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों ने इसकी सूचना 108 एम्बुलेंस को दी। 108 एम्बुलेंस ने घायलों को जवाहिर हॉस्पिटल पहुंचाया जहां उनका इलाज जारी है। घायलों में दो लोगों की हालत गंभीर है जबकि एक घायल को मामूली चोट आई है। हादसा इतनी तेजी से हुआ कि एक महिला कार से बाहर गिर गई। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

■ अहमदाबाद से जैसलमेर घूमने आ रहे थे सैलानी

■ कार का टायर फटने से हुआ हादसा

दुर्घटना की जानकारी मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू की। हादसा शुक्रवार शाम 4:30 बजे जैसलमेर के आंकल फाटा के पास हुआ।

सदर थाना एसआई मुकेश बीरा ने बताया कि शुक्रवार शाम एक कार अहमदाबाद से जैसलमेर आ रही थी। उसमें दो कपल अहमदाबाद से जैसलमेर घूमने आ रहे थे। जैसलमेर शहर से पहले ही आकल फांटा के पास कार का टायर अचानक फटने से कार लहराकर सड़क पर पलट गई। उसमें सवार महिला अस्मिता आचार्य (30) कार से बाहर जा गिरी जिसके कारण उसके सिर पर चोट लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं तीन अन्य कार सवार रोहित प्रजापत (30), मानसी (35) पत्नी रोहित प्रजापत व किशन आचार्य (33) निवासी अहमदाबाद घायल हो गए।

राह चलते राहगीरों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जवाहिर हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। वहीं सदर थाना पुलिस ने मृतका अस्मिता पत्नी किशन आचार्य के शव हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा और अहमदाबाद में परिजनों को सूचना दी। घायलों में मानसी और किशन आचार्य की हालत नाजुक बताई जा रही है जिसके चलते इन्हें रेफर किया जा सकता है। फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# बंदूक की नोक पर ई-मित्र संचालक से लाखों की लूट

**बीकानेर, (निसं)।** नोखा कस्बे में बीती देर रात को अपनी दुकान को बंद कर स्कूटी पर अपने घर जा रहे युवक को रास्ते में पीछे से कार में सवार होकर आए बदमाशों ने बंदूक दिखा कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि युवक से 2.55 लाख रुपये की लूट हुई है। इसकी सूचना मिलने के साथ हरकत में आई पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया तो कार देशनोक के आसपास अनियंत्रित होकर पलट तारबंदी में फंस गई। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया। जबकि उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब हो गये। बताया जा रहा है कि पकड़े गए युवक ने नशा कर रखा था।

■ कार में सवार बदमाश युवक से 2.55 लाख रुपये लूटकर भागे

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लूट की वारदात नोखा के वार्ड 12 में रहने वाले रविकुमार शर्मा के साथ हुई है। वह ई-मित्र केन्द्र का संचालक है। बीती रात वह अपनी दुकान को बंद कर स्कूटी पर अपने घर जा रहा था। भट्टड़ स्कूल के पास पहुंचते-पहुंचते उसके पीछे एक कार आई। कार में चार पांच लोग बताए जाते हैं। आरोप है कि कार से तीन जने नीचे उतरे और उन्होंने उसके हाथ से बैग छीन लिया। इसने जब बदमाशों का सामना किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि बंदूक दिखाकर जान से मार देने की धमकी दी। बताया जा रहा है कि बैग में ई-मित्र में दिनभर कलेक्शन के रूप में जमा हुए 2.55 लाख रुपये बताए जा रहे हैं। इसकी सूचना मिलने के साथ ही नोखा थानाधिकारी आलोक सिहं पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला।

सीसीटीवी कैमरों में एक कार उसका उसकी दुकान से पीछा करती हुई नजर आई। कार की पहचान होने के साथ नाकाबंदी करवाई गई। रात को कार देशनोक के पुलिया के आसपास दिखी। पुलिस को देख बदमाश कार को जेगला मार्ग की ओर भगा ले गए। कार की गति अधिक होने के कारण बदमाश कार को नियंत्रित नहीं कर पाए और कार अनियंत्रित होकर पलट गई और नजदीक ही स्थित एक खेत की तारबंदी में जाकर फंस गई। कार में सवार अन्य लोग फरार हो गए। जबकि एक बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गया।


**RAJASTHAN MEDICAL SERVICES CORPORATION LTD.**
(A Govt. of Rajasthan Undertaking)
Gandhi Block, Swasthya Bhawan, Tilak Marg, Jaipur – 302005, India
Tel No: 0141-2228066, 2228064, E-mail: edprmsc@rajasthan.gov.in

F.02(392)/RMSCL/PROCUREMENT/DRUG/NIB-01/2024/96 Dated:- 12-01-2024

**NOTICE INVITING E-Bid**

E-Bid are invited by RMSCL, Jaipur from bonafide MANUFACTURERS / LOAN LICENSEE / IMPORTERS for rate contract and empanelment/ registration of bidders, for supply of Drugs & Medicines. The last date of submission of duly filled up form along with documents on e-proc i.e http://eproc.rajasthan.gov.in and Fees is upto 6.00 PM of 31.01.2024 Details of Bid form along with terms & conditons etc. can be downloaded from State Public Procurement Portal "https://sppp.rajsthan.gov.in" or http://eproc.rajasthan.gov.in or RMSCL website "http://rmsc.health.rajasthan.gov.in".
UBN No. – MSC2324GLOB00117
Raj.Samwad/C/23/12249 Executive Director(Proc)

**कार्यालय नगरपालिका रावतभाटा, जिला–चित्तौडगढ़(राज.)**

क्रमांक / नपारा / स्टोर / निविदा / 2023–24 / 2682 दिनांक :– 19 / 01 / 2024

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रित सूचना– 01**

नगरपालिका रावतभाटा द्वारा गणतंत्र दिवस 2024 पर बारिक नुक्ती आपूर्ति कार्य हेतु वार्षिक दर अनुबंध के आधार पर नियमानुसार पंजीयन धारी व अनुभवशील संस्थान / ठेकेदार से अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.01.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक विक्रय की जाकर उसी दिनांक को दोपहर 03.00 बजे तक प्राप्त किए जावेगी तथा प्राप्त निविदाए दिनांक 24.01.2024 को सायः 04.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओ के समक्ष खोली जावेगी। शेष शर्ते कार्यालय नगर पालिका एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| NIB Code : | DLB2324A8261 |
| UBN Code : | DLB2324SSRC29738 |

राज.संवाद / सी / 23 / 12266 अधिशाषी अधिकारी

**RAJASTHAN STATE HIGHWAYS AUTHORITY, JAIPUR**

No. F.7(181)/SHA/2016-17/D-595 Date: 18.01.2024

**NIT No. 35/2023-24**

**INVITATION OF BIDS FOR SELECTION OF INDEPENDENT ENGINEER**

Rajasthan State Highways Authority invites Bids for Independent Engineer services during Operation and Maintenance of Chomu- Chandwaji Highway Project section of SH-08 B from Km.0.00 to Km 15.450 and Hanumangarh to Abohar (upto Punjab Border) section of SH- 7A from Km 0.00 to km. 42.655 augmented to Two Lane/Two lane Plus on design, build, finance, operate and transfer ("DBFOT") basis in the State of Rajasthan from interested bidders upto 11:00 AM on 12.02.2024. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, htpp://sppp.raj.nic.in) of the state. The Estimated Consultancy Cost is Rs. 2.30 Cr.

The RFP document can be viewed or / and downloaded from website: https://sppp.rajasthan.gov.in and https://eproc.rajasthan.gov.in from 18.01.2024. Any further amendments to the RFP document shall only be made available on above websites as such prospective Bidders are advised to visit the above websites for the same.

UBN No: PWD2324SLOB18088 Member (WC&O),
Raj.Samwad/C/23/12252 RSHA, Jaipur


## युवक की मौत

**बीकानेर, (निसं)।** तलाक की बात को लेकर एक युवक को जहर देकर मार देने का मामला बीकानेर जिले के महाजन पुलिस थाना क्षेत्र में सामने आया है। मृतक ओमप्रकाश है। मृतक के जीजा चक 04 एआरडब्लयू ए दूधवाली ढाणी हनुमानगढ़ निवासी लालचन्द नायक पुत्र बिशनाराम ने मृतक की पत्नी समेत युवक के ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है। घटना भीखनेरा गांव में 12-13 जनवरी की बताई जा रही है। रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि तलाक लेने की बात को लेकर मृतक की पत्नी सुमन निवासी चक 14 बीपीएम हनुमानगढ़ हाल हरियासर, लूणकरनसर के भीखेनरा निवासी भोजाराम पुत्र बीरबलराम, बीरबल राम, श्रीगंगानगर जिले के लदेर गांव निवासी कानाराम ने एकराय होकर उसके साले ओमप्रकाश को जहर पिला दिया। जिससे उसके साले की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# "एसटी-2303 बाघ" के हरियाणा के रेवाड़ी के आसपास गांव में होने की पुष्टि

## रेवाड़ी और अलवर की टीम ड्रोन की मदद से बाघ को रेस्क्यू करने में लगी हुई है

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** सरिस्का अभयारण्य का "एसटी-2303 बाघ" अब हरियाणा के रेवाड़ी क्षेत्र के गांव निकरी बडसाना व भटसरा में देखे जाने की पुष्टि रेवाड़ी प्रशासन की ओर से की गई है। रेवाड़ी प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी कर खेत में सुनसान इलाके में अकेले नहीं निकालने हुए घर पर रहने की अपील की है। अलवर और रेवाड़ी की टीम ड्रोन की मदद से बाघ को रेस्क्यू करने में लगी है।

■ रेवाड़ी प्रशासन की ओर से बाघ की सूचना पर अलर्ट जारी, सूचना के लिए फोन नंबर जारी

बाघ एक दिन पहले गुरुवार को खुशखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव महेसरा में खेत में फव्वारा पाइप बदल रहे बुजुर्ग किसान पर पंजे से हमला कर घायल कर चुका है। घायल बुजुर्ग को रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल में उपचार किया जा कर छुट्टी दे दी गई है। इससे पहले बाघ के पद चिन्ह कोटकासिम क्षेत्र के गांव बसई बीरथल में मिले थे। गुरुवार को नंदरामपुर व घारहड़ा के भटसरा गांव में पद चिन्ह पाए जाने के बाद रेवाड़ी के निकरी बडसाना गांव के पास बाघ को देखे जाने की पुष्टि की गई है।

रेवाड़ी प्रशासन की ओर से बाघ की सूचना पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। सूचना के लिए टेलीफोन नंबर जारी किए है। वहीं प्रशासन ने अफवाहों पर ध्यान नहीं दिए जाने व सही पुष्टि होने पर प्रशासन को सूचित करने की अपील है। साथ ही खेत पर व सुनसान जगह अकेले नहीं जाने व घर पर रहने की अपील की है। आसपास के गांव के ग्रामीणों में भय का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार खुशखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव महेसरा में गांव करीरीवास निवासी करीब 75 वर्षीय बुजुर्ग रघुवीर यादव दोपहर 12:30 बजे खेत में फव्वारा पाइप बदलने के लिए गया हुआ था इस दौरान टाइगर ने पंजा मार कर बुजुर्ग रघुवीर को घायल कर दिया था। रघुवीर के चिल्लाने पर नजदीक में काम कर रहा उसका लड़का मामन व अन्य लोग भाग कर आए तो टाइगर भाग गया।

अलवर रेंज किशनगढ़ बास के अधीन वन खंड रुंध इस्माइलपुर एवं समीपवर्ती क्षेत्र में नर बाघ एसटी -2303 विचारण किए जाने की सूचना पर ट्रेस कैमरे लगाकर बाघ के मूवमेंट पर निगाहें थी। 17 जनवरी को निकाल कर खेतों के रास्ते उत्तर दिशा की ओर मूवमेंट पाए गए। कोटकासिम बसई बीरथल में पद चिन्ह देखे गए। इसके बाद गुरुवार को दोपहर में बाघ खुशखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव महेसरा के खेत में काम कर बुजुर्ग पर हमला कर वहां से निकल गया और अब हरियाणा के रेवाड़ी क्षेत्र के आसपास होने की पुष्टि मिली है। करीब पांच दिन पहले किशनगढ़ बास के गांव बंबोरा व गंज में टाइगर की दहाड़ सुनाई देने पर भय का माहौल था। उस दौरान रेंजर किशनगढ़ बास ने लेपर्ड की आशंका जताई थी। वहीं रुंध इस्माइलपुर में बाघ की सुचना होने पर ट्रेस कैमरे लगाकर निगरानी रखे जाने की बात कही थी।


**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

केंद्रीयकृत रोजगार सूचना (सीईएन) संख्या 01 / 2024
सहायक लोको पायलट(एएलपी) की भर्ती

**सांकेतिक सूचना**

नीचे दी गई तालिका में उल्लिखितानुसार सहायक लोको पायलट के पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित है। आवेदन अनिवार्य तौर पर केवल ऑनलाईन माध्यम से ही भरें जाएं।

आवेदन की प्रारंभ तिथि : 20 जनवरी 2024
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 19 फरवरी 2024(23:59 बजे)

| पद का नाम | 7वे सीपीसी के अनुसार पे लेवल | प्रारम्भिक वेतन (रूपये) | चिकित्सा मानक | 01.07.2024 को आयु | कुल रिक्तयां (सभी आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|---|
| सहायक लोको पायलट (एएलपी) | 2 | 19,900/- | ए–1 | 18–30 वर्ष | 5696 |

अधिक विवरण के लिए कृपया निम्नलिखित सभी भागीदार रेलवे भर्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट्स पर उपलब्ध विस्तृत केंद्रीयकृत रोजगार सूचना (सीईएन) संख्या 01 / 2024 देखें।)

**सीईएन सं. 01 / 2024 में भाग लेने वाले आरआरबी की वेबसाइट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद www.rrbahmedabad.gov.in | अजमेर www.rrbajmer.gov.in | बेंगलुरू www.rrbbnc.gov.in | भोपाल www.rrbbhopal.gov.in |
| भुवनेश्वर www.rrbbbs.gov.in | बिलासपुर www.rrbbilaspur.gov.in | चंडीगढ़ www.rrbcdg.gov.in | चैन्नई www.rrbchennai.gov.in |
| गुवाहाटी www.rrbguwahati.gov.in | जम्मू–श्रीनगर www.rrbjammu.nic.in | कोलकाता www.rrbkolkata.gov.in | मालदा www.rrbmalda.gov.in |
| मुंबई www.rrbmumbai.gov.in | मुजफ्फरपुर www.rrbmuzaffarpur.gov.in | पटना www.rrbpatna.gov.in | प्रयागराज www.rrbald.gov.in |
| रांची www.rrbranchi.gov.in | सिकंदराबाद www.rrbsecunderabad.gov.in | सिलीगुड़ी www.rrbsiliguri.gov.in | तिरुवनंतपुरम www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |
| गोरखपुर www.rrbgkp.gov.in | | | |

यह अधिसूचना विशुद्ध रूप से सांकेतिक है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाईन आवेदन करने से पहले पूर्ण विवरण के लिए विस्तृत सीईएन सं. 01 / 2024 को पूरी तरह से पढ़ ले। उपरोक्त भर्तियों के संबंध में कोई शुद्धि पत्र / संवर्धन / महत्वपूर्ण सूचना समय– समय पर आरआरबी की केवल उपरोक्त वेबसाइट्स पर ही जारी की जाएंगी।
सं. रेभबो / अज / रिक्रु / विज्ञापन / सीईएन 01 / 2024(एएलपी)

दिनांक 20.01.2024 अध्यक्ष, रेलवे भर्ती बोर्ड

दलालों, बिचौलियों और नौकरी का झांसा देने वालों से सावधान रहें।

# सब रजिस्ट्रार ऑफिस में आग से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जले

## जयपुर कलैक्ट्रेट परिसर में है ऑफिस, शुक्रवार सुबह 5 बजे लगी थी आग



जयपुर कलैक्ट्रेट स्थित सब रजिस्ट्रार दफ्तर में आग लगने से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और फाइलें जलकर खाक हो गई।

■ दमकल की पांच गाड़ियों और सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

**जयपुर** (कासं)। जयपुर कलेक्ट्रेट स्थित सब रजिस्ट्रार दफ्तर में शुक्रवार तड़के आग लग गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान आग में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए।

जयपुर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में सब रजिस्ट्रार का ऑफिस है। इसमें शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे आग लग गई। आग लगने का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने के समय दफ्तर में गार्ड भी मौजूद था, लेकिन वो आगे की तरफ था। आग लगने के बाद जब धुआं निकला तो पीछे स्थित होटल के गार्ड ने थाने को सूचित किया। इसके बाद फायर स्टेशन पर फोन कर आग लगने की सूचना दी गई। सूचना पर बनीपार्क थाने का जाब्ता और फायर ब्रिगेड के कर्मचारी दमकल की गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। कलेक्ट्रेट की सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर आ गई। इसके बाद दमकल की पांच गाड़ियों और सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ज्ञात रहे कि सब रजिस्ट्रार दफ्तर में प्रतिदिन सैकड़ों रजिस्ट्री होती है, आग में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए। आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। दफ्तर के एक भाग में इसे मॉडल रूप देने के लिए काम चल रहा था और दूसरी ओर महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। यही महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो गए। आग लगने की सूचना पर सब रजिस्ट्रार सत्यवीर सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि परिसर के गार्ड ने उन्हें इसकी सूचना दी और फायर स्टेशन पर भी उन्होंने फोन किया, लेकिन उनके पास सूचना पहुंच चुकी थी। दमकलकर्मी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम से उनके पास आग लगने की सूचना आई थी। सुबह पांच बजकर सात मिनट पर उन्हें सूचना मिली थी और इसके बाद दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर रवाना कर दिया गया। घटनास्थल पर बनीपार्क थाने के ड्यूटी ऑफिसर राजेंद्र यादव, चेतक इंचार्ज इंद्राज, कलेक्ट्रेट चौकी के कॉन्स्टेबल मोहन और जाब्ता पहुंचा।

# यू.डी.एच. मंत्री की नाराजगी के बावजूद नहीं छूट रही सफाईकर्मियों से 'बाबूगिरी'

## ग्रेटर निगम कमिश्नर रूकमणि रियाड़ ने आदेश जारी कर सफाई कर्मियों को अन्य पदों से हटाने को कहा

■ सफाई का काम छोड़कर दूसरे पदों पर कार्यरत सफाईकर्मियों का वेतन जनवरी माह से ही रोकने के आदेश दिए थे नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह ने

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के आदेश के बावजूद सफाईकर्मियों की 'बाबूगिरी' छूटने का नाम नहीं ले रही है। सफाई कर्मचारी भर्ती में नौकरी पाकर जो लोग आज नगरीय निकायों में लिपिक (बाबू) के पद पर अथवा अन्य पदों पर काम कर रहे है, उन्हें भी फील्ड में सफाई कर्मचारी के पद पर लगाने के लिए गत 9 जनवरी को मंत्री ने आदेश जारी किए थे। साथ ही यह भी कहा था कि जो कार्मिक सफाईकर्मी का काम नहीं करे, उनकी तनख्वाह जनवरी माह से ही रोक दें।

यूडीएच मंत्री के इस आदेश के बाद स्वायत्त शासन विभाग ने तमाम नगरीय निकायों को पत्र लिखा और इस आदेश की पालना करवाने के लिए कहा। जिस पर ग्रेटर व हैरिटेज नगर निगम के आयुक्तों ने भी कार्मिक शाखा से ऐसे तमाम सफाईकर्मियों को वापस मूल काम पर लगाने के लिए आदेश दिया।

इसके बावजूद ग्रेटर नगर निगम में कई सफाई कर्मचारी अभी भी 'बाबूगिरी' कर रहे है। गुरूवार को यह मुद्दा जब ग्रेटर निगम की साधारण सभा में गूंजा तो देर शाम आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने इस संबंध में पुनः आदेश जारी किया है। उन्होंने आदेश में सभी उपायुक्तों और मुख्यालय के सभी अनुभाग अधिकारियों को कहा है कि किसी भी विभाग में सफाईकर्मी से दूसरा काम नहीं कराया जाए। ऐसे सभी सफाई कर्मचारी 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे तक कार्मिक शाखा में अपनी रिपोर्ट देंगे। जो सफाई कर्मचारी, अपना मूल काम (सफाई) छोड़कर दूसरा काम कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। साथ ही जनवरी माह से उन्हें वेतन भत्ते का भुगतान भी नहीं किया जायेगा।

## आर्यन को मिलेगा बाल पुरस्कार

**जयपुर** (कासं)। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरूस्कार 2024 से देशभर के 19 बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। प्रदेश में यह पुरस्कार कोटा के इंदिरा गांधी नगर निवासी आर्यन सिंह को मिलेगा।

## सार-समाचार

### प्ले स्पोर्ट्स 'जयपुर स्वच्छाथोन' कल



निशि दुग्गड़

**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर को स्वच्छ और युवा पीढ़ी को नशे से मुक्त करने के संदेश के साथ जयपुर में होने जा रहा है। प्ले स्पोर्ट्स जयपुर स्वच्छथोन (मैराथन) 21जनवरी को। मैराथन का आयोजन रोटरी क्लब जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष, एडवोकेट शिवा गौड़ और दो बार गिनीज विश्व रिकॉर्ड होल्डर डॉ. प्रदीप यादव द्वारा किया गया है। इस मैराथन में प्रदीप 21 किलोमीटर प्रतिदिन 21 दिन तक नंगे पैर रन का एक बार फिर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में दर्ज होने के लिए प्रयास करेंगे। मैराथन में भाग ले रहे रनर्स को जयपुर के सुंदर और स्वच्छ माहौल में साकारात्मक योगदान देने का एक सुनहरा अवसर होगा। इसके अलावा मैराथन एक सामाजिक संदेश लेकर आ रहा है, जो नशे के खिलाफ युवा पीढ़ी को जागरूक करने का उद्देश्य रखता है। शिवा ने बताया कि यह मैराथन जयपुर के नागरिकों को स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करेगा और नशे के प्रभाव से दूर रहकर स्पोर्ट्स की तरफ़ रुझान पैदा करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मैराथन 21 जनवरी को सुबह 6:30 बजे हल्दीघाटी गेट प्रताप नगर से शुरू होगी। इस मैराथन में काफी बड़ी संख्या में लोग भाग ले रहे हैं और रजिस्ट्रेशन अभी भी खुले हैं। रनर्स 10 किलोमीटर (टाइम्ड) 5 किलोमीटर (टाइम्ड) और 1 किलोमीटर रन में भाग ले सकते है।

### नववर्ष स्नेह मिलन समारोह मनाया

**जयपुर** । क्षत्रिय समाज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का नव वर्ष स्नेह मिलन शुक्रवार को तारानगर खिरणी फाटक के पास स्थित फाटक स्थित संघ शक्ति कार्यालय में क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के तत्वावधान में संपन्न हुआ। सती समाज में इस प्रकार के पहले कार्यक्रम में सैकडो अधिकारी कर्मचारियों के मध्य राजेंद्र सिंह राठौड़, महंत प्रताप पुरी, मनोज न्यागली, श्रवण सिंह बगडी, रविन्द्र सिंह भाटी, राजेंद्र सिंह शेखावत आईएएस, वीरू सिंह राछौड़ एवं अन्य व्यक्ति मौजूद रहे। इसके अलावा 36 समाज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र सेवा एवं कर्तव्य परायणता का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत प्रताप पुरी ने कहा कि क्षत्रिय समाज के लोगों को अपने आप से पूछना होगा कि मैं कौन हूं और मेरा जन्म इस समाज में क्यों हुआ है। क्षत्रिय समाज का दायित्व राष्ट्र एवं समाज की रक्षा, उनका प्रतिनिधित्व और निस्वार्थ भाव से सर्व समाज की सेवा करना है। पूर्व मंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा संघे शक्ति कलियुगे का संदेश समाज को दिया और उन्होंने समाज को दिन और रात की राजनीति से सतर्क रहने की अपील भी की। कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह खोज़ास, मोती सिंह सांवली, देवेंद्र सिंह नरूका, डॉ संजय सिंह शेखावत डॉ सुमित राणावत सत्यपाल सिंह शेखावत जयवीर सिंह राठौड़ यतेन्द्रसिंह चौहान जितेंद्र राठौर पुष्पेन्द्र सिंह लाम्बिया दिलीप सिंह बिका भोपाल सिंह भाटी भगवत सिंह शेखावत आशीष सिंह शेखावत विजय सिंह राठौड़ विजय सिंह राजावत बृजपाल सिंह चौहान मणिराज सिंह उदयसिंह कल्याणवत सुरेंद्र सिंह दादिया मानसिंह शेखावत आदि कर्मचारी नेता मौजूद रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला पकड़ा

**जयपुर** । एयरपोर्ट पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म करने वाले फरहान अंसारी निवासी फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया था कि उसकी 16 साल की बेटी के साथ दूर के रिश्तेदार फरहान अंसारी ने पानी के लिए तीसरी मंजिल स्थित छत पर बुलाया और डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। नाबालिग बेटी को अकेला पाकर आरोपी रिश्तेदार देह शोषण करता रहा। कुछ दिन बाद डरी-सहमी नाबालिग बेटी ने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजनों ने थाने में आरोपी रिश्तेदार फरहान अंसारी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### होटल बुकिंग के बहाने 5 लाख रु.ठगे

**जयपुर** । राजधानी में युवक को ऑनलाइन होटल बुक करवाना महंगा पड़ गया। बदमाशों ने होटल बुक करवाने के नाम पर दो बार में उससे करीब पांच लाख रुपए ठग लिए। इस पर पीडित ने बनीपार्क थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस के अनुसार घीया मार्ग निवासी दिनेश कुमार चौधरी ने मामला दर्ज करवाया कि उसने 18 जनवरी को ऑनलाइन लेमन ट्री होटल बुक करवाने के लिए उसके कस्टमर केयर पर सम्पर्क किया था। इसके बाद उसके मोबाइल पर एक नम्बर से वॉट्सएप पर मैसेज आया। वॉटसअप कॉल कर आरोपी ने होटल बुक करवाने के लिए 28390 रुपए एडवांस जमा करवाने लिए कहा और उससे ओटीपी मांगे। आरोपी ने ओटीपी में नेटवर्क समस्या बताकर दो बार में उसके खाते से ओटीपी पूछकर 4 लाख 96 हजार 671 रुपए निकाल लिए। मोबाइल पर एक मोटी राशि खाते से निकाले जाने का मैसेज आने पर उसे ठगी का अहसास हुआ।

### ट्रायल के बहाने कार चुरा ले गए बदमाश

**जयपुर** । एक युवक ने ऑनलाइन कार बेचने के लिए सम्पर्क किया था। आरोपी ने उसे कार देखने के लिए बुलाया। कार चैक करने के बहाने आरोपी लेकर फरार हो गए। इस सम्बंध में पीडित ने रामनगरिया थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार शिव नगर सुशांत सिटी निवासी अरूण खण्डेलवाल ने मामला दर्ज करवाया कि उसने ओएलएक्स पर कार बेचने के लिए संपर्क किया था। कार देखने के लिए उसे अक्षयपात्र चौराहा जगतपुरा बुलाया। सौदा तय करने के बाद चलाकर चैक करने के बहाने बदमाश कार लेकर फरार हो गया। आरोपी और पीडित सबसे पहले दुर्गापुरा में मिले थे और गाडी को मिस्त्री को दिखाने के लिए अक्षयपात्र लेकर आए थे। पुलिस ने बताया कि पीडित ने ओएलएक्स पर विज्ञापन देखकर ही संपर्क किया था। पीडित ने आरोपी के जिस नम्बरों से बात की थी, वे नम्बर चोरी के निकले।

### बदमाशों ने युवक से मोबाइल छीना

**जयपुर** । बाइक सवार दो बदमाश राहगीर से मोबाइल छीनकर ले गए। इस सम्बंध में पीडित ने रामनगरिया थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार जगतपुरा निवासी शिवप्रकाश ने मामला दर्ज करवाया कि वह पैदल ही जा रहा था। जगतपुरा पुलिया के नीचे पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर ले गए। पीडित ने आरीफ और एक अन्य पर मामला दर्ज करवाया है।

# कमजोर तबके को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाएं : कुमारपाल गौतम

## आवासन आयुक्त ने अफसरों की बैठक लेकर विभिन्न जिलों में 2994 स्वतंत्र आवास और फ्लैट्स के बारे में चर्चा की



आवासन आयुक्त कुमार पाल गौतम ने शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक लेकर 100 दिवसीय कार्य योजना पर चर्चा की।

**जयपुर,** (का.सं.)। आवासन आयुक्त कुमार पाल गौतम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट 100 दिवसीय कार्य योजना के अन्तर्गत आमजन को आवास उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से लगभग 3 हजार मकान और फ्लैट्स की योजनाएं शुरू की गई है। गौतम शुक्रवार को मण्डल मुख्यालय पर 100 दिवसीय कार्य योजना के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

आयुक्त ने कहा कि मण्डल कम आय वर्ग सहित विभिन्न वर्गों को गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध करवाने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने अभियन्ताओं को विशेष निर्देश दिये कि वे जरूरतमंद तबके को केन्द्र में रखते हुए आवासीय योजनाओं की कार्य योजना बनाएं। उन्होंने प्रदेश के सभी अंचलों मुख्यतः संभागीय मुख्यालयों पर आवासीय योजना शुरू करने के निर्देश प्रदान किये ताकि सभी प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण आवास मिल सकें। बैठक में विभिन्न जिलों में 2,994 स्वतंत्र आवास एवं फ्लैट्स की योजनाओं पर चर्चा की गई। इसमें जयपुर, जोधपुर, भिवाड़ी, हनुमानगढ़, धौलपुर, बांसवाड़ा, नागौर, सिरोही, अजमेर जिलों में स्थित योजनाएं शामिल हैं। मुख्य अभियंता मुख्यालय मनोज गुप्ता, मुख्य अभियंता-प्रथम अमित अग्रवाल, मुख्य अभियंता-द्वितीय भजन लाल गुणपाल, मुख्य संपदा प्रबंधक दीपाली भगोतिया सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता बैठक में उपस्थित रहे।

## जिंदा कारतूस लेकर आबूधाबी जा रहा यात्री गिरफ्तार

**जयपुर** । जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर फ्लाइट पकड़ने के लिए आए यात्री से पांच जिदा कारतूस मिले है। एयरपोर्ट पर चैकिंग के दौरान सीआईएसएफ ने कारतूस बैग से निकालकर यात्री को एयरपोर्ट थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एसी मैकेनिक है और एक मकान की दीवार में ड्रिलिंग के दौरान उसे कारतूस मिले थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी सरदार शहर चुरू निवासी समीर कपूर (27) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 5 जिंदा कारतूस बरामद कर लिए है। आरोपी एसी फिटिंग का काम करता है। 18 जनवरी को दोपहर में चूरू से जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट पकड़ने आया था। जयपुर एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की चैकिंग के दौरान बैग में 5 जिंदा कारतूस मिले। कारतूस के बारे में पूछने पर जवाब नहीं मिलने पर सीआईएसएफ ने उसे एयरपोर्ट पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी समीर ने पुलिस को बताया कि तीन चार साल पहले वह चूरू के एक मकान में एसी फिटिंग के लिए गया था। दीवार में बाहर से ड्रिलिंग करते समय उसे ये कारतूस मिले थे।

# लिफ्ट के बहाने लूटपाट करने वाली गैंग पकड़ी

**जयपुर** । लिफ्ट देने के बहाने लूटपाट करने वाली गैंग के तीन बदमाशों को खोह नागोरियान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस वारदात में लिप्त एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित लोगों को लिफ्ट के बहाने कार में बैठा कर अपहरण कर चलती कार में मारपीट करते है और नकदी और मोबाइल लूट कर हाथ बांधकर रोड किनारे पटक कर फरार हो जाते है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) ज्ञानचंद यादव ने बताया कि खोह नागोरियान पुलिस ने लिफ्ट के बहाने लूटपाट करने वाली गैंग के शातिर बदमाश मुकेश कुमार (25), नवीन जाट (23) और हितेश कुमार (23) को गिरफ्तार किया है साथ ही गैंग में शामिल नाबालिग बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। सभी आरोपित कोटपूतली बहरोड़ इलाके के रहने वाले है। गिरफ्तार तीनों बदमाशों का जयपुर और जयपुर ग्रामीण के कई थानों में आपराधिक रिकॉर्ड है। गैंग के बदमाश लिफ्ट देने के बहाने अकेले युवक को ढूंढते थे। लिफ्ट के बहाने कार में बैठाकर अपहरण कर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस पूछताछ में कई वारदातों के खुलासे की संभावना जताई गई है।

गौरतलब है कि खोह नागोरियान थाने में सिकराय (दौसा) हाल वैशाली नगर निवासी राजकुमार (19) ने ममला दर्ज करवाया था कि 6 जनवरी की रात गांव मेहंदीपुर बालाजी जाने के लिए नारायण सिंह सर्किल पर खड़ा था। रात एक बजे एक स्विफ्ट कार उसके पास आकर रुकी। जिसमें चार लड़के बैठे थे। चालकने जाने के लिए पूछा और दौ सौ रुपए किराया बताया। उसके बैठने के बाद कार आगरा रोड के लिए रवाना हो गई। कानोता पहुंचने पर आरोपी डिस्पोजल में शराब पीने लगे। इसके बाद उन्होंने कानोता से यू-टर्न कर वापस कार जयपुर की तरफ मोड़ ली। पीड़ित के पूछने पर एक दोस्त को लेने की कहकर सुनसान जगह घुमाते रहे। इसके बाद उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों ने उसका कपड़े से भरा बैग, मोबाइल और छह सौ रुपए लूटे और उसके हाथ बांधकर रोड किनारे फेंककर चले गए। किसी तरह हाथ खुलने पर वह थाने पहुंच कर पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने बदमाशों को चिह्नित किया।

# नर्सिंग-पैरामेडिकल अभ्यार्थियों का 'सीफू' पर धरना-प्रदर्शन

■ महिलाएं भी बच्चों को लेकर धरने पर बैठी

■ 20640 पदों की भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की मांग

**जयपुर**। नर्सिंग ऑफिसर वपैरामेडिकल भर्ती को पूरा करने की मांग को लेकर नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम, फार्मासिस्ट एवं पैरामेडिकल भर्ती संघर्ष समिति 2023 के बैनर तले अभ्यर्थी राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्था (सीफू) के सामने गुरुवार से धरना दे रहे हैं। ये धरनार्थी 8 कैडर की भर्तियों की अंतिम वरीयता सूची और पदस्थापन सूची जारी करने की मांग कर रहे हैं।

धरने पर बैठे शंकर सिंह ने बताया कि 8 कैडर की 20640 पदों पर भर्तियां निकली थीं लेकिन नियुक्ति अभी तक नहीं हो पाई। ज्यादातर कैडर की प्रोविजनल सूची जारी हो चुकी है। अभ्यर्थियों का कहना है कि 2022 में भर्तियां निकली थी लेकिन अभी तक नियुक्ति नहीं हुई। वहीं, सुनील ने बताया कि फार्मासिस्ट भर्ती की तो अभी प्रोविजनल सूची भी जारी नहीं हुई है।

काजल शर्मा ने बताया कि हमारी एएनएम की भर्ती पूरी नहीं की गई है, हमें बच्चों को लेकर धरने पर बैठना पड़ रहा है। प्रभाती जाखड़ ने बताया कि 21 जनवरी तक हम अपनी मांगों को लेकर धरने पर रहेंगे, इसके बाद सामूहिक भूख हड़ताल का निर्णय लेंगे। वहीं, अभ्यर्थी संतरा मीणा का कहना है कि वह दौसा से धरने में शामिल होने आई हैं और रात को ठंड की वजह से बच्चा बीमार हो गया जिसको भाई दवाई दिलाने ले गया है। धरने पर बैठे अभ्यर्थियों का कहना है कि नर्सिंग ऑफिसर के 8750 पद, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) के 4847 पद, सहायक रेडियोग्राफर के 1178 पद, लैब टेक्नीशियन के 2190 पद, नेत्र सहायक के 117 पद, डेंटल टेक्नीशियन के 151 पद, ईसीजी टेक्नीशियन के 246 पदों पर प्रोविजनल सूची जारी हो चुकी है। लेकिन फार्मासिस्ट के 367 पद की प्रोविजनल सूची जारी नहीं की गई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक अनिश्चितकालीन पड़ाव जारी रहेगा। वहीं, फार्मासिस्ट अभ्यर्थी दीपक छगानी एवं सुरेश बिजारणियां ने बताया कि सरकार हमेशा से ही फार्मासिस्टों के साथ सौतेला व्यवहार करती आ रही हैं। पिछले 12 वर्षों से फार्मासिस्ट की एक भी भर्ती नहीं हुई है जिससे फार्मासिस्टों में रोष व्याप्त हैं।

## सी.एस.टी.ने चार ड्रग्स सप्लायरों को गिरफ्तार किया

**जयपुर** । जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने सांगानेर एवं मानसरोवर इलाके में ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से स्मैक 83.17 ग्राम, गांजा 14 किलो 800 ग्राम एवं परिवहन में प्रयुक्त दुपहिया वाहन जब्त किया है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर पुलिस की ओर से शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत सीएसटी ने सांगानेर एवं मानसरोवर इलाके में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अजय वर्मा निवासी अजमेर हाल बजरंग नगर कोटा, हरीश कुमार सुमन निवासी उद्योग नगर कोटा हाल प्रतापनगर जयपुर, सम्यक राज निवासी मुजफ्फरपुर बिहार हाल प्रताप नगर जयपुर और विजेन्द्र लटियाल निवासी मूण्डवा नागौर हाल मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 83.17 ग्राम एवं परिवहन में प्रयुक्त दुपहिया वाहन जब्त किया गया।

गिरफ्तार आरोपी अजय वर्मा, हरीश कुमार सुमन एवं सम्यक राज से पूछताछ में सामने आया है कि यह स्मैक पुष्पेन्द्र चौधरी निवासी बारां से पांच हजार रुपये प्रति ग्राम खरीदकर जयपुर शहर में छोटे-छोटे टोकन 1 ग्राम में लगभग 20 टोकन) बनाकर प्रति टोकन पांच सौ रुपये के हिसाब से बेचते है। इनसे बरामद स्मैक की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 20 लाख रुपये है। वहीं आरोपित विजेन्द्र लटियाल यह मादक पदार्थ गांजा सुखविन्द्र लटियाल निवासी ग्राम थिरोद तहसील मारवाड़ मूण्डवा नागौर तथा उसके दोस्त रामरतन से खरीदना बताया, जो 15 दिन पूर्व अपनी स्वयं की स्कोर्पियों गाड़ी से मेरे फ्लेट पर देकर गये थे। पुलिस आरोपितों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया

**जयपुर** । शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने मामला सामने आया है। गर्भवती होने पर आरोपी ने दवाईयां देकर उसका गर्भपात करवा दिया। आरोपी ने उसके अश्लील विडियो और फोटो बना लिए थे इससे आरोपी लगातार ब्लैकमेल कर उसका देहशोषण कर रहा है। पीडित ने इस सम्बंध में रामगंज थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार घाटगेट निवासी युवती ने मामला दर्ज करवाया कि ईदगाह निवासी मोहम्मद अमन ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसके अश्लील फोटो और विडियो बना लिए थे। इनके माध्यम से वह लगातार उसका देहशोषण कर रहा है। वहीं अन्य मामले में भी एक युवती से दोस्ती गांठकर दुष्कर्म करने का मामला रामगंज थाने में दर्ज हुआ है। यह घटना एक जनवरी 2020 से दिसम्बर 23 तक की बताई है।

# बीमा पॉलिसी भुगतान के लिए आवेदन

**जयपुर** (कासं)। सचिवालय के राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग ने 31 मार्च 2024 को परिपक्व हो रही बीमा पॉलिसियों के भुगतान के संबंध में आवेदन मांगे है। सहायक निदेशक ने बताया कि जिन कर्मचारियों की जन्म तिथि 1 अप्रैल 1964 से 31 मार्च 1965 के बीच है, उनकी राज्य बीमा पॉलिसी 31 मार्च 2024 को परिपक्व हो रही है। ऐसे कार्मिकों को 1 अप्रैल को बीमा पॉलिसियों की रकम का भुगतान किया जायेगा। सचिवालय कार्यालय के सभी आहरण व विरतण अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की परिपक्व हो रही बीमा पॉलिसी के भुगतान के लिए कर्मचारी की एस.एस.ओ. आई.डी. के जरिए 25 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन करना जरूरी है। इसके लिए कार्मिकों को प्रमाणित बीमा रिकॉर्ड बुक (संपूर्ण सेवाकाल), परिशिष्ठ क पदस्थापन विवरण, राज्य बीमा पॉलिसी (दोनों तरफ से), यदि 1983 से पहले की पॉलिसी हो तो जीए 81 देना होगा। इसके साथ ही जिन कर्मचारियों का वेतन रोकड मद से आहरित किया गया हैं, उन्हें परिशिष्ठ क व द्वितीय भाग निर्धारित प्रारूप में भरकर संबंधित आहरण और वितरिण अधिकारी से प्रमाणित करवाना पड़ेगा।

# प्रधानमंत्री के जयपुर दौरे से पहले परकोटे में साफ-सफाई व सजावट

## हैरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने अफसरों के साथ परकोटे में 5 घंटे घूमकर व्यवस्थाएं जांची



जयपुर हैरिटेज नगर निगम के आयुक्त अभिषेक सुराणा ने अधिकारियों के साथ परकोटे के बाजारों में घूमकर दौरा किया और अव्यवस्थाएं हटाने के लिए कहा।

■ कलेक्टर ने भी जंतर-मंतर, सिटी पैलेस व हैरिटेज स्थलों पर सजावट के लिए कहा

**जयपुर** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 जनवरी को प्रस्तावित जयपुर दौरे को लेकर जयपुर हैरिटेज नगर निगम के आयुक्त और स्मार्ट सिटी सी.ई.ओ. अभिषेक सुराणा ने अधिकारियों के साथ जंतर मंतर से हवामहल रोड और त्रिपोलिया बाजार का दौरा किया।

उन्होंने सड़कों को लेवल पर बनाने, मेनहोल ढक्कनों को ऊंचा करने, नाली में चली गई सामग्री को हटाने और पानी के बहाव को साफ करने के निर्देश दिये। जहां-जहां पर सड़कों सड़कों के किनारों को भी सही करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान जिन स्थानों पर या खुले डिपो पर कचरा जमा हुआ था, उसे उठाने और साफ करने के लिए संबधित को निर्देश दिये। उपायुक्त सतर्कता एस.के. मेहरानियां की टीम ने व जेडीए के दस्ते ने ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी में सड़क किनारे 50 घरों के सामने किये हुए अतिक्रमण को ध्वस्त कर सरकारी भूमि से भी कब्जा हटाया। लगभग 3 घंटे तक परकोटे में निरीक्षण करने के बाद सुराणा 2 घन्टे तक जयपुर के जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित के साथ जंतर-मंतर, चांदनी चौक, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, हवामहल बाजार आदि स्थानों पर पहुंचे। कलेक्टर राजपुरोहित ने आयुक्त सुराणा को जंतर मंतर, सिटी पेलेस व अन्य महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों के पास सफाई और बेहतर करवाने, पौधों के गमले रखवाने व फूलवारी वाले बड़े गमले रखवाने के निर्देश दिये, ताकि 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व फ्रांस के राष्ट्रपति एमानुएल के शहर में भ्रमण के दौरान व्यवस्थाएं बहुत बढ़िया रहे।



## International Day of Acceptance

A challenging part of living in a world, where people are different, is learning to live with *acceptance*. Instead of comparing or competing, the best way to show love is to accept differences in abilities, embrace the special qualities each human has to offer, and make the world 'a better place' because of it! Through strength, resilience and determination, almost anyone can overcome challenges, demonstrating that abilities transcend limitations and inspire others to embrace their own unique strengths and possibilities.

#TRENDING

# Olive Oil Ice Cream

For those unfamiliar, this ice cream dish is also an Italian staple, known as *Gelato Con Olio E Sale*



In the latest food trend making waves on social media, influencers are elevating their traditional 'vanilla ice cream experience' by drizzling it with olive oil. Yeah, you read that right!

While the flavour combination may initially strike some as unusual, this dessert, loved by Dua Lipa, has pleasantly surprised those with a sweet tooth. Despite initial assumptions that the treat might be subpar, many are now dubbing the concoction as an "elite combination."

For those unfamiliar, this ice cream dish is also an Italian staple known as *Gelato Con Olio E Sale*.

The preparation involves serving two, sometimes, four scoops of creamy vanilla ice cream, followed by a generous drizzle of "good" olive oil and a sprinkle of flaky sea salt.



In a TikTok video that garnered 7.9 million views, influencer Nara Smith expressed her delight, stating, "It's so good, it's so addicting." Actress and content creator Claudia Sulewski, who is the girlfriend of musician Finneas O'Connell (Billie Eilish's brother and collaborator), also shared her endorsement of this decadent dessert online, although, some in the comments deemed it a luxury snack.

Though, Dr. G Sushma, consultant clinical Dietician, CARE Hospitals, Banjara Hills, Hyderabad, said that 'mixing olive oil and salt with ice cream' may not necessarily make it "unhealthier in a broad sense," but "it can significantly change the flavour profile and might not be appealing to everyone."

However, Dr. Sushma added that both, olive oil and salt, can be part of a healthy diet when consumed in moderation. "The key is moderation, as excessive intake of added fats and salt can contribute to health issues."

According to Dr. Sushma, there may be potential health benefits to adding a small amount of olive oil and salt to ice cream like,


- Olive oil is a source of monounsaturated fats, which are considered heart-healthy fats. Incorporating small amounts into your diet may have positive effects on cardiovascular health.
- Olive oil can add a rich and savoury flavour to the sweetness of ice cream, creating a unique taste experience.
- Salt is necessary for bodily functions, in limited amounts.

However, it's crucial to consider overall nutritional content of the ice cream.

"If the ice cream is already high in sugar and saturated fats, adding more fats, in the form of olive oil, may not necessarily make it a "healthier" option," warned Dr. Sushma. It's also important to be mindful of portion sizes and not overindulge in calorie-dense toppings.


While the 'combination of olive oil and salt with ice cream' may offer some interesting flavours and potentially small health benefits, moderation is key. If you're looking to make your ice cream experience 'healthier,' consider choosing ice creams with lower added sugars and saturated fats and enjoy toppings like fresh fruits or nuts in moderation. Always, be aware of your dietary preferences, restrictions and health goals.






He gave birth to the word "superstar" when he delivered 17 'consecutive solo super-hits' between 1969 and 1972. Interestingly, Khanna's success came after the failure of his films from 1966 to 1969, when his film *Bandhan* was a reasonable success. The tables turned, when in 1969-end, he had two simultaneous releases in the form of *Aradhana,* in which he portrayed the double role of father and son, directed by Shakti Samanta and *Do Raaste*, a family drama directed by Raj Khosla. Both films were super duper hits and Rajesh Khanna was here to stay.

(1942-2012)




# THE PHENOMENON

## #RAJESH KHANNA



Dr. Shoma A. Chatterji
*Film scholar, journalist & author*









Rajesh Khanna is, perhaps, the only mega star I did not have the opportunity to meet in person. How could I? He was forever surrounded by several circles of sycophants, who guarded him from everyone, so that he did not get 'mobbed.' But having watched many of his feature films, I had no doubt that this was a man who was born into stardom, though, there was no family history of 'films' in his genes, both, biological and adoptive. Such psycophancy can be defeating for any star, especially when his 'market' appears to be on the downswing. This is precisely what happened to the mega-star.

I remember a young girl in Delhi, jumping off the fourth or fifth floor of her hostel when she accepted the reality of never being able to marry her love, *Rajesh Khanna*. Another young college girl reportedly brought a framed photograph of Rajesh Khanna and placed it against the wall of her hostel room. She then called a priest and requested him to conduct the rituals and *mantras*, necessary for a *Hindu wedding*. And she got married to the photograph! Such was the charisma of *Rajesh Khanna*. Of course, there is no one to check the validity of these statements but they throw up a hint of the charisma that Rajesh Khanna held among young women in those days. When he was the biggest star, slightly older and married women within film families, rushed to make him their *raakhee brother* and showered gifts that he did not really need. But none of these appeared to embarrass him and he quite enjoyed this 'craziness' among his fans, men, women and children. There were stories that reported about 'women trying to commit suicide,' when he tied the knot with Dimple Kapadia in 1973. Even, the superstar who succeeded him, Amitabh Bachchan, and the newly minted *Khans* of the 1990s, Amir, Salman and Shahrukh, could not match the hysteria that he whipped up during his heyday.




"Rajeshysteria" was the heading of a magazine article on Rajesh Khanna, which, in that single word, captured the essence of his nationwide popularity among the mass audience in India. Rajesh Khanna was born in Amritsar, Punjab, before India was divided into two nations, India and Pakistan. The date was marked for posterity because he still remains *the greatest star phenomenon*, ever born in Indian cinema.

He was born on 29 December 1942 in Amritsar, Punjab, India, and was taken in for adoption by adoptive parents. He stepped into Hindi films in 1965, when he began shooting for *Raaz* and did 180 films, of which, 63 were feature films and 17 were short films. By 2011, he held the record for the maximum number of films as 'solo lead hero' and least number of multi-star films in Hindi Cinema. Of the 163 films, 106 were 'solo hero films' and 22 were 'multi-star films' and 29 films had him in 'special effective guest appearances' (though, only 97 were solo and 22 films had him as the hero and 11 remain unreleased from 1966 till 2013.)




His entry into films was through the top rank he bagged in the *United Producers All-India contest* in 1965, beating 10,000 competitors. The award he won was for the lead role in two films, *Aakhri Khat* and *Raaz*. Three of his first films, namely, *Aakhri Khat*, *Raaz* and *Aurat* were hits and this helped him establish himself firmly on the rather shaky ground of commercial cinema. He became so famous that when his *Baharon Ke Sapne* was released, the tragic end with Asha Parekh and Rajesh Khanna had to be changed to a 'happily-ever-after' story as the audience refused to accept a tragic closure to a film starring Rajesh Khanna.

He gave birth to the word "superstar" when he delivered 17 'consecutive solo super-hits' between 1969 and 1972. Interestingly, Khanna's success came after the failure of his films from 1966 to 1969, when his film *Bandhan* was a reasonable success. The tables turned, when in 1969-end, he had two simultaneous releases in the form of *Aradhana*, in which he portrayed the double role of father and son, directed by Shakti Samanta and *Do Raaste*, a family drama directed by Raj Khosla. Both films were super duper hits and Rajesh Khanna was here to stay.

The year *1971* turned out to be a watershed year for Rajesh Khanna to further consolidate his position as 'number one.' The hits came in droves with different storylines, different directors, different heroines and different characterizations. But one quality that distinguished Rajesh Khanna from his peers, at that time, such as Jeetendra and Vinod Khanna, was that the songs in his films were simply breath-taking and so were the picturizations and positioning within the film. For example, just take a look at the films, *Kati Patang*, *Anand*, *Aan Milo Sajana*, *Haathi Mere Saathi* had songs that are very popular till this day as are the stories of the films. In fact, *Haathi Mere Saathi* became the biggest box-office hit of that year. There is an anecdote about how while comparing 'Binaca Geetmala,' one of the most famous music shows on Radio Ceylon, compared by Ameen Sayani, once featured six of the ten top songs from Rajesh Khanna's films.

> He was pink-cheeked, curly-haired and handsome. He was not very tall and did not have a great body which was no big deal, as in those days, heroes did not need to have rippling muscles and worked-out- six-ab bodies. Rajesh Khanna was the *greatest romantic hero* of all time.

It is difficult to pin-point what charisma Rajesh Khanna had, that set off his fans in a state of hysteria. He was pink-cheeked, curly-haired and handsome. He was not very tall and did not have a great body which was no big deal, as in those days, heroes did not need to have rippling muscles and worked-out- six-ab bodies. But he had that rare charm about him, a captivating smile that lit up his entire face and invested his romantic image with a strange, illusory magnificence.

He had acquired some mannerisms such as nodding his head while doing a song sequence, smiling with a lot of oozing charm, his eyes twinkling with an air of mischief and naughtiness while trying to attract his lady love. All this leads to the conclusion that Rajesh Khanna, perhaps, was the *greatest romantic hero* of all time. He never bared his body and did not need to. But in films like *Dushman*, in which he played opposite an ageing Meena Kumari, he was charming, even, in a role with strong negative shades and the moustache he wore, invested him with a different kind of masculinity.

He played *hero* opposite all the leading ladies one could imagine and many of them like Asha Parekh, Sharmila Tagore were reportedly his 'senior' in terms of age. He is said to have given the maximum hits with Mumtaz. He remained the 'super star' as *superstar* for seven years (1969-1976) and had to share the status with Amitabh from 1977 to 1991, till he left films to join politics in 1991.


He played *hero* in forty-seven films between 1966 and 1975 which included 36 Golden Jubilee Hits and four Silver Jubilee hits, with only seven flops in nine years. He came to hold the world record with seventeen *successive super hits* which included fifteen consecutive 'solo super hits' and two 'hero films' *Andaz* and *Maryada*. He was a *super hero* among the pan-Indian audience and his popularity did not remain confined within Hindi-speaking people.

However, Rajesh Khanna was purely a director's actor. If the director was good, he could draw the best out of this *romantic hero* and turn his performances into memorable ones. Among them, three important directors one may name are Hrishikesh Mukherjee, who drew the best out of him in *Anand*, *Bawarchi* and *Namak Haram*, Ramesh Sippy, who brought him out, even in a supporting role, in *Andaz*, in which he dies half-way through the film and of course, Shakti Samanta, who turned him into one of the most fine-tuned, nuanced and stylized actor of his time, in *Aradhana*, *Amar Prem*, *Kati Patang* and so on. In *Ittefaq*, directed by Yash Chopra, he enthralled audiences with his wonderful performance of a young man trying to wriggle out of a murder that he did not commit. *Khamoshi*, produced by Hemant Kumar, shows Rajesh Khanna as a patient in a mental home who falls in love with the nurse who takes care of him. Rajesh Khanna was pitted against the brilliant actress Waheeda Rehman in the film. His 'death' in films too, turned the film into big hits. Two examples are *Anand* and *Safar* directed by Asit Sen.

He covered a long span from a young man to an old person extremely well in two films. One was *Aap Ki Kasam* and the other was *Avatar*, both were big box-office hits. Both films had him playing *grey characters* who turn over a page in life at the end and they revealed a side of the actor not seen before.

Journalist Charukesi Ramadurai wrote, "It is difficult to pinpoint exactly what made the *Rajesh Khanna package*. Perhaps, it was a combination of factors. A boy-next-door personality, a lopsided smile, a distinct soft drawl when delivering such memorable lines as "*Pushpa, I haaate tears*" (from *Amar Prem*) and "*Babumoshaaai*" (from *Anand*). Maybe, it was the sizzling chemistry with all his heroines or RD Burman's soul-stirring music that Kishore Kumar brought alive with his honeyed voice or was he just in the right place at the right time?" (The National, July 31, 2012.)








Other than the super popularity of Amitabh Bachchan, who topped the charts while marking the slow but steady downfall of Rajesh Khanna, the other two reasons for his downfall are reportedly 'his arrogance' when he became a super-star and 'unprofessional behaviour' on the sets. One story goes that he would often insist on changing right on the sets, instead of the dressing room, in front of female actors. This was quite embarrassing for everyone and made him unpopular. Another was that he refused to memorise his dialogues in takes and rehearsals. He would insist that someone should stand behind the movie camera, holding a slate, with the dialogues written on it with chalk.

The other reason is that he began to gather a lot of sycophants around him disguised as 'friends' who drunk his booze, ate his food and turned him almost into an alcoholic. This was the time when, even with two little girls, his marriage to Dimple Kapadia ended in divorce.

He tried his best to resurrect 'himself and his career' with a telefilm or so but it was a tragic attempt of a top star to try and rescue his career and it was a bit too late. Rajesh Khanna, ultimately, died of cancer in 2012, almost alone. A sad end to a glorious story which is the story of *life itself*!

rajeshsharma1049@gmail.com







#REVERENCE

# 7 lesser-known *Lord Rama* Temples

As the nation eagerly awaits the momentous occasion of the *Ayodhya Ram Mandir inauguration*, these lesser-known temples serve as reminders of the widespread reverence for *Lord Rama* across the diverse landscapes of India.

With the much anticipated inauguration of the *Ayodhya Ram Mandir* on the horizon, the spotlight is undeniably on *Ayodhya*, the birthplace of *Lord Rama*. However, scattered across the vast expanse of India, are several lesser-known temples dedicated to *Lord Rama*, each carrying its unique history and significance. As we eagerly await the grand ceremony in Ayodhya, let's embark on a journey to discover some of these hidden gems that resonate with the spiritual essence of Lord Rama.

### Ram Mandir, Orchha, Madhya Pradesh

Situated in the historic town of *Orchha*, the Ram Mandir, boasts stunning architecture and intricate carvings. Built during the reign of the Bundela Rajputs in the 16th century, this temple is a hidden marvel that showcases Lord Rama's timeless appeal beyond the mainstream narrative.



### Ramateertham, Andhra Pradesh

Located near *Vizianagaram*, *Ramateertham*, is home to an ancient Lord Rama temple, nestled amid picturesque hills. The temple is believed to have been constructed during the 17th century and stands as a testament to the enduring legacy of *Lord Rama* in South India.

### Ramnagar Fort Temple, Varanasi

*Varanasi*, the spiritual heart of India, houses the *Ramnagar Fort Temple*. Constructed in the 18th century by the Maharaja of Banaras, this temple, within the historical fort complex, attracts pilgrims seeking solace away from the bustling ghats of the Ganges.



### Raghunath Temple, Jammu and Kashmir

Perched on a hill in *Jammu*, the *Raghunath Temple* is an ancient shrine dedicated to Lord Rama. While the state often captures headlines for its scenic landscapes, this temple offers a spiritual retreat, allowing devotees to connect with the divine in serene surroundings.

### Ramappa Temple, Telangana

While primarily a Shiva temple, the *Ramappa Temple* in *Palampet*, *Telangana*, also pays homage to Lord Rama. The temple's architectural brilliance and its association with the Kakatiya dynasty make it a must-visit destination for history enthusiasts and devotees alike.



### Ramji Mandir, Kanpur


In the heart of *Kanpur* stands the *Ramji Mandir*, an age-old temple that predates the city's industrialisation. Devotees flock to this temple, seeking blessings and spiritual tranquility amid urban hustle.

### Sita Ramachandraswamy Temple, Telangana

Located on the banks of the Godavari River, the *Sita Ramachandraswamy Temple* in *Bhadrachalam* has a history, dating back to the 17th century. The temple complex narrates the epic of 'Ramayana' through its intricate carvings and sculptures.



THE WALL





BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अवैध खनन रोकने गई टीम पर खनन माफियाओं ने पथराव कर हाथापाई की

## कालोटा के वन क्षेत्र में अवैध रूप से खनन कर पत्थर निकालने की सूचना मिल रही थी


**खेतडी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के कालोटा गांव में वन क्षेत्र की पहाड़ियों में अवैध खनन रोकने गई टीम पर खनन माफियाओं की ओर से हाथापाई कर ट्रैक्टर छुड़ाने का प्रयास किया गया। इस दौरान वन विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से देर शाम को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

क्षेत्रीय वन अधिकारी विजय कुमार फगेड़िया ने बताया कि राज्य

- **कालोटा गांव में वन क्षेत्र की पहाड़ियों में अवैध खनन रोकने गई थी टीम**

सरकार द्वारा अवैध खनन के खिलाफ पांच विभागों द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पिछले कुछ दिनों से कालोटा के वन क्षेत्र में अवैध रूप से खनन कर पत्थर निकालने की सूचना मिल रही थी। इस दौरान वन विभाग की टीम ने कालोटा क्षेत्र में वन क्षेत्र में दबिश दी। जब विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो वहां एक ट्रैक्टर ट्राली जिसमें पत्थर भरे हुए थे। जब टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ कर कार्रवाई करने लगी तो ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को लेकर बबाई की तरह भाग छूटा। इस दौरान खनन कर रहे लोगों ने वन विभाग की टीम पर पथराव शुरू कर दिया। टीम ने ट्रैक्टर का पीछा कर बबाई में पकड़कर जब्त किया। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ने अपने अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया तथा वन विभाग की टीम के साथ हाथापाई करने लगे। इस दौरान वन विभाग के रेंजर ने पुलिस को घटना के बारे में अवगत करवाया तो बबाई व खेतड़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस व वन विभाग की टीम ने कालोटा निवासी बलेश गुर्जर व विजेश गुर्जर को हिरासत में लेकर रेंज कार्यालय लाया गया।

रेंजर विजय फगेड़िया ने बताया कि हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। इस संबंध में रेंजर की ओर से आरोपियों के बबाई थाने में वन अधिनियम तथा राज कार्य में बाधा डालने, पथराव करने सहित अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज करवाया गया है। थानाधिकारी सरदारमल यादव ने बताया कि रेंजर की ओर से दी गई रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है तथा जल्द ही गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



वन विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# पेपरलीक प्रकरण : एसओजी ने महुवा क्षेत्र में छापेमारी की

**दौसा, (निसं)।** प्रदेश की एसओजी पेपर लीक मामले को लेकर पूरी तरह सक्रिय दिखाई दे रही है एवं लगातार कार्रवाई के बाद दौसा जिले के महुआ में छापेमारी की गई है।

वहीं सरकार बदलने के साथ सोग स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप सक्रिय होने के चलते पूर्वी राजस्थान के जिले एसओजी ने खुद के निशाने पर लिए है। पेपरलीक मामले को लेकर एसओजी की टीम दौसा समेत कई जिलों में कार्रवाई कर रही है। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए पेपरलीक प्रकरण में राज्य सरकार अब सख्त हो गई है। मामले को लेकर पूर्वी राजस्थान के कई जिले एसओजी के निशाने पर पर हैं। सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेपर लीक सहित मुख्य गड़बड़ियों को लेकर उनकी जांच करने के साथ दोषियों को

- **टीम द्वारा पेपरलीक मामले से जुड़े संदिग्धों व उनको आश्रय देने वाले चिह्नित कर कार्रवाई की**
- **एसओजी ने महुवा इलाके में सालिमपुर में एक संदिग्ध की तलाश में दबिश दी**

नहीं बख्श ने की बात कही गई थी।

इसके बाद एसओजी के एडीजी वीके सिंह व डीआईजी योगेश यादव के निर्देश में दौसा समेत कई जिलों में कार्रवाई चल रही है। मामले को लेकर एसओजी के एडिशनल एसपी नरेन्द्र मीना के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को दौसा जिले के महुवा क्षेत्र में दबिश दी गई। टीम द्वारा पेपर लीक मामले से जुड़े संदिग्धों व उनको आश्रय देने वाले चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है। एसओजी ने महुवा इलाके में सालिमपुर गांव में भी पेपर लीक से जुड़े एक संदिग्ध की तलाश में दबिश दी। इसके साथ ही एसओजी की टीम द्वारा करौली, गंगापुर, भरतपुर व अलवर जिलों में भी कार्रवाई की जा रही है। एएसपी मीना ने बताया कि पेपर लीक से जुड़े आरोपियों की प्रॉपर्टी को भी चिह्नित किया जा रहा है, ऐसे में आगामी दिनों में आरोपियों की प्रॉपर्टी को लेकर भी बडा एक्शन लिया जा सकता है। मामले में एसओजी द्वारा दर्जनों संदिग्धों को चिह्नित किया है। पिछले दिनों कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## अधेड़ की मौत

**जोधपुर, (कास)।** देसूरिया खारलोन गांव की सरहद में डामर प्लांट के सामने मजूदरी कर लौट रहे एक अधेड़ को किसी वाहन चालक ने चपेट में लिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एंबुलैंस 108 की मदद से उसे एमजीएच लाया गया। मगर उसे मृत बता दिया गया। करवड़ पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया। करवड़ पुलिस थाने में देसुरिया खारलोन निवासी राहुल पुत्र दुर्गाराम भील की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके चाचा 45 वर्षीय मिश्रीलाल पुत्र रूघाराम भील 17 जनवरी रात को नौ बजे मजूदरी कर पैदल घर की तरफ लौट रहे थे। तब छगनीराम डामर प्लांट के सामने किसी वाहन चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## महिला का शव मिला, हत्या की आशंका जताई

**जोधपुर, (कासं)।** बासनी औद्योगिक क्षेत्र डर्बी कॉलोनी में एक सूने कमरे की छत पर महिला का शव पड़ा मिला। गले में कपड़ा डाला गया है और प्रथमदृष्टया गला घोंटकर हत्या करना प्रतीत हुआ है। सूचना पर पुलिस पहुंची। महिला बिहार की लग रही है। एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम गौरव यादव ने बताया कि सूचना मिली कि डर्बी कॉलोनी बासनी क्षेत्र में झाड़ियों से काफी दूरी पर एक सूना कमरा बना हुआ है। कमरे के ऊपर नीचे चढ़ने जैसे कोई सीढ़ियां आदि नहीं बनी है। खिड़की भी टूटी हुई थी। इस कमरे की छत पर महिला

- **महिला बिहार की बताई, शव को अस्पताल की मोर्चरी में भेजा**

का शव पड़ा था। गले में कपड़ा डाला हुआ है जिससे प्रथम दृष्टया यह लगा है कि महिला की गला घोंटकर हत्या की गई है। डीसीपी यादव ने बताया कि हत्यारा अज्ञात है। महिला बिहार की है और शव को अब अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया गया है। लूट हो ऐसे आलामात नहीं मिले है। शरीर पर पहने गहने भी सुरक्षित है। हत्या किस कारण से की गई यह तो हत्यारे के पकड़े जाने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# भू-अभिलेख निरीक्षक व दो लिपिक निलंबित

**किशनगढ़ बास/खैरथल, (निसं)।** जिला कलेक्टर हनुमानमल ढाका ने महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग राजस्थान अजमेर निर्देशानुसार कार्रवाई कर कार्य व्यवस्थार्थ नायब तहसीलदार एवं पदेन उप पंजीयन (मूल पद भू-अभिलेख निरीक्षक) खैरथल रामकिशन एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी (पंजीयन लिपिक), तहसीलदार एवं पदेन उप पंजीयन कार्यालय खैरथल विवेक धामाणी एवं कनिष्ठ सहायक (पंजीयन लिपिक) तहसील एवं पदेन उपकार्यालय हरसौली राजवीर को क्षेत्राधिकार से बाहर स्थित संपत्तियों से संबंधित दस्तावेजों का अवैध रूप से पंजीयन करने के मामले में निलंबन किया है।

- **महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग अजमेर के निर्देश पर की कार्रवाई**
- **क्षेत्राधिकार से बाहर अवैध रूप से पंजीयन किए जाने का मामला**

जिला कलेक्टर ढाका ने बताया कि उप महानिरीक्षक अलवर-प्रथम द्वारा प्रकरण में जांच पश्चात प्रस्तुत की गई जांच रिपोर्ट के अनुसार अलवर जिले के कई पूर्णकालिक व पदेन उपपंजीयन कार्यालयों द्वारा हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली राज्य में स्थित अचल संपत्तियों के बेचान से संबंधित पावर ऑफ अटॉर्नी, वसीयतनामा आदि का अवैध रूप से पंजीयन किया गया था। इस प्रकार अलवर के सात पंजीयन कार्यालयों में मामला पाया गया है।

इस मामले में वित्त विभाग ने पंजीयन में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित अधिकारी कार्मिकों के विरुद्ध फिर दर्ज करने के आदेश भी किए गए हैं। वित्त कर विभाग संयुक्त शासन सचिव की ओर से उप पंजियकों के कृत्य को अपराधिक मानते हुए कार्रवाई के लिए महान निरीक्षक को पत्र भेजा गया था। महानिरीक्षक पंजीयन के आदेश पर शुक्रवार को जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने कार्रवाई करते हुए भू अभिलेख निरीक्षक खैरथल रामकिशन कनिष्ठ सहायक पंजीयन लिपिक विवेक घामाणी व हरसोली राजवीर को क्षेत्राधिकार से बाहर अवैध रूप से पंजीयन किए जाने के मामले में निलंबन के आदेश किए हैं।

## श्री श्री रवि शंकर 23 को जोधपुर आएंगे

**जोधपुर, (कास)।** आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रवि शंकर के 23 जनवरी को जोधपुर आएंगे। स्वागत की तैयारियां जोरों पर चल रही है। 23 जनवरी को शाम 6.30 बजे, जोधपुर के शिकारगढ़ का विशाल दारा गार्डन में विश्व शांति प्रणेता और मानवतावादी, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के स्वागत के लिए तैयारियां चल रही है। ज्ञान, ध्यान, भक्ति, संगीत और उत्सव की एक शाम के आयोजन के लिए भक्तों की टोली जुटी हुई है। सत्संग में प्रसिद्ध सुमेरु संध्या गायक, जितेंद्र सारस्वत और सौरभ शेखावत के साथ-साथ अन्य भक्ति कलाकार भी शामिल होंगे, जो अपने उत्कृष्ट भक्ति संगीत से संगीतमय शाम में समां बांधेंगे। गुरुदेव के साथ महासत्संग की तैयारी में आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक 18 से 22 जनवरी तक शहर भर के सैकड़ों केंद्रों में हैप्पीनेस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं।

# अरविंद केजरीवाल की तरफ से ख्वाजा की दरगाह में चादर पेश



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से अजमेर दरगाह में चादर पेश की।

**अजमेर, (कासं)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से शुक्रवार को अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह के लिए पवित्र चादर पेश की। सीएम अरविंद केजरीवाल ने यह चादर 812वें वार्षिक उर्स के अवसर पर भेजी है। आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व दिल्ली उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने भेजी चादर दोपहर चार बजे के करीब दिल्ली उर्स कमेटी चेयरमैन एफआई इस्माइली व कमेटी सदस्य और आम आदमी पार्टी राजस्थान व अजमेर पदाधिकारी के साथ सर्किट हाउस से प्रोटोकॉल के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में दरगाह पहुंचे।

अरविंद केजरीवाल द्वारा भेजी गई चादर का वहां मौजूद जनता ने पूरे सम्मान के साथ स्वागत किया। सीएम ने देश में आपसी भाईचारे, अमन चैन और देश की तरक्की की कामना की है। सीएम की चादर के साथ राज्यसभा सांसद संजय सिंह, दिल्ली शिक्षा व राजस्व मंत्री आतिशी, दिल्ली विधानसभा स्पीकर राम निवास गोयल, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री दिल्ली इमरान हुसैन, पर्यावरण मंत्री गोपाल रॉय, डिविजनल कमिशनर अश्वनी कुमार, विधायक मालवीय नगर सोमनाथ भारती की चादर भी पेश की गई।

सीएम अरविंद केजरीवाल परंपरा के तौर पर हर साल उर्स पर चादर पेश करते हैं। इस अवसर पर राजस्थान उपाध्यक्ष केसर काठात, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रमजान खान, एस सी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज जटिया, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रियाज अहमद मंजूरी मौजूद रहे व उर्स कमेटी के सदस्य परवेज नूर, मो. मुस्तफा, इस्लामउद्दीन, वकार भोपाली, फहीमउद्दीन सैफी के अजमत इकबाल (मोना) फुरकान कुरैशी, फरीक अहमद एवं उमैर उपस्थित रहे।

## देवेन्द्र फडणवीस की चादर पेश

**अजमेर, (कासं)।** सूफी संत ख्वाजा मोइनुददीन हसन चिश्ती के 812वें उर्स के अवसर पर महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा भेजी गई चादर पेश की गई। गद्दीनाशींन खादिम सैयद अफशांन चिश्ती ने चादर पेश की और मोहसीन जफर खान ने बुलंद दरवाज़े पर फदनविस द्वारा भेजा गया सन्देश पड़ा। महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री की चादर नागपुर से भाजपा नेता मोहसीन जफर खान अध्यक्ष नागपुर शहर अल्पसंख्यक मोर्चा की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल दरगाह लेकर पहुँचा जिसमें असलम खान उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा महाराष्ट्र, ईकराम अंसारी, मुनीश अनवर, शब्बीर खान, मोहसीन पटेल, अरशद हुसैन, मोईन खान, शामिल रहे। जियारत के दौरान सैयद मेहराज चिश्ती भी मौजूद रहे।

# संविदा पर लगे कार्मिक को हटाने पर हाईकोर्ट की रोक

**जोधपुर, (कासं)।** सरकार बदलने के साथ ही संविदा पर लगे टीचर को हटाने के शिक्षा विभाग के आदेश पर राजस्थान उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। इस टीचर को जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर लगाया गया था लेकिन प्रिंसिपल ने संविदा सेवा खत्म करने के आदेश जारी कर दिए। टीचर को स्वायत्त शासन विभाग के आदेश का हवाला देते हुए हटाया गया, जिस पर टीचर ने आपत्ति दर्ज कराते हुए उच्च न्यायालय में रिट लगा दी।

टीचर रमजान अली ने सरकारी सीनियर सैकंडरी स्कूल गिन्नाणी पंवारसर में संविदा पर नियुक्ति प्राप्त की थी। वो पहले सरकारी सेवा में थे और सेवानिवृति के बाद फिर से काम शुरू किया था।

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार हटने के बाद भाजपा सरकार ने एक आदेश जारी कर संविदा पर लगे सभी कर्मचारियों को हटा दिया था। रमजान अली की सेवानिवृति 28 फरवरी 2022 को ग्रेड थर्ड लेवल टू (सामाजिक विज्ञान) के पद से हुई थी। सेवानिवृति पश्चात एक मई 2023 को जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा (मुख्यालय) बीकानेर ने संविदा के आधार पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गिन्नाणी पंवारसर में ग्रेड थर्ड के रिक्त पद पर वापस नियुक्ति दी। अधिवक्ता एडवोकेट प्रमेंद्र बोहरा के माध्यम से रिट याचिका उच्च न्यायालय जोधपुर के समक्ष प्रस्तुत की थी।

# वन विभाग ने 14 टन कोयले का अवैध स्टॉक जब्त किया

**टोंक, (निसं)।** जिले में अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान को लेकर जिला कलेक्टर के निर्देश पर वन विभाग ने अवैध बजरी खनन एवं गीली लकड़ी के उपयोग पर कार्रवाई की है।

जिला वन मण्डल अधिकारी मरिय शाइन ए ने बताया कि अभियान के तहत गुरुवार को अवैध गीली लकड़ी से भरी हुई दो पिकअप जब्त कर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी प्रकार क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वारा जिले में खनन रोकने के लिए खनन मार्गों को जेसीबी द्वारा काटकर लगातार गश्त की जा रही है। इसी प्रकार क्षेत्रीय वन अधिकारी उनियारा द्वारा अलीगढ़ में 13 टन एवं भोजपुरा में 1 टन कोयले का अवैध स्टॉक जब्त किया गया। साथ

- **सीतापुरा एवं धारौला में 50 टन अवैध चैजा पत्थर का स्टॉक जब्त**

ही, ब्लॉक देवली के ग्राम सीतापुरा एवं धारौला में 50 टन अवैध चैजा पत्थरों के स्टॉक को जब्त किया गया। है।

जिला वन मण्डल अधिकारी ने बताया कि क्षेत्रीय वन अधिकारियों को अवैध खनन से संबंधित स्थानों को चिन्हित करने एवं जिले में बजरी, चौचा पत्थर, लकड़ी एवं कोयले के अवैध खनन और भण्डारण को रोकने के लिए जिले में स्थापित वन चौकियों को प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

## 30 लाख के जेवर सहित नकदी चोरी

**डूंगरपुर, (निसं)।** सागवाड़ा थाना क्षेत्र के बोहरावाडी में चोरों ने गुरुवार रात तीन सूने मकानों को निशाना बनाया। चोर तीनों मकानों से करीब 30 लाख के सोने के आभूषण और डेढ लाख की नकदी चुराकर ले गए। घटना के समय तीनों घरों के लोग अपने रिश्तेदार के घर गए हुए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सागवाडा थाना पुलिस ने बताया कि बोहरावाडी निवासी हसीना पत्नी दाउद सेठ ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि वह घर पर अकेली होने से गुरुवार रात को अपनी बेटी के घर सोने गई थी। शुक्रवार सुबह जब अपने घर लौटी तो देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। जब घर के अन्दर गई तो घर में सामान बिखरा पडा था। वहीं, आलमारी का ताला टूटा हुआ था और उसमें से सोने-चांदी के आभूषण और कैश गायब था। इसके साथ ही चोरों ने उसके 2 पड़ोसियों के घरों को भी निशाना बनाया। पडोसी विदेश में रहते हैं। पडौसियों के घर से भी चोर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी ले गए।

# पालतू कुत्तों से बचने के लिए भाई-बहन भागे, ट्रैक पर मालगाड़ी से कटे

**जोधपुर, (कासं)।** कुत्तों से बचने के लिए भागे रिश्तेदार भाई-बहन मालगाड़ी की चपेट में आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा जोधपुर के माता का थान इलाके में शुक्रवार दोपहर हुआ। हादसे की जानकारी पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार अनन्या और युवराज बनाड़ के गणेशपुरा के रहने वाले थे और आर्मी चिल्ड्रन अकादमी में पढ़ते थे। दोनों अपने तीन अन्य साथियों के साथ स्कूल से लौट रहे थे। रास्ते में कुछ पालतू कुत्ते पीछे पड़ गए। डरकर बच्चे भागने लगे। भागते-भागते तीन बच्चे रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। इस दौरान जोधपुर बनाड़ कैंट स्टेशन के 50 मीटर की दूरी पर मालगाड़ी आ गई। बच्चे कुछ संभल पाते उससे पहले ही ट्रेन से कट गए। हादसे की जानकारी मिलने पर बच्ची के पिता आर्मी से रिटायर प्रेम सिंह, उसके मामा भवानी सहित अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। बच्चों के शव देखकर बिलख पड़े और ट्रैक पर ही बैठ कर रोने शुरू हो गए। युवराज के पिता मदन सिंह कर्नाटक में है। उन्हें कॉल करके हादसे की जानकारी दी गई। मालगाड़ी से बच्चों के कटने की सूचना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

बच्चों के पीछे 3-4 पालतू कुत्ते भागे थे। उन्हें इलाके में रहने वाले ओमप्रकाश राठी ने पाल रखा है। बच्ची के पिता ने कुत्तों के मालिक पर कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने कार्रवाई नहीं होने तक शव उठाने से मना कर रहे हैं। पुलिस परिजनों से समझाइश कर रही है। मृतकों के घरवालों ने शव उठाने से इनकार कर दिया। अनन्या और युवराज रिश्ते में भाई-बहन थे।

# पुरानी रंजिश में युवक की गोली मारकर हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती डांगियावास स्थित खेड़ी सालवा में गुरूवार की देर रात को आपसी रंजिश के चलते 4-5 लोगों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वह खेड़ी सालवा में छात्रसंघ के पूर्व संयुक्त महासचिव सुनील लोल के यहां पारिवारिक आयोजन में शामिल होने के लिए गया था। जहां से लौटते वक्त यह घटना हुई। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने रातभर के अथक परिश्रम के उपरांत एक आरोपी को हिरासत में लिया है। साथ ही एक बालक को निरूद्ध किया गया है। इधर आज दोपहर में शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। इससे पहले मृत शरीर का एक्स रे करवाया गया ताकि पता लग सके कि कितनी गोलियां शरीर में लगी है। एक गोली सिर में लगना प्रांरभिक तौर पर बताया गया जो कि मौत का कारण बनी है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त क्रेटा कार को जब्त कर किया है।

डीसीपी (पूर्व) डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते सभा से लौट रहे बनाड़ निवासी अनिल लेगा पर फायरिंग की गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों ही परिवारों में लंबे समय से खूनी रंजिश चली आ रही थी। करीब 40 साल पहले जब अनिल छोटा था, तब थानाराम ने उसके दादा की हत्या कर दी थी। बचपन से ही अपने दादा की मौत का बदला मन में पाले बैठे अनिल ने साल 2018 में दादा के हत्यारे थानाराम सोऊ की हत्या कर दी। इसके बाद वह जेल चला गया। इसके बाद वह जेल से बाहर भी आ गया था। गुरुवार को अनिल लेगा पारीवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए खेड़ी सालवा पहुंचा। जहां पर घात लगाकर

- **मामले में पुलिस ने एक बालक को निरूद्ध किया, वारदात में प्रयुक्त कार जब्त की**
- **खेड़ी सालवा में पारिवारिक आयोजन में शामिल होने गया था युवक**
- **'मृतक अनिल लेगा के खिलाफ भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हो रखे हैं'**

बैठे थानाराम के परिजनों ने गाड़ी से उतर कर फायरिंग की। कई राउंड फायर किए। जिसमें एक गोली अनिल के सिर में लगी। जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**पांच साल पहले की हत्या :-** डीसीपी पूर्व डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 15अगस्त 2018 की दोपहर में आरोपियों के पिता थानाराम जो 15 अगस्त का कार्यक्रम देखकर अपने पौत्र के साथ पुनः घर लौट रहे थे तब अनिल पुत्र पपाराम विश्नोई, जितेन्द्र पुत्र पपाराम विश्नोई, नेमाराम पुत्र भीखाराम विश्नोई, सोहनराम पुत्र राणाराम विश्नोई निवासी करवड़, बंशीलाल पुत्र मोहनराम विश्नोई निवासी लेगों की ढाणीयां, सावतियार भाकरी के पास सरहद नेतड़ा, राहुल कच्छावाह पुत्र बाबूलाल माली निवासी सांखलों का बास मण्डोर सभी ने सोची समझी रणनीति के साथ थानाराम विश्नोई के सिर में गोली मार कर हत्या की गई थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच आपसी रंजिश थी।

**मृतक अनिल लेगा के खिलाफ नौ प्रकरण दर्ज :-**डीसीपी पूर्व डॉ. दुहन ने बताया कि मृतक अनिल लेगा के खिलाफ भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हो रखे है। अब तक नौ प्रकरण सामने आए है। जिनमें हत्या, मादक पदार्थ तस्करी, मारपीट और हत्या प्रयास एवं एससीएसटी के दर्ज हो रखे हैं। उसके खिलाफ मंडोर, डांगियावास, कुड़ी भगतासनी, जोधपुर ग्रामीण के चामू, नागौरी गेट, रातानाडा बनाड़ एवं उदयमंदिर में प्रकरण दर्ज हो रखे हैं। ज्यादातर मामलों में पेंडिंग ट्रायल है।

**एक आरोपी गिरफ्तार, बालक निरूद्ध :-**डीसीपी दुहन ने बताया कि एक आरोपी खेड़ीसालवां निवासी विष्णु पुत्र जगदीश राम विश्नोई को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया है वहीं एक बालक को निरूद्ध किया गया है।

## दुष्कर्म का मामला दर्ज

**बामनवास।** सवाई माधोपुर जिले के एक थाने में 15 वर्षीय कक्षा दसवीं में अध्यनरत छात्रा के साथ इस विद्यालय की 12वीं कक्षा में पढने वाले एक नाबालिग ने अपने रिश्ते में मामा लगने वाले के साथ अपहरण कर सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया गया है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता के चाचा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 18 जनवरी गुरुवार को प्रात करीब 8बजे मेरी 15 वर्षीय नाबालिग भतीजी अपने भाई के साथ विद्यालय में पढ़ने जा रही थी इस दौरान इस विद्यालय में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले आरोपी छात्र ने अपने मामा के साथ मिलकर उसका अपहरण कर लिया एवं सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया इसके बाद नाबालिग शाम को जैसे तैसे अपने घर पहुंची एवं घटना की जानकारी परिजनों को दी। पुलिस ने पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया एवं तुरंत कार्रवाई करते हुए नाबालिग को हिरासत में ले लिया व उसके साथी मामा की तलाश जारी है।

# ९० प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को हवाई यात्रा का तोहफा

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र में पिछले वर्ष वार्षिकोत्सव प्रोग्राम में कर्णपुरा, तलावगाँव, श्रीमा, लाखनपुर, दौलतपुरा, और समेल स्कूलों में प्रोग्राम के दौरान समाज सेवी कमलेश लोटण के द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालें छात्रों को प्रोत्साहन राशि के साथ हवाई सफर का तोहफा मिला।

प्रत्येक बोर्ड क्लास में टॉप तीन छात्र प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को नौकरी लगने तक निशुल्क लाईब्रेरी की व्यवस्था, जिस अध्यापक का अपने सबजेक्ट मैं सभी कक्षाओं का परिणाम शत प्रतिशत रहने पर प्रोत्साहन कर सम्मान समारोह की घोषणा की थी। टॉप करने वालें बच्चों का उत्साह बढाकर और बच्चों को भी प्रेरित करना मुख्य मकसद हैं। टॉप रहे स्टुडेंट्स को जयपुर से दिल्ली का हवाई सफर कराया गया है दिल्ली में राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, लाल किला, इंडिया गेट, कुतुब मीनार, मेट्रो, जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण भी कराया। ऐसी होनहार प्रतिभाओं का मनोबल बढाने का काम सभी को करना चाहिए ताकि उससे प्रेरित होकर आगे और भी स्टुडेंट्स उनकी तरह बनने की कोशिश करें। शिक्षा और समाज में कमलेश लोटण का हमेशा सामाजिक तौर पर और भी योगदान रहा है लालसोट में प्रथम लाईब्रेरी की शुरुआत की जिसमें आज भी बहुत से गरीब और अनाथ बच्चों को निशुल्क पढाया जाता है, सोशल मीडिया के माध्यम में मिशन चलाकर मदद करने की शुरूआत भी लाडपुरा हेमराज मिशन से कमलेश लोटण ने की हैं।



हवाई यात्रा में जाते छात्र-छात्राऐं।

लालसोट मैं जब भी प्रतियोगी परीक्षाओं का सेंटर आया है बहार से आए विधार्थियों को निशुल्क खाने पीने और रहने की व्यवस्था की है। चाहे राजस्थान पुलिस हो या रीट परिक्षा हो, कोरोना काल के समय भी यथासंभव लोगों की मदद की है। लम्पी वायरस के समय भी गाँवों मैं जाकर गायों का इलाज कराया, ईआरसीपी जैसे और भी सामाजिक मुद्दों पर हमेशा लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है।

## देवली के नाले सफाई के अभाव में कचरो से भरी


कचरों से अटा पड़ा नाला।

**देवली** (निसं)। यहां नगर पालिका का दावा है कि शहर में बाजारों के नलों से नियमित कचरा निकालने का कार्य किया जाता है। ऐसे में देखा जाए तो पालिका के यह दावे कागजों तक ही सीमित है जबकि हालात इससे विपरीत है।

इसलिए की यहां शहर के मुख्य बाजारों मैं बने हुए नालों की स्थिति सफाई के अभाव में गंदगी और कचरो से भरी हुई है।शहर भर के नालों की ऐसी बनी हुई परिस्थितिया पालिका के सफाई कार्य के दावों से विपरीत है । जो करोड़ों के खर्च पर सफाई के नाम कागजों में इंद्राज दावों की पोल खोल रही है। शहर भर के नाले और नालियो के हालात इतने बुरे बने हुए हैं कि। वह ऊपर तक कचरो से भरे हुए अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर कई दुकानदारों ने उक्त हालातो से बनी हुई परेशानी बयां करते हुए बताया कि नगर पालिका के कर्मचारी ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर बाजार में तो रोज आते हैं। लेकिन नालों की सफाई के कार्यों पर औपचारिकता करते हुए निकल जाते हैं।

## नगरपालिका प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

■ एसडीओ गोविंद सिंह भींचर व ईओ अरूण शर्मा के नेतृत्व में हटाया अतिक्रमण

**खाटूश्यामजी।** कस्बे में जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी के निरीक्षण करने के बाद शुक्रवार को उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह भींचर व ईओ अरूण शर्मा एक्शन में दिखे। एसडीओ व ईओ के नेतृत्व में नगरपालिका प्रशासन ने अस्पताल चौराहा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर के पास,पूराने बस स्टैंड से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

कस्बे में जहां अनेक दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त किया तो अनेक लोगों को अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत भी दी गई ।नगरपालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चंदेलिया ने बताया कि अस्पताल चौराहा,पुराना बस स्टैंड,मुख बाजार,श्याम कुंड गली में अतिक्रमण दस्ते ने कार्रवाई की। इसके पश्चात गुवाड़ चौक पर तीन दुकानों के लगे अस्थाई दीवार व टीन सेड को जेसीबी से तोड़ा गया। नगरपालिका की सख्ती भरी इस कार्रवाई से आमजन में अफरातफरी का माहौल नजर आया। कार्रवाई के दौरान कस्बे वासियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा बिना सूचना के ही अतिक्रमण हटाया गया हालांकि प्रशासन ने दुकानदारों को समय देते हुए अतिक्रमण में रखा सामान अंदर रखवा कर ही अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया।नववर्ष पर दर्शन निकास मार्ग सही नहीं होने पर श्रद्धालुओं में अफरातफरी व भगदड़ का सा माहौल हो गया था जिसको देखते हुए जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के बाद उपखंड अधिकारी को दर्शन मार्ग व दर्शन निकास मार्ग में से अस्थाई अतिक्रमण हटाकर सुगम रास्ता बनाने के लिए कहा गया था उसी के तहत नगर पालिका प्रशासन ने उपखंड अधिकारी के निर्देशन में थाना के एएसआई सुरेश कुमार के नेतृत्व मय जाब्ता तैनात रहकर अतिक्रमण हटाया गया और भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने की भी हिदायत दी गई।

## निःशुल्क हेलमेट वितरण का पोस्टर विमोचित

**पावटा।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र में माधव जनकल्याण फाउंडेशन के तत्वाधान में प्रागपुरा थाना के संयोजन व प्रागपुरा थाना प्रभा री राजेश मीणा के नेतृत्व में यातायात नियमों का पालन कराने के लिए संस्था कोषाध्यक्ष जैलेंदर यादव, सचिव रोहित अहीर, रविकांत यादव, पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, पोखर की उपस्थिति में निशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया। कार्यक्रम को सबोधित करते हुए प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा ने कहा कि माधव जनकल्याण फाउंडेशन द्वारा बहुत ही शानदार और सराहनीय पहल की जा रही है, आज के परिवेश में लोग सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं करते जिससे आज बहुत सारे लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। वही इस दौरान संस्था कोषाध्यक्ष जैलेंदर यादव, सचिव रोहित अहीर, रविकांत यादव, पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, पोखर ने कहा कि आज सडक पर लापरवाही के चलते सडक दुर्घटना के शिकार परिवार पूरी तरह से टूट जाते हैं।

## सरसों महोत्सव का आगाज हुआ

■ मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों के लिए उपयोगी : जिला प्रमुख

**टोंक।** कृषि विभाग के तत्वावधान मृदा स्वास्थ्य कार्ड जागरूकता अभियान के तहत कृषक प्रशिक्षण एवं सरसो महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबन्धन पर जानकारी दी गई।

कृषक गोष्ठी की अध्यक्षता जिला प्रमुख सरोज बंसल द्वारा की गई, जिसमें उन्हाने कहा कि प्रधानमंत्री सॉयल हेल्थ कार्ड किसानों के लिए उपयोगी है, किसान वैज्ञानिकों द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार ही मृदा में आवश्यकतानुसार ही प्रयोग करे, अंधाधुन्ध तरीके से उर्वरक प्रयोग करने सें मृदा की उर्वरा शक्ति कमजोर हो जाती है एवं आर्थिक लागत भी अधिक आती है। जैविक खाद को अपनाएं एवं रासायनिक खेती को कम करे एवं समन्वित खेती को अपनाए। केंद्र सरकार की मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की मदद से किसान अपने खेतों की मिट्टी को उपजाऊ बना सकते हैं. इसके बाद अच्छी फसल उगा कर किसान बढ़िया मुनाफा कमा सकते हैं. मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत किसानों को खेत की मिट्टी की गुणवत्ता के आधार पर अनुकूल फसल उगाने में सहायता मिलती है, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का उद्देश्य मिट्टी की गुणवत्ता के अनुसार फसल उगाने से उत्पादक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने 2015 में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना शुरू की. जिससे किसानों की आय भी बढ़ेगी और खाद के उपयोग से मिट्टी के आधार और संतुलन को बढ़ावा मिलेगा। इसकी मदद से किसान कम कीमत में अधिक पैदावर कर सकते हैं। कृषक गोष्ठी में संयुक्त निदेशक के. के. मंगल ने कहा कि किसानों के खेतों की मिट्टी की जांच करके मृदा स्वास्थ्य कार्ड देने के साथ खेतों के अनुसार फसल लगाने का सुझाव दिया जाता है।

## उपमुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधि मंडल

**फागी।** कस्बा फागी से एक प्रतिनिधि मण्डल ने उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक प्रेमचंद बैरवा से षिश्टाचार भेंट की। प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई करते हुए भाजपा मण्डल फागी उत्तर के भगवान जोषी ने उपमुख्यमंत्री से फागी नागरिकों की मूलभूत आवष्यकताओं की ओर ध्यान दिलाते हुए चाकसू दूदू के लिए रोडवेज बसों चलवाने जयपुर से रेनवाल मांजी तक चलने वाली लो फ्लोर बस को पुन चालू करवाने फागी से बगरू रोडवेज बस चलाने के साथ ही कस्बे के मुख्य बाजार व बस स्टेण्ड पर दिन में कई बार लगने वाले जाम का स्थाई समाधान करने सहित कई समस्याओं की ओर ध्यान दिलवाया जिस पर उप मंख्यमंत्री ने गम्भीरता से सुनते हुए जल्द ही निजात दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधि मण्डल में भगवान जोषी के साथ मण्डल मंत्री एडवोकेट रमेष व्यास मांदी सरपंच कैलाष स्वामी किसान मोर्चा संयोजक किषन षर्मा भीमराज भाट विश्णु कुमावत महेष सिंह झोडिण्दा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्व. बनवारी लाल बैरवा की 91वीं जयंती मनाई

■ 'स्व. बनवारी लाल बैरवा राजनीतिक जीवन में अनेक पदों पर रहे, लेकिन वे एक अच्छे वक्ता के रूप में भी जाने जाते थे : हरिप्रसाद बैरवा

**टोंक ।** न्यू बस स्टैंड के बाहर स्थित स्वर्गीय बनवारी लाल की बैरवा 91 वीं जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए ।

इस अवसर पर शहर के प्रमुख गणमान्य लोग तथा प्रमुख कांठोस जन, सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कार्यकर्ता भी मौजूद रहे । जिला कांठोस कमेटी के जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि स्वर्गीय बनवारी लाल बैरवा राजनीतिक जीवन में अनेक पदों पर रहे, लेकिन उनकी सादगी शालीनता होने के साथ एक अच्छे वक्ता के रूप में भी जाने जाते थे, उन्होंने अपनी पूरे जीवन भर महात्मा गांधी जी की विचारधारा को आगे बढ़ाया तथासभी समाज, सभी धर्म के लोगों का समान रूप से बिना भेदभाव के काम किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी, पूर्व विधायक कमल बैरवा, उनके पुत्र मनिंदर बैरवा आदि ने स्वर्गीय बनवारी लाल बैरवा जी के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष अलका बैरवा, देहात ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी, मीणा युवा कांठोस जिलाध्यक्ष हंसराज गुर्जर, पार्षद विकास लोदी, शब्बीर अहमद, मो. कमर, जर्रार खान, फिरोज नागोरी, अशोक महावर, इरशाद खांन, भंवरलाल बंसीवाल, प्रमोद जोनवाल, लीलाधर, सलीम नकवी, शिवराज बैरवा, रामदयाल निरंकारी, आकाश बैरवा, निशा नगरवाल, श्वेता, सरस्वती देवी, विक्रम लोदी, सत्यनारायण वर्मा, पीडी आजाद, मुमताज राही एवं हनुमान प्रसाद आदि लोगों ने स्वर्गीय बनवारी लाल बैरवा को याद किया।

## परीक्षा का माहौल बहुत शांतिपूर्ण था : मेधांश बंसल

**पावटा।** अधिकांश स्कूली बच्चों को गणित नापसंद है। यह कठिन, भ्रमित करने वाला और उन विषयों में से एक है जिससे उनके अंक कम आते हैं। आपको ऐसी ही स्थिति का अनुभव हो सकता है जब आप गणित की परीक्षा में फंस गए थे और उत्तर देने में असमर्थ थे। यह काफी सामान्य दुःस्वप्न है, लेकिन यह इस तरह से होना जरूरी नहीं है। जब सब कुछ यहीं तक सीमित हो जाता है, तो गणित कई कारणों से महत्वपूर्ण है। आज का हमारा युवा उपलब्धिकर्ता भी इसी बात में विश्वास रखता है।-आदित्य बिडला इंटरनेशनल स्कूल कोटपुतली के 6वीं कक्षा के छात्र मेधांश बंसल ने इस वर्ष अंतर्राष्टीय मैथमेटिक्स ओलंपियाड मे अंतर्राष्टीय स्तर पर प्रथम रैंक हासिल की है। इस पर स्कूल प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों व मित्रगणों ने उनके माता-पिता डॉ. अंजलि गुप्ता, डॉ. रवि गुप्ता को क्षेत्र का नाम रोशन करने पर बधाई दी।

## रास्ता नही मिला तो कड़ाके की ठंड में धरने पर बैठे लोग

**दौसा।** जिले के सिकराय उपखण्ड क्षेत्र के जोध्या गांव में न्यायालय के आदेश और विधायक के आश्वासन के बाद भी रास्ता नहीं मिलने से नाराज ग्रामीण एक बार फिर से शुक्रवार को धरने प्रर्दशन पर बैठ गए। बीती देर रात ग्रामीणों ने एसडीएम आफिस के सामने धरना शुरू किया और कड़ाके की ठंड के बावजूद रातभर धरने पर बैठे रहे।

आरोप है कि प्रशासन ने उन्हें टैंट नहीं लगाने दिया, ऐसे में भीषण ठंड में खुले आसमान के नीचे रात गुजारनी पड़ी। कोर्ट के आदेश वविधायक के आश्वासन के बावजूद प्रशासन द्वारा रास्ता नहीं खुलवाने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जोध्या निवासी लहरीराम मीना ने अपनी खातेदारी भूमि में आने-जाने के लिए राजस्व रिकॉर्ड में रास्ता नहीं होने पर राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 251 (क) के अंतर्गत रास्ते के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया था। जिस पर कोर्ट ने 19 दिसंबर 2023 को दूसरे पक्ष की खातेदारी भूमि से होकर रास्ता देने के लिए आदेश दिए।

कोर्ट के आदेश पर परिवादी पक्ष के द्वारा क्षितपूर्ति राशि जमा करा कराने के बाद तहसीलदार ने गैरमुमकिन रास्ते का नामांतकरण खोलकर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया। पूरी कार्रवाई के बाद एसडीएम के द्वारा स्वीकृत रास्ते से व्यवधान हटाने के लिए राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए थे। जोध्या गांव के ग्रामीण कोर्ट के आदेश के बावजूद रास्ता नहीं देने से नाराज होकर 11 जनवरी को एसडीएम आफिस के सामने धरने पर बैठ गए थे।

चार दिन लगातार धरने के बाद विधायक विक्रम बंशीवाल ने धरनास्थल पहुंचकर धरना दे रहे लोगों से समझाइश की और 18 जनवरी तक रास्ता खुलवाने का भरोसा दिलाया था। जिस पर लिखित सहमति देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा था कि यदि 18 जनवरी तक प्रशासन ने रास्ता नहीं खुलवाया तो 19 जनवरी को वे ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठेंगे। जिसके बाद सहमति बनने पर धरना खत्म किया गया था।

ऐसे में रास्ता नहीं खुलने से नाराज ग्रामीण फिर धरने पर बैठ गए। वहीं धरना दे रहे लोगों का कहना है कि कोर्ट ने प्रशासन को नियम अनुसार रास्ता देने के आदेश दिए हुए हैं। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही। ऐसे में जब तक रास्ता नहीं दिया जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा। मामले को लेकर 12 जनवरी को एक युवक शुक्रवार सुबह मोबाइल टॉवर पर भी चढ़ गया था। ऐसे में एक बार फिर मामला तूल पकड़ रहा है। वहीं दूसरे पक्ष के विरोध को लेकर प्रशासन भी पसोपेश में पड़ा हुआ। वहीं प्रशासन की माने तो वह अब द्विपक्षीय वार्ता करवा कर इस मामले का फाटक से करने की तैयारी में है।

## प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव की तरह मनाया जाएं

**टोंक।** आयोध्या में प्रस्तावित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में शुक्रवार को उपखण्ड अधिकारी टोंक कपिल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी क्षेत्र टोंक के प्रमुख मंदिरों के पुजारी एवं मंदिरो के ट्रस्टी उपस्थित हुए। बैठक में राम मंदिर में प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में समस्त राजकीय एवं अराजकीय मंदिरों में विषेष सजावट, विद्युत रोशनी सहित विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई। उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को एक उत्सव की तरह मनाया जावें व शहर के सभी मंदिरों में साफ-सफाई एवं विद्युत साज सजावट की जावें। मंदिरों की साफ-सफाई के लिए नगर परिषद को कहा गया। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई के लिए प्रशासन को बजट नहीं मिलने के कारण पुजारी, ट्रस्ट व जन सहयोग के माध्यम से मंदिरों में साज-सजावट एवं विद्युत रोशनी की जावें।

## जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई की

■ परिवादियों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए

**दूदू।** जिला मुख्यालय सरकार की त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिला कलक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में पंचायत समिति दूदू के सभागार कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में आने वाले परिवादियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने तथा प्रत्येक कार्यालय दिवस पर जनसुनवाई का समय निर्धारित करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 23 प्रकरण प्राप्त हुए। जिनमें प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने, पेयजल की सप्लाई सुचारु कराने, खेत से रास्ता खुलवाने, शहर में साफ सफ़ाई, आवारा पशुओं की समस्या, आवासीय पट्टा बनवाने, विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने, मन्दिर जीर्णोदार,सड़क मरम्मत व जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ समस्याओं का निस्तारण करते हुए राहत देने के निर्देश दिए। जनसुवाई में जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने तथा बिना अनुमती के मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर रतनलाल योगी ने बताया की राज्य सरकार द्वारा त्रिस्तरीय जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है जिसके तहत हर माह ग्राम पंचायत, उपखंड एवं जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन

## 1 लाख से अधिक वाहनों के होंगे चालान

**टोंक।** एक अप्रैल 2019 से पहले खरीदे गए वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होने पर परिवहन विभाग द्वारा चालान करने की कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी संपतराम वर्मा ने बताया कि टोंक जिले में करीब 1 लाख से अधिक ट्रक, कार, बाइक, ट्रैक्टर, ऑटो आदि वाहनों पर एचएसआरपी नहीं लगी है। उन्होंने बताया कि वाहन स्वामी पुराने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिला परिवहन ने बताया कि 01 अप्रैल 2019 से पहले उपलब्ध नंबर प्लेटों को आसानी से हटाया और बदला जा सकता था। इसके चलते वाहन चोरी की घटनाओं में भी काफी वृद्धि हुई। वाहन चोरी करने के बाद चोर पंजीकरण नंबरों को बदल देते थे, जिससे अधिकारियों के लिए वाहन को ट्रैक करना असंभव हो जाता था।

# विधायक धनकड़ का ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर जोश-खरोश के साथ स्वागत किया

**पावटा,** (निसं)।विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड की आभार एवं स्वागत रैली विभिन्न ग्रामों से होते हुए ग्राम पंचायत मंढा व भांकरी जनता के बीच पहुंची जहाँ क्षेत्र की जनता ने अपनी जनप्रिय विधायक कुलदीप धन कड का पूरे जोश व उत्साह के साथ माला व साफा पहनाकर, पुष्प वर्षा कर, आतिशबाजी करते हुए डोल नगाडों के साथ भव्य स्वागत किया।

इस दौरान ग्राम पंचायत मंढा व भांकरी मे आयोजित आभार एवं स्वागत कार्यक्रम में विधा यक धनकड ने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए संबोधित किया और चुनाव में समर्थन देते हुए विधानसभा चुनाव में जीत दिलाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जनप्रिय विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की समृद्धि, खुशहाली, विकास एवं आप सभी की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के लिए मैंने जो भी वादें किये हैं वह जल्द ही जमीनी स्तर पर पूरे होते हुए आपको देखने को मिलेगा। और हमने इसके लिए अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी है। भय, भ्रष्टाचार, अपराध को समाप्त करने से लेकर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के लिए हमने अपने प्रयास शुरू कर दिए हैं जिसके सकारात्मक परिणाम आपको देखने को मिल रहा होगा। आप सभी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उस विश्वास के प्रति मैं अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए पूर्ण समर्पित हूँ और निरंतर अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करुँगा। मुझे पूर्ण विश्वास है की मेरे इन प्रयासों में आप सभी मेरे परिवारजनों का भरपूर सहयोग और मार्गदर्शन मुझे मिलेगा और हम मिलकर एक समृद्ध, खुशहाल और विकसित विराटनगर विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे।


विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ का लोगों ने भव्य स्वागत किया।

वही ग्राम पंचायत मंढा व भांकरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विधायक कुलदीप धनकड के मुय आतिथ्य व संभागीय आयुक्त आरुषि मालिक, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी के निर्देश एवं सरपंच मेहर सिंह धनकड व विमला कंवर व की अध्यक्षता मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों के साथ मिलकर हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ ली। विधायक ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के भविष्य पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। यदि देश-प्रदेश के गरीब किसान, महिलाएं और युवा समृद्ध, खुशहाल और आत्मनिर्भर व विकसित हो जाएंगे तो

■ खुशहाल जनता तो ही देश होगा विकसित - धनकड

भारत को विकसित करने का सपना स्वयं ही साकार हो जाएगा वही उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को योजनाओं की जानकारी देने एवं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खडे व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं से जोडना और उसे उससे लाभान्वित करना है। इस क्रम में लाभार्थियों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस दौरान पूर्व में लाभ प्राप्त किए लाभार्थियों के जीवन स्तर में कितना सुधार आया इस संबंध में उनके अनुभव भी साझा किए गए। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभार्थियों के जीवन स्तर में कितना सुधार हुआ उनकी कहानी उनकी जुबानी के क्रम में उनके अनुभव को भी उपस्थित लोगों ने सुना।

## ध्वज स्थापना समारोह का आयोजन आज

**पावटा।** कस्बे निकटवर्ती बालनाथ आश्रम, बावड़ी मे आगामी 11 अप्रैल 2024 से 6 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाले 108 कुण्डीय मृत्युञ्जय रुद्र महायज्ञ के लिये आज यज्ञ स्थल पर भूमि पूजन एवं ध्वज स्थापना संरक्षक श्री श्री 108 बाबा बस्तीनाथ जी महाराज के पावन सानिध्य मे किया जायेगा। भूमि पूजन एवं ध्वज स्थापना पूजन परम पूज्य संतो द्वारा किया जायेगा। इस मौके पर यज्ञ कार्यक्रम व धार्मिक अनुष्ठान की जानकारी युक्त पोस्टर का विमोचन भी किया। महायज्ञ सेवा समिति संरक्षक श्री श्री 1०8 बाबा बस्तीनाथ जी महाराज ने यज्ञ के विविध कार्यक्रमो की जानकारी देते हुये बताया कि 11 अप्रैल 2024 से 6 अप्रैल 2025 तक यानी एक वर्ष तक चलने वाला 108 कुण्डीय महामृत्युञ्जय रुद्र महायज्ञ का भूमि पुजन एवं ध्वजा स्थापना का कार्यक्रम आज सुबह 9.30० बजे से श्री बालनाथ आश्रम, बावड़ी पावटा में होने जा रहा है। भूमि पूजन के पश्चात् यज्ञशाला का निर्माण कार्य व अन्य तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। जन कल्याण हेतु आयोजित इस वृहत स्तरीय आयोजन मे सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये प्रचार प्रसार आदि शुरू कर दिया गया है। कार्यक्रम मे राज्यसभा सांसद व कैबिनेट मंत्री भारत सरकार भूपेंद्र यादव भी उपस्थित रहेंगे।

## भागवत कथा के तीसरे दिन सती चरित्र रोचक प्रसंग सुनाए

**चाकसू** (निसं)। कस्बे के वार्ड 25 -26 स्थित शिव बगीची में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा व्यास बालबह्मचारी पं. महेन्द्र भागवताचार्य ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा।

कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की।

इससे पूर्व मंदिर परिसर से बैंडबाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां वैध राधेश्याम पारीक पूर्व सरपंच ,डॉक्टर विनोद पारीक ,रवि पारीक ने भागवत की पूजा अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। रवि पारीक ने बताया की आगामी 22 जनवरी तक 12.15 बजे से 4 बजे तक भागवत कथा होती है एवं 22 तारीख को शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पूर्णाहुति एवं प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## संक्षिप्त

### कबड्डी प्रतियोगिता शुरु

**मालपुरा** (निस) भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वाधान मे शुक्रवार को सीनियर सैकेण्डरी स्कुल के खेल मैदान पर नमो कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन, किसान मोर्चा अध्यक्ष बादल सिंह अजमेरा, पुरूषोतम सैनी, पंचायत समिति प्रधान सकराम चौपडा, ने खेल मैदान पर खिलाडियो से परिचय कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस दौरान महावीर सिंह कांटोली, कृष्ण गोपाल तेजी, जयराम जाट सहित मोर्चा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ ने अतिथियो का सम्मान कर खिलाडियो का उत्साहवर्धन किया।

### सम्मान समारोह रविवार को

**कोटपूतली।** कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित वीर गुर्जर छात्रावास में रविवार को श्री देवनारायण गुर्जर समाज कल्याण एवं विकास समिति कोटपूतली के तत्वाधान में गुर्जर समाज के नवचयनित राजस्थान प्रशासनिक अधिकारियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक हंसराज पटेल होगें। वहीं इस दौरान छात्रावास में अध्ययनरत छात्राओं के लिए कैरियर व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन भी होगा।

### मतदाता दिवस समारोह 25 को

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय में आगामी 25 जनवरी को 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्थानीय ब्राण्ड एम्बेसेडर, ऑइकन्स, कॉलेज व स्कूल के छात्र-छात्राओं, सिविल सोसाईटी एवं मीडिया के प्रतिनिधियों को मतदाता शपथ दिलाई जायेगी।

### दीपोत्सव 22 जनवरी


**कोटपूतली।** अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में आगामी 22 जनवरी सोमवार को शाम 05.15 बजे कस्बे के अग्रसेन तिराहा के पास भव्य दीपोत्सव एवं आतिशबाजी का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर 11 हजार दीपकों की विशाल श्रृंखला के साथ स्वास्तिक बनाते हुए भव्य आतिशबाजी की जायेगी।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर्व पर मालपुरा में 11 हजार दीपकों से महाआरती

## भगवा वाहन रैली, मैराथन दौड़ एवं विशाल हिन्दू समागम का होगा आयोजन

**मालपुरा** (निस) पांच सौ साल की लम्बी प्रतीक्षा व पांच लाख कारसेवको के बलिदान के बाद 22 जनवरी को अयोध्या मे आयोजित होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर्व के आयोजन को लेकर शहर व गांव-ढाणी मे निवास कर रहै बच्चे-बच्चे मे अपार उत्साह एवं रामलला के मंदिर गर्भगृह मे भगवान श्री राम की एक झलक पाने को देशवासी आतुर है।

देशव्यापी राष्ट्रीय समारोह के अन्तर्गत मालपुरा मे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति व हिन्दु समरसत्ता मंच के तत्वाधान मे ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित होगें। प्राण प्रतिष्ठा पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था को मध्य नजर रखते हुए पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार को पुलिस उपाधिक्षक चक्रवर्ती सिंह राठोड की अध्यक्षता मे मालपुरा थाने सहित क्षैत्र के चारो थानो मे दोनो ही समुदायो के प्रबुद्धजनो की उपस्थिति मे शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। समारोह समिति के पदाधिकारियो ने प्रशासन को अवगत करवाया कि तीन दिवसीय समारोह के अन्तर्गत 2० जनवरी को पुरानी तहसील


राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर मालपुरा थाने में हुई शांति समिति की बैठक में दोनों ही समुदायों के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

बारादरी बालाजी मंदिर से 101 गांवो से रामधुनी मंडलो का विशाल संगम होगा। जो कि रामनाम संकीर्तन शोभायात्रा के रूप मे सम्पूर्ण शहर मे रामधुनी परिक्रमा करेगें, 21 जनवरी को बालाजी मंदिर से 1100 महिलाऐं सिर पर मंगल कलश धारण कर ऐतिहासिक भगवा कलश यात्रा का आयोजन होगा।

दोपहर एक बजे विशाल भगवा वाहन रैली बारादरी बालाजी, दूदू रोड व जयपुर रोड से प्रारंभ होकर व्यास सर्किल पर त्रिवेणी संगम होगा। शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए यह भगवा रैली नसियां बालाजी पहुंच सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ व आरती होगी। 22 जनवरी को प्रातः न्यायालय परिसर से पुरानी तहसील तक रन फोर अयोध्या भगवा मैराथन का आयोजन होगा। 22 जनवरी को बारादरी बालाजी मंदिर मे विशाल हिन्दु समागम व सुभाष सर्किल पर 11 हजार दीपको से महाआरती, अयोध्या कारसेवको का सम्मान व सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ होगा। सभी कार्यक्रमो मे जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, पालिका अध्यक्ष

■ प्रशासन अलर्ट मोड पर, दोनों समुदायों की थाने में हुई बैठक, दुल्हन की तरह सजे बाजार व मंदिर

सोनियो सोनी, की गरिमामय उपस्थिति होगी। नगरपालिका प्रशासन की और से शहर के पांच दर्जन से अधिक मंदिरो पर रंगीन रोशनी से सजावट व मुख्य बाजार मे भगवान राम के स्वागत के लिये एक सो से अधिक स्वागत द्वार बना मुख्य चौराहो पर भगवा सजावट की गई है। सम्पूर्ण मालपुरा शहर व ग्रामीण क्षैत्र भगवा पताकाओं से भगवा रंग मे रंगा हुआ है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखने के लिए मुख्य चौराहो पर बडी स्क्रीन लगाई गई है। शांति समिति की बैठक मे मौजूद दोनो ही समुदायो के लोगो ने इस महापर्व के दौरान शांति व कानून व्यवस्था मे प्रशासन के साथ उपस्थित रहने का विश्वास दिलाया।

## महिला शक्ति का अभेद सफर साइकिल रैली कोटपूतली पहुंची


कोटपूतली में साइकिल रैली में आये लोगों का तिलक लगा कर स्वागत करती एनसीसी कैडेट।

**कोटपूतली।** राजस्थान बटालियन एनसीसी जयपुर के तत्वाधान में महिला शक्ति का अभेद सफर साईकिल रैली गुजरात निदेशालय के बोदरा ग्रुप बिग्रेडियर नरेन्द्र चिराग, कर्नल वी.एम. सिंह के नेतृत्व में 08 दिसम्बर 2023 को कन्याकुमारी से प्रारम्भ की गई थी। जिसके शुक्रवार को कोटपूतली पहुंचने पर हंस कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन ग्रुप के चेयरमैन एड. अशोक कुमार बंसल, कॉलेज प्राचार्य डॉ. एस.के.शर्मा, निदेशक उमेश बंसल ने ब्रिगेडियर नरेन्द्र चिराग, कर्नल वी.एम. सिंह का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

एनसीसी कैडेट द्वारा साईकिल रैली का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। एड. अशोक बंसल ने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर एनसीसी गर्ल्स कैडेट महिला शक्ति का अभेद सफर साईकिल रैली तमिलनाडू, केरल, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, दमन व दीव, गुजरात, राजस्थान में 10 जनवरी को उदयपुर के रास्ते प्रवेश किया। जिसके शुक्रवार को कोटपूतली पहुंचने पर जोश व उत्साह के साथ स्वागत किया गया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट विजय सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कैडेट कोर के महानिदेशक के तत्वाधान में मातृ शक्ति के प्रति सम्मान और संबल प्रदान करने के उद्धेश्य से कन्याकुमारी से दिल्ली तक महिला शक्ति का अभेद सफर साइक्लाथोन रैली की शुरूआत 08 दिसम्बर 2023 को की गई थी।

## रोड लाइट का जल्दी कटना आमजन के लिए परेशानी

**फुलेरा ।** फुलेरा नगर पालिका क्षेत्र में विभाग द्वारा प्रतिदिन प्रातः जल्दी ही रोड़ लाईट काटने से आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में विभाग द्वारा प्रतिदिन सुबह करीब 6 बजे ही रोड लाईटें बन्द कर दी जाती है। जबकि सर्दी का मौसम होने के कारण उजाला लगभग 6:45 बजे तक होता है।

वहीं लाईट कटने व सुबह अन्धेरा तथा कोहरा होने के कारण आये दिन छोटी-बड़ी दुर्घटना घटित होती रहती है। उपरोक्त समस्याओं को लेकर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि एक ओर तो प्रातः प्रतिदिन अल सुबह ही लाईट का कटना तो वहीं दूसरी ओर दैनिक रेल यात्री व आमजन फुलेरा से बाहर अपनी रोज़ी रोटी कमाने के लिए अपने काम पर जाने के लिए ट्रेनों में बैठने के लिए रेलवे स्टेशन आते है। साथ ही मोर्निंग वॉक पर घूमने जाने वाले बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों को इस दौरान रास्ते में काफी अन्धेरा होने की

■ क्षेत्र में विभाग द्वारा प्रतिदिन सुबह करीब 6 बजे ही रोड लाईटें बन्द कर दी जाती है। जबकि सर्दी का मौसम होने के कारण उजाला लगभग 6:45 बजे तक होता है

वजह से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं कई बार तो वह सड़क पर गिरकर चोट ग्रस्त हो जाते है। इसके चलते उन्हें भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में प्रातः रोड़ लाईट काटने के समय में परिवर्तन कर आमजन की उक्त समस्याओं का निराकरण कर अनुग्रहित करें।

## सुरा का साफा बांधकर स्वागत

**अलवर।** अलवर ग्रामीण श्री श्याम गौशाला सेवा समिति झारेड़ा में निर्मल प्रकाश सुरा प्रदेश राष्ट्रीय सचिव हिंदू वाहिनी, प्रदेश पदाधिकारी किसान मोर्चा भाजपा, प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय ओड महासभा संस्थान ने श्री श्याम गौशाला में गौ माता को चारा व गुड़ खिलाया। इस दौरान श्री श्याम गौशाला सेवा समिति अध्यक्ष बीरू कुमार पत्रकार उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौधरी उपकोषाध्यक्ष त्रिलोक सिंह, समिति सह सचिव राहुल राघव गौ सेवक पिंटू व समस्त श्री श्याम गौशाला सेवा समिति परिवार ने निर्मल प्रकाश सुरा का साफा बांधकर भव्य स्वागत किया व श्री श्याम गौशाला सेवा समिति में गौ माता की सुविधाओं जैसे पानी व बिजली की समस्या को लेकर निर्मल प्रकाश सुरा ने जल्द से जल्द प्रशासनिक अधिकारियों व राजस्थान सरकार से श्री श्याम गौशाला को इन समस्याओं से जल्द से जल्द समाधान करने पर गंभीरता से श्री श्याम गौशाला सेवा समिति पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। श्री श्याम गौशाला समिति की समस्या को लेकर जल्द ही जिला प्रशासन से निर्मल प्रकाश सुरा मुलाकात करेंगे ।

## अयोध्या धाम आश्रम में रूद्राभिषेक एवं भजन संध्या आयोजित

**अलवर।** चेतन एनक्लेव के पास स्थित अयोध्या धाम मन्दिर में आंदोत्सव कार्यक्रम की श्रंखला में पंचम दिन आज शुक्रवार को सामूहिक रूद्राभिषेक कार्यक्रम विद्वान 5 पंडित डॉ. गोपाल शास्त्री, मोनू पंडित, विवेक शुक्ला, कमलकान्त एवं केशव शास्त्री द्वारा विधिविधान से महन्त श्री गंगादास जी महाराज के सानिध्य में कराया गया।

कार्यक्रम सह संयोजक सुधीर माथुर ने बताया कि रूद्राभिषेक में विशेष रूप से भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानदेव आहुजा, कपिल शर्मा, रिंकल खण्डेलवाल, विनोद, सन्तोष, आशीष, श्रीमती पालय, विनिता, नीरू सैनी, छितिज माथुर, सतीष मोदी, नवीन सेन, महेश मुदगल, हरिराम, रवीश शर्मा, भवानी, ओम प्रकाश, रिपुदमन आदि शामिल हुए। रूद्राभिषेक के उपरान्त अयोध्या धाम में सभी उपस्थित भक्तजनों को भोजन प्रसादी कराई गई।

इसके उपरान्त अयोध्या धाम में प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वाधान


अलवर के अयोध्या धाम मन्दिर में आंदोत्सव कार्यक्रम में सामूहिक रूद्राभिषेक किया गया।

में निकाली गई रैली में प्राईवेट स्कूलों के 300 बजे रैली एवं झाकियों के साथ धाम में पहुचे जिनमें मिश्रा पब्लिक स्कूल, मार्डन पब्लिक स्कूल, गोल्डन ऐरा पब्लिक स्कूल, मदरटच, ज्ञान भारती, माधो पब्लिक स्कूल के बच्चे शामिल थे। महन्त श्री गंगादास जी महाराज द्वारा सभी बच्चों का अयोध्या धाम आश्रम पहुॅचने पर पुष्प वर्षाकर स्वागत किया।

## पूजित अक्षत का वितरण

**कोटपूतली।** अयोध्या से आये पूजित अक्षत व पत्रक का सामाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को ग्राम सांगटेड़ा स्थित महाराजा सूरजमल शैक्षणिक संस्थान के विधार्थियों को वितरण किया गया।

इस मौके पर श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। एवं गांव में भगवान श्रीराम दरबार की फोटो के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। शर्मा ने 22 जनवरी को घरों व पास के मंदिरों में जाकर पूजा पाठ करने व घरों में दीपक जलाने का आह्वान किया। सामाजिक रतनलाल शर्मा द्वारा मिट्टी के दीपक निःशुल्क वितरित किये जा रहे है। इस दौरान निदेशक अमरसिंह चौधरी, प्रिंसिपल जगदीश चौधरी, राजेश कसाना, महावीर, रोशन कसाना, महेश कसाना, आशा चौधरी, बलवान चौधरी, वीरसिंह चौधरी, मुकेश, शुभम समेत स्टॉफ एवं विधार्थी मौजूद रहे।

## प्रभु श्रीराम की महाआरती में डिप्टी सी.एम. बैरवा मुख्य अतिथि होंगे

**सांभरझील,** (निसं)। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली प्रभु श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सांभर का प्रमुख गोला बाजार पूरी तरह से भगवा रंग में सजा दिया गया है।

आकर्षक व रंग बिरंगी रोशनी और भव्य सजावट से लोगों को उत्साह दोगुना

■ सांभर का गोला बाजार भगवा रंग में रंगा, सजावट लोगों का आकर्षण बनी

हो गया है। धार्मिक समारोह की तैयारियों को प्रमुख रूप से देख रहे व्यापार महासंघ के विष्णु कुमार सिंघानिया, पंकज सिंघानिया व संजय नारनोली ने बताया कि 22 जनवरी को गोला बाजार में दोपहर 3 से 6 बजे तक सुंदरकांड के पाठ का आयोजन होगा इसके पश्चात प्रभु


श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में भव्य सजावट की गई।

श्रीराम की महाआरती होगी। महा आरती में प्रमुख संत नरायना धाम के दादू पीठाधीश्वर, गोवर्धन नाथ मंदिर के महंत सहित उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा शामिल होंगे। इसके अलावा विधायक, पूर्व विधायक, एसडीम, पुलिस उपाधीक्षक, तहसीलदार, थाना अधिकारी सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी समारोह का हिस्सा होंगे। गोला बाजार में सजावट का जिम्मा संभाले बनवारी लाल सिंघानिया ने बताया कि सभी व्यापारी बंधुओ के योगदान और सहयोग से इस भव्य आयोजन को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## 22 जनवरी को लेकर भारी उत्साह

**फुलेरा।** फुलेरा कस्बा सदा से ही धार्मिक आयोजनों का केन्द्र रहा है। यहाँ के निवासियों में नैतिकता, सामाजिकता तथा आध्यात्मिकता के प्रति सदैव एक ही समान देखा गया है। ऐसे आयोजनों में बच्चे, बुजुर्ग युवा मातृशक्ति बढ़ कर अपनी भागीदारी निभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते है। यथा शक्ति सभी अपना सहयोग प्रदान करते है।

गौरतलब है कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र वासियों में गजब का उत्साह है। इसके चलते 20 जनवरी से 22 जनवरी तक 24 कुण्डीय श्री सीताराम हनुमान महायज्ञ एवं मंत्र दीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कोई भी व्यक्ति यज्ञ में सपरिवार व अकेले यज्ञ में बैठ सकता है। जिसका कोई भी शुल्क नहीं लिया जायेगा। इसी क्रम में प्रत्येक घर पर भगवा ध्वज व रंगोली तथा दीपदान के कार्यक्रम की पूरी तैयारीयां है। इसके साथ ही मुख्य बाजार में भी हजारों दीपदान कर रोशनी की व्यवस्था की जा रही है।

## स्वच्छता अभियान में सफाई की

**अलवर।** भाजपा अलवर (दक्षिण) श्री विवेकानंद मंडल के कालाकुआ शक्ति केंद्र स्थित भूरासिद्ध मंदिर परिसर को भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता के नेतृत्व मे तीर्थ स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई।

इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर हमारे तीर्थ स्थलों को स्वच्छ बनाने के लिए मंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। प्रधानमंत्री मोदी जी के अनुसार सभी को इस महाअभियान में अपना सहयोग देकर अपने तीर्थस्थलों को स्वच्छ बनाकर 22 जनवरी को राम ज्योति के रूप में दीपक जलाकर दिपावली मनानी चाहिये। सभी धर्म प्रेमियों और पार्टी कार्यकर्ताओं से मेरी अपील है की सभी मंदिरों में स्वच्छ्ता अभियान चलाकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर इस पुनीत कार्य मे सहभागी बने। आज स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में भूरासिद्ध

■ कालाकुआ शक्ति केंद्र स्थित भूरासिद्ध मंदिर परिसर की तीर्थ स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई

मन्दिर के योगेश नाथ जी महाराज, जिला महामंत्री गोरधन सिंह सिसोदिया, ज़िला उपाध्यक्ष नरेश यादव, शक्ति केंद्र संयोजक लक्ष्मी नारायण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, महामंत्री विजय कोली, राकेश यादव, नरेंद्र सिंह, मंडल उपाध्यक्ष घनश्याम गुप्ता, आशीष अरोड़ा, विहारी कोली, विकास शर्मा, धीरज कुमार, महिला मोर्चा ज़िला अध्यक्ष सुनीता सैनी, मंडल अध्यक्ष ममता तंवर, पार्षद संजय जैसवाल, लखन जोशी, मोती लाल कोली आदि सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

## चाकसू में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया

**चाकसू** (निस)। नरेंद्र मोदी के तहत 14 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक चलाए जा रहे हैं स्वच्छता अभियान के तत्वाधान में शुक्रवार को हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय जयपुर के सौजन्य से जिला ऑर्गेनाइजर राजेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में नीलकंठ महादेव मंदिर चाकसू में स्वच्छता का कार्य किया।

इसमें डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग काउंसलर मुकेश कुमार बड़ोलिया, सोमेन्द्र खोरवाल, तनुज शर्मा और रोवर भागचंद बैरवा ,दीपक प्रजापति हरिओम जांगिड़ अजय लक्षकार, भूपेंद्र सिंह राजावत और समस्त रोवर उपस्थित रहे। इस मौके पर उपस्थित वार्ड 30 के पार्षद दिनेश शर्मा एवं समाजशावी महेश कुमार बरोलिया ने श्रमदान में सहयोग करते हुए स्काउट गाइडों के श्रमदान की सराहना की।

## विश्विद्यालय खो-खो टीम में तीन का चयन


विश्वविद्यालय खो-खो टीम में चयनित छात्रों का सम्मान किया गया।

**श्रीमाधोपुर ।** कस्बे की महात्मा गाँधी पी.जी. कॉलेज, श्रीमाधोपुर के तीन खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय खो-खो टीम में हुआ है।

महाविद्यालय प्रवक्ता राकेश शर्मा ने बताया की पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर द्वारा आयोजित पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय खो-खो में तीन खिलाडी अशोक कुमार गढ़वाल पुत्र लक्ष्मण सिंह गढ़वाल (निमेड़ा) बी.ए. तृतीय वर्ष, शकुंतला कुमावत पुत्री रामनिवास कुमावत (निमेड़ा) बी.ए. द्वितीय वर्ष व दीपिका चौधरी पुत्री बीरबल सिंह (निमेड़ा) बी.ए. द्वितीय वर्ष का चयन विश्विद्यालय टीम में हुआ है। खिलाड़ियों के महाविद्यालय पहुंचने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, सचिव गीता खर्रा, प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी, सुशीला देवी द्वारा माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान स्वागत कर सम्मानित किया गया। विश्विद्यालय टीम में चयन होने पर मिठाई खिलाई गई।कैलाश कुमार ने बताया की पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय खो-खो (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी रामानंद तीर्थमराठवाडा विश्विद्यालय, नांदेड़ (महाराष्ट्र) में होगा व खो-खो (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन अवधेश प्रताप सिंह विश्विद्यालय, रीवा (मध्यप्रदेश) में होगा।

## छात्र सिद्धार्थ का नेट क्लीयर

**कोटपूतली।** जिले के आदर्श ग्राम कल्याणपुरा खुर्द के छात्र सिद्धार्थ कसाना ने शानदार उपलब्धि प्राप्त कर अपने गांव व परिवार का नाम एक बार पुनः पुरे क्षेत्र में रोशन किया है। ग्राम कल्याणपुरा खुर्द के सुरेश चन्द्र गुर्जर के पुत्र सिद्धार्थ कसाना ने बीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने से पूर्व ही नेट क्लीयर कर सफलता अर्जित की है। उनके पिता सुरेश गुर्जर ने बताया कि जवाहर नवोदय विधालय पावटा से 12 वीं शिक्षा ग्रहण करने के बाद सिद्धार्थ जयपुर स्थित राजस्थान महाविधालय से राजनीति विज्ञान में बीए ऑनर्स की पढ़ाई कर रहे है। उन्होंने बीए ऑनर्स की पढ़ाई पूरी करने से पूर्व ही राजनीति विज्ञान में नेट क्लीयर किया है।

## स्वच्छता का संदेश दिया

**कोटपूतली।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 14 से 22 जनवरी तक सभी मंदिरों एवं तीर्थ क्षेत्रों में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत श्री श्याम मंदिर व नृसिंहदास मंदिर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

## 'सरकार युवाओं व उनके परिवारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करें'

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कांग्रेस सरकार में नियुक्त हुए राजीव गांधी युवा मित्र के सरकार बदलते ही निरस्त के आदेश के विरोध में जयपुर के शहीद स्मारक पर चल रहे धरने प्रदर्शन में पहुंचकर उनका समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार झूठे वादे कर सत्ता पाने में तो कामयाब हो गई लेकिन सरकार की गलत मंशा के कारण युवाओं के रोजगार पर एक बार फिर संकट आ खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में राज बदलते ही कैबिनेट बनने से पहले युवाओं पर पहला चाबुक चलाते हुए उनसे रोजगार छीन लिया गया जो कि सरकार की गलत मंशा को दर्शाता है। नेता प्रतिपक्ष जूली ने शहीद स्मारक पहुंचकर राजीव गांधी युवा मित्रों से मुलाकात कर कहा कि सरकार की यह कार्रवाई प्रतिशोध की भावना को जग जाहिर करती है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने का कोरा आश्वासन दे रही है वहीं राज्य सरकार युवाओं व उनके


राजीव गांधी युवा मित्रों को हटाने के विरोध में चल रहे धरने में नेता पतिपक्ष टीकाराम जूली शामिल हुए।

परिवार के भविष्य को अंधकारमय बनाने में जुट गई है। उन्होंने कहा कि नौजवानों को कांठोस की सरकार ने न केवल रोजगार दिया बल्कि उनके परिवार के भविष्य को भी सुरक्षित किया इसके विपरित भाजपा सरकार उनके हितों पर कुठाराघात कर रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इस सरकार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के नाम पर कोई आपत्ति है तो उसका नाम बदल दे लेकिन युवाओं व उनके परिवारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करें। उन्होंने कहा कि धरना दे रहे लोगों से सत्ता पक्ष के नेताओं को आकर बात करनी चाहिए भावनात्मक मुद्दों पर राजनीति करने वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार को प्रदेश के युवाओं की भावनाओं को समझना चाहिए।



पिछले 20 साल वास्तव में अद्भुत रहे हैं। मैंने इसके हर एक मिनट का आनंद लिया है उतार-चढ़ाव। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि मैं कदम बढ़ाऊं, खेल से दूर रहें और युवा खिलाड़ियों को अपने सपने जीने दें जैसे मैंने अपने सपने देखे हैं।

-अनिसा मोहम्मद

विंडीज के स्पिन जादूगर, अपने संन्यास की घोषणा करते हुए।




आज का खिलाड़ी



## जोश हेजलवुड

ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड ने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। पहली पारी में 119 रन बनाने वाले ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन 73/6 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। दूसरे दिन नॉटआउट रहे जोशुआ डा सिल्वा के साथ अल्जारी जोसेफ उतरे। डा सिल्वा 18 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद अल्जारी भी 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दोनों विकेट मिचेल स्टार्क ने लिए। गुडाकेश मोटी भी 3 ही रन बना सके और वेस्टइंडीज ने 94 रन पर अपने 3 विकेट गंवा दिए। टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया की लीड से एक रन पीछे थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# विंडीज की 4 महिला खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एंटीगुआ, 19 जनवरी। वेस्टइंडीज की चार महिला खिलाड़ियों अनीसा मोहम्मद, शकेरा सेल्मन, किशिया नाइट और किशोना नाइट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआईए) ने गुरुवार रात चारों महिला खिलाड़ियों के संन्यास लेने की पुष्टि की। चारों खिलाड़ियों क्रिकेट वेस्टइंडीज को दिए गए अवसरों और यादों के लिए धन्यवाद दिया। ये खिलाड़ी भारत में आयोजित 2016 आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज विजयी टीम के सदस्य थी। मोहम्मद ने दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर के रूप में वर्ष 2003 में 15 साल की उम्र में क्रिकेट टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने 141 एकदिवसीय और 117 टी-20 में वेस्टइंडीज के लिए कुल 305 विकेट लिये। वेस्टइंडीज की स्पिन जादूगर अनीसा मोहम्मद ने अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, पिछले 20 साल वास्तव में अद्भुत रहे हैं। मैंने इसके हर एक मिनट का आनंद लिया है। उतार-चढ़ाव। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि मैं कदम बढ़ाऊं। खेल से दूर रहें और युवा खिलाड़ियों को अपने सपने जीने दें जैसे मैंने अपने सपने देखे हैं। उन्होंने कहा, मुझे अपने करियर में 258 बार मैरून रंग पहनकर मैदान पर उतरने का सौभाग्य मिला। मैंने पांच एकदिवसीय विश्वकप और सात टी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया है। मेरे साथियों, आपके साथ बिताए समय के दौरान मुझे जो प्यार और सम्मान मिला उसके लिए आप सभी का धन्यवाद। आपने मेरी यात्रा को एक यादगार अनुभव दिया। दाएं हाथ की तेज गेंदबाज शकेरा सेल्मन ने 2008 में पदार्पण किया और उन्होंने दोनों सफेद गेंद प्रारूपों में 196 मैचों में 133 विकेट लिए। सेलमैन ने अपने बयान कहा, यह 18 अविश्वसनीय वर्षों के बाद मेरा अंतिम नमस्कार है। मुझे दिग्गजों के साथ और उनके खिलाफ खेलने पर गर्व है और कुछ को आउट करने के लिए भाग्यशाली हूं। मेरा उद्देश्य हमेशा दूसरों को उनके सपनों में प्रेरित करना और उनकी सहायता करना था। उन्होंने कहा, मैं ईश्वर, अपने सहयोगी परिवार और दोस्तों तथा सीडब्ल्यूआई, अपने साथियों और चिकित्सा एवं प्रबंधन टीमों के अटूट मार्गदर्शन के लिए बहुत आभारी हूं। किसिया नाइट और किशोना नाइट ने क्रमशः 2011 और 2013 में वेस्टइंडीज में पदार्पण किया। किसिया, जो कि एक विकेटकीपर है, के नाम स्टंप के पीछे कई रिकॉर्ड हैं, जिसमें महिलाओं की टी-20 की एक पारी में सबसे ज्यादा पांच आउट, एक पारी में सबसे ज्यादा चार स्टंपिंग और एक पारी में सबसे ज्यादा चार कैच लेना शामिल हैं। किशिया ने वेस्टइंडीज के लिए छोटे प्रारूपों में 157 मैच खेले, जिसमें कुल 2128 रन बनाए। उनकी बहन किशोना बाएं हाथ की बल्लेबाज हैं और उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 106 मैचों में 1397 रन बनाए हैं। उनके बयान में कहा गया है, चूंकि यह एक सुखद और अद्भुत यात्रा के अंत का प्रतीक है, हम इस समय अपने परिवार, दोस्तों, टीम के साथियों और समर्थकों को वर्षों से जारी प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। इनमें से कुछ भी नहीं होता। आप लोगों के समर्थन और प्यार के बिना यह संभव हो सका और इसके लिए हम हमेशा आभारी रहेंगे। बयान में कहा गया, अंत में, दिए गए अवसरों और यादों के लिए सीडब्ल्यूआई को धन्यवाद, जिन्हें हमेशा संजोकर रखा जाएगा।

## बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी पुरुष युगल के दूसरे दौर में पहुंची

मेलबर्न, 18 जनवरी। रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल मुकाबले में जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैन्स के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए दूसरे दौर में पहुंच गयी है। आज यहां खेले गये मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैन्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 4-6, 8-6 (2) से जीत हासिल की। अब तीसरे दौर में बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की जोड़ी से प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## भारतीय महिला टीम दूसरे पेनल्टी शूटआउट में हारी

रांची, 18 जनवरी। भारतीय महिला टीम को गुरुवार को जर्मनी के खिलाफ खेले रोमांचक मुकाबले में 2-2 से बराबरी के बाद पेनल्टी शूटआउट में 3-4 से हार का सामना करना पड़ा है। आज यहां खेले गये मुकाबले में दीपिका ने 15वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई लेकिन चार्लोट स्टेपनहॉर्स्ट ने 27वें, 57वें मिनट में गोल दागकर जर्मनी आगे कर दिया। हालाँकि, इशिका चौधरी ने 59वें मिनट में गोल दागकर स्कोर दो-दो बराबरी कर दिया। इससे पहले दोनों टीमे निर्धारित 60 मिनट में एक-एक की बराबरी पर रही। इसके बाद दिये गये अतिरिक्त समय में भी स्कोर दो-दो से ड्रॉ रहा। उसके बाद शुरु हुए पेनल्टी शूटआउट में भी दोनों टीमों ने 3-3 गोल दागे। उसके बाद एक और शूटआउट कराया गया जिसमें जर्मनी की टीम ने 1-0 से मुकाबला जीत लिया। इसी के साथ ही जर्मनी ने 12वीं बार ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया। हालांकि भारतीय टीम के पास ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करने के लिए एक और मौका बचा है। कांस्य पदक के लिए शुक्रवार को भारतीय टीम जापान से मुकाबला करेगी।

## रेलवे केप हलवान स्वीकृत, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप में लेंगे भाग : लोचब

नयी दिल्ली, 19 जनवरी। भारतीय रेलवे के पहलवान जयपुर में आयोजित होने वाली केवल स्वीकृत और मान्यता प्राप्त सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेंगे। चैंपियनशिप का आयोजन दो से पांच फरवरी तक जयपुर में किया जायेगा। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के सचिव प्रेम चंद लोचब ने कहा है कि भारतीय रेलवे के पहलवान जयपुर में आरएसपीबी द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में भाग लेंगे। रेलवे के पहलवान निलंबित भारतीय कुश्ती संघ की ओर से आयोजित किसी अन्य कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। खेल मंत्रालय ने कहा था कि कुश्ती के लिये भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति की देखरेख में आयोजित विभिन्न आयु वर्गों के लिये केवल राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप को खेल संहिता के तहत कुश्ती के लिये स्वीकृत और मान्यता प्राप्त चैंपियनशिप माना जायेगा और केवल तदर्थ समिति द्वारा आयोजित ऐसी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सभी सरकारी सुविधायें मिलेंगी।

## नेट्स में अभ्यास करने का मौका नहीं मिलता था, रिंकू सिंह को लेकर अश्विन का बड़ा बयान, बताया बाएं हाथ जैसा धोनी

नई दिल्ली, 19 जनवरी। भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने रिंकू सिंह की तारीफ करते हुए उन्हें बाएं हाथ का एमएस धोनी जैसा बताया है। अश्विन ने बेंगलुरु टी20 में अफगानिस्तान के खिलाफ निचले क्रम में सधी हुई बल्लेबाजी के लिए युवा बल्लेबाज की प्रशंसा की। हालांकि अश्विन ने स्पष्ट किया कि रिंकू और धोनी के बीच कोई तुलना नहीं है। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने शांत और संयमित व्यवहार से कई लोगों को प्रभावित किया है, जिसके लिए पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी जाने जाते हैं। बल्लेबाज रिंकू सिंह को आईपीएल 2023 और घरेलू क्रिकेट में उनके दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम में जगह मिली। वह कुछ ही मैच में टीम में फिनिशर के रोल में फिट बैठ गए। बेंगलुरू में एक समय भारतीय टीम 22 के स्कोर पर 4 विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी, जिसके बाद रिंकू ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 190 रन जोड़े और 39 गेंद में 69 रन बनाए। भारत के स्टार स्पिनर अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, वह ऐसा है, जिसे मैं बाएं हाथ का धोनी कहूंगा। मैं उसकी तुलना धोनी से नहीं कर सकता क्योंकि धोनी बहुत बड़े हैं। लेकिन मैं उस संयम के बारे में बात कर रहा हूं जो वह लाता है। वह यूपी के लिए लगातार रन बना रहा है और भारतीय टीम में रास्ता बनाया। उन्होंने वीडियो में आगे कहा, वह केकेआर में काफी साल तक बेंच पर रहा। लोग मुझे बताते थे कि जब वह केकेआर में था, उसे नेट्स में प्रैक्टिस करने का मौका नहीं मिलता था। वह नेट्स में गेंद बटोरता था और उसे गेंदबाज को देता था।

# ऑस्ट्रेलिया ने ढाई दिन में जीता एडिलेड टेस्ट

### वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराया, हेजलवुड को 9 विकेट, ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ द मैच



नई दिल्ली, 19 जनवरी। एडिलेड टेस्ट के तीसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हरा दिया। पहले टेस्ट में तीसरे दिन के पहले ही सेशन में कंगारुओं ने विंडीज की दूसरी पारी 120 रन पर समेट दी। पहली पारी में 95 रन की बढ़त के कारण ऑस्ट्रेलिया को 26 रन का टारगेट मिला। टीम ने बगैर नुकसान के ही इसे 7वें ओवर में हासिल कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड ने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। पहली पारी में 119 रन बनाने वाले ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन 73/6 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। दूसरे दिन नॉटआउट रहे जोशुआ डा सिल्वा के साथ अल्जारी जोसेफ उतरे। डा सिल्वा 18 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद अल्जारी भी 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दोनों विकेट मिचेल स्टार्क ने लिए।

गुडाकेश मोटी भी 3 ही रन बना सके और वेस्टइंडीज ने 94 रन पर अपने 3 विकेट गंवा दिए। टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया की लीड से एक रन पीछे थी। यहां केमार रोच और डेब्यूटांट शमार जोसेफ ने टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। जोसेफ 15 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 26 रन की पार्टनरशिप टूटी। रोच 11 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले हेजलवुड को दूसरी पारी में 5 सफलताएं मिलीं। उनके अलावा मिचेल स्टार्क और नाथन लायन को 2-2 विकेट मिले। कैमरन ग्रीन को एक सफलता मिली। वेस्टइंडीज 35.2 ओवर में 120 रन ही बना सका। टीम ने पहली पारी में 188 रन बनाए थे, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 283 रन बना दिए थे। इसलिए कंगारू टीम को दूसरी पारी में 26 रन का टारगेट मिला। 26 रन के टारगेट का पीछा करने में ऑस्ट्रेलिया के ओपनर उस्मान ख्वाजा इंजर्ड हो गए। 7वें ओवर की दूसरी बॉल शमार जोसेफ ने बाउंसर फेंकी। ख्वाजा डक करने गए लेकिन बॉल उनके हेलमेट पर लग गई। उनके मुंह से खून निकलने लगा, उन्हें चेक करने के लिए फिजियो टीम आई और वह 9 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन चले गए।

ख्वाजा के पवेलियन लौटने के वक्त ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए एक ही रन की जरूरत थी। मार्नस लाबुशेन उनके बाद बैटिंग करने आए। उन्होंने अपनी दूसरी ही बॉल पर सिंगल लिया और ऑस्ट्रेलिया ने 6.4 ओवर यानी 40 बॉल में टारगेट हासिल कर लिया। स्टीव स्मिथ 22 बॉल में 11 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

तीसरे दिन वेस्टइंडीज ने करीब 13 और ऑस्ट्रेलिया ने 7 ओवर बैटिंग की। यानी पहले सेशन में 20 ओवर का खेल ही हो सका और मुकाबला ढाई दिन से भी कम समय में खत्म हो गया। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया से ट्रैविस हेड ने शतक लगाया। वेस्टइंडीज से डेब्यू मैच खेल रहे शमार जोसेफ ने 5 विकेट लिए। पहली पारी में वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 283 रन पर ऑलआउट तो कर दिया, लेकिन खुद की दूसरी पारी में 6 विकेट भी गंवा दिए। दिन का खेल खत्म होने तक टीम 73 रन ही बना सकी।



## अंडर-19 वर्ल्ड कप आज से दक्षिण अफ्रीका में

### ओपनिंग मैच मेजबान और वेस्टइंडीज के बीच

नई दिल्ली, 19 जनवरी। दक्षिण अफ्रीका में आज से अंडर-19 वर्ल्ड कप शुरू हो रहा है। टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच मेजबान साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच ब्लमफोन्टेन के जेबी मार्क्स ओवल मैदान पर खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा।

50 ओवर का वर्ल्ड कप 5 वेन्यू पर 16 टीमों के बीच खेला जाएगा। फाइनल मैच 11 फरवरी को विलोमूर पार्क में होगा। टूर्नामेंट में कुल 41 मैच होंगे। यह वर्ल्ड कप का 15वां सीजन है। टूर्नामेंट पहले श्रीलंका में होना था, लेकिन नवंबर में बोर्ड पर लगे बैन के चलते ने श्रीलंका से मेजबनी छीनकर साउथ अफ्रीका को दे दी।

अंडर-19 वर्ल्ड कप नए फॉर्मेट में होगा। 16 टीमों को 4-4 टीमों के 4 ग्रुप में बांटा गया। हर ग्रुप की 3-3 टीमें सुपर-12 स्टेज में एंट्री करेंगी। यहां 6-6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। इन ग्रुप की 2-2 टॉप टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबले होंगे। जिन्हें जीतने वाली टीमों के बीच 11 फरवरी को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। टूर्नामेंट में आज मेजबान साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से करेगी। मैच 20 जनवरी को मेगॉन्ग ओवल में खेला जाएगा। भारत के ग्रुप में बांग्लादेश के साथ आयरलैंड और अमेरिका भी है। ऐसे में टीम को सुपर-12 स्टेज में पहुचंने में कोई दिक्कतें मिलते नजर नहीं आ रही हैं। ग्रुप स्टेज में भारत के सभी मैच मेगॉन्ग ओवल मैदान पर ही खेले जाएंगे।

अब तक 14 बार खेले गए टूर्नामेंट में भारत ने सबसे ज्यादा 5 बार ट्रॉफी जीती। टीम इंडिया ही टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन भी है, टीम ने 2022 में इंग्लैंड को फाइनल हराकर खिताब जीता था। भारत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 3 और पाकिस्तान ने 2 बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीता है। वहीं बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने 1-1 बार खिताब अपने नाम किया है। श्रीलंका और न्यूजीलैंड जैसी टॉप टीमें एक-एक बार रनर-अप रहीं, लेकिन कभी खिताब नहीं जीत सकीं।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने नवंबर में श्रीलंका से अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी छिनी थी। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड में सरकार की दखलअंदाजी को देखते हुए बोर्ड को 10 नवंबर 2023 को सस्पेंड किया था।

## श्रीलंका ने 9 विकेट से जीता तीसरा टी-20

### जिम्बाब्वे 82 रन पर ऑलआउट, हसरंगा ने झटके 4 विकेट, सीरीज 2-1 से श्रीलंका के नाम



कोलंबो, 19 जनवरी। वनिंदु हसरंगा ने 4 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट झटके। श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को तीसरे टी-20 में 9 विकेट से हरा दिया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में पहले बैटिंग करते हुए जिम्बाब्वे 82 रन ही बना सका। श्रीलंका से कप्तान वनिंदु हसरंगा ने 4 विकेट लिए। 83 रन का टारगेट श्रीलंका ने 10.5 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

तीसरे टी-20 में जीत के साथ श्रीलंका ने टी-20 सीरीज भी 2-1 से अपने नाम कर ली। सीरीज का दूसरा मुकाबला जिम्बाब्वे और पहला श्रीलंका ने जीता था। वनडे सीरीज भी 2-0 से श्रीलंका के ही नाम रही थी।

जिम्बाब्वे ने पहले ओवर में गंवाया विकेट कोलंबो में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। जिम्बाब्वे की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले ही ओवर में क्रैग इरविन का विकेट गंवा दिया, वह खाता भी नहीं खोल सके। ब्रायन बेनेट और तिनाशे कामुन्हुकाम्वे ने तेजी से रन बनाए, लेकिन तीसरे ओवर में बेनेट भी आउट हो गए। उन्होंने 12 बॉल पर 29 रन बनाए।

## सुदेवा और ईमी ने बड़े अंतर से अपने-अपने मुकाबले जीते

नयी दिल्ली, 19 जनवरी। डीएसए एचसीएल अंडर 15 फ्यूचर स्टार्स लीग में सुदेवा और ईमी हीरोज ने शुक्रवार को अपने अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। आज यहां खेले गये मुकाबले सुदेवा ने सिग्नेचर एफसी को 12-1 से और ईमी ने रेंजर्स को 16 गोलों से रौंद दिया। दिन के अन्य मैचों में 90 मिनट्स ने आर एंड आर एफसी को 4-2 से और नेशनल यूनाइटेड ने हॉप्स को दस गोलों से पीटा। वहीं अंडर 17 मैचों में सुदेवा ने फास्ट एफसी को 5-0, 90 मिनट्स ने सिटी एफसी को तीन गोलों से और जुबा सांघा ने दिल्ली टाइगर्स को एक के मुकाबले दो गोलों से हराया। एक अन्य मुकाबले में सिग्नेचर और आरआर एससी ने दो दो से ड्रॉ खेला।

## दो घोड़ों की रेस में यशस्वी जायसवाल आगे हैं आकाश चोपड़ा ने शुभमन गिल के टी-20 करियर को लेकर की भविष्यवाणी

नई दिल्ली, 19 जनवरी। आकाश चोपड़ा का मानना है कि यशस्वी जायसवाल भारतीय टीम में बतौर सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल से आगे निकल गए हैं। उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआती करने की रेस में यशस्वी जायसवाल ने बाजी मार ली है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले साल अगस्त में टी20 डेब्यू करने वाले यशस्वी जायसवाल ने अपने प्रदर्शन से टीम में जगह पुख्ता कर ली है। उन्होंने साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। शुभमन गिल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो मैच में आठ रन और अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मैच में सस्ते में पवेलियन लौट गए थे।

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ये साफ है कि यशस्वी जायसवाल शुभमन गिल से आगे निकल गए हैं। दो घोड़ों की रेस में यशस्वी आगे हैं। गिल थोड़ा पीछे चल रहे हैं। गिल पहले मैच में खेले, दूसरे मैच में ड्रॉप किया गया और तीसरे में भी नहीं खेले। उन्होंने आगे कहा, यशस्वी को तीनों गेम (दो मैच) में पारी की शुरुआत करनी थी। उन्हें सुपर ओवर में भी भेजा गया। जिस तरह से यशस्वी बल्लेबाजी कर रहे हैं, ऐसा लग रहा है कि वह कहीं जाने वाले नहीं हैं। यशस्वी जैसा खेल रहे हैं और पिछले उनके प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें ड्रॉप करना मुश्किल है। यशस्वी जायसवाल ने 16 20 पारियों में 33.46 की औसत और 161.93 की स्ट्राइक रेट से 502 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। जबकि शुभमन गिल ने14 टी20 मैच में 147 के स्ट्राइक रेट से 335 रन बनाए हैं।

# आईएलटी-20 की शुरुआत आज से

### एमआई के कप्तान पूरन बोले- पिचों पर वर्ल्ड कप की अच्छी प्रैक्टिस होगी




दुबई, 19 जनवरी। आईएलटी 20 की शुरुआत से पहले कैप्टंस मीट रखी गई और ट्रॉफी प्रिजेंट की गई। में शुक्रवार से इंटरनेशनल लीग टी-20 (-20) की शुरुआत होने जा रही है। टूर्नामेंट से पहले मुंबई इंडियंस एमिरेट्स के कप्तान निकोलस पूरन ने कहा है कि की पिचों पर टी-20 वर्ल्ड कप की अच्छी प्रैक्टिस होगी।

वर्ल्ड कप से जुड़े भास्कर के सवाल पर पूरन ने कहा- हम बतौर ग्रुप इस टूर्नामेंट के लिए तैयार हैं। हम उत्साहित हैं और हम सफल होना चाहते हैं, लेकिन हम जानते हैं कि यह आसान नहीं होगा। पूरन ने कहा- मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी के लिए खेलना बहुत दबाव भरा होता है, लेकिन हमारी टीम इस लीग के लिए तैयार है। यह फ्रेंचाइजी लगभग एक दशक से टी-20 क्रिकेट से जुड़ी हुई है और हर कोई जानता है कि मुंबई शायद सबसे अच्छी फ्रेंचाइजी में से एक है। यह बस चुनौती स्वीकार करने के बारे में है। एक ग्रुप के तौर पर हम जहां तक संभव हो सफल होने की पूरी कोशिश करते हैं।

लीग में हिस्सा लेंगी 6 टीमें 20 में 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। लीग का ओपनिंग मैच शारजाह वॉरियर्स और गल्फ जाइंट्स के बीच शारजाह के मैदान पर खेला जाएगा। प्रतियोगिता का फाइनल 17 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। विजेता को मिलेंगे 5.80 करोड़ रुपए करीब एक महीने तक चलने वाली इस लीग की विनर टीम को 5.80 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिलेगी, जबकि उपविजेता को 2.50 करोड़ रुपए से संतोष करना पड़ेगा।

## पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी भारतीय टीम

### वीमेंस हॉकी क्वालीफायर का कांस्य पदक मैच गंवाया, जापान ने 1-0 से दी मात



रांची, 19 जनवरी। भारतीय महिला हॉकी टीम का पेरिस ओलिंपिक खेलने का सपना टूट गया है। टोक्यो ओलिंपिक में टॉप-4 पर रहने वाली भारतीय टीम ओलिंपिक का कोटा हासिल करने में नाकाम रही है।

शुक्रवार को भारतीय टीम को ब्रॉन्ज मेडल मैच में जापान ने 1-0 से हराया। जापान की ओर से काना उराता ने छठे मिनट पर मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। उसके बाद भारतीय खिलाड़ी बराबरी का गोल नहीं कर सकीं। इस टूर्नामेंट की टॉप-3 टीमों को पेरिस ओलिंपिक का टिकट मिला। इनमें अमेरिका, जर्मनी और जापान शामिल रहे। एक दिन पहले भारत को सेमीफाइनल मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी के खिलाफ सडन डेथ-2 में 2 (4)-2 (3) पराजय का सामना करना पड़ा था। मुकाबला 2-2 की बराबर रहा था। ऐसे में विजेता का फैसला करने के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा। पेनल्टी शूटआउट 3-3 से बराबर रहने के बाद मुकाबला सडन डेथ में चला गया।

पहला सडन डेथ में भारतीय टीम ने बराबरी हासिल की, लेकिन सडन डेथ में सविता बचाव नहीं कर सकीं और भारत को पराजय का सामना करना पड़ा। विमेंस टीम इंडिया ने अपने आखिरी लीग मुकाबले में इटली को 5-1 से हराते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। टीम ने दूसरे मुकाबले में न्यूजीलैंड को 3-1 से मात दी। पहले मैच में भारतीय टीम को अमेरिका के खिलाफ 0-1 की हार का सामना करना पड़ा था।

# न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 में पाक को सात विकेट से हराया

क्राइस्टचर्च, 19 जनवरी। डैरिल मिचेल नाबाद 72 और ग्लेन फिलिप्स नाबाद 70 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को चौथे टी-20 मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया है। आज यहां 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड को पाकिस्तानी गेंदबाजों ने शुरुआत 20 रन पर तीन विकेट गिराकर झकझोर दिया था, लेकिन कीवी टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल ने शाहीन अफरीदी के झटकों से उबरते हुए चौथे विकेट लिए नाबाद 139 रनों की शतकीय साझेदारी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर सात विकेट से जीत दिला दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में 4-0 की बढ़त बना ली है।

ग्लेन फिलिप्स ने 52 गेंदों पर तीन छक्के और पांच चौकों की मदद से नाबाद 70 रन की पारी खेली जबकि डेरिल मिचेल ने 44 गेंदों पर नाबाद 72 रन बनाए और उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के और सात चौके जड़े।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसके सलामी बल्लेबाज सैम अयूब एक रन आउट हो गए। इसके बाद बाबर आजम 19 रन और फखर जमान नौ भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। मोहम्मद रिजवान शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने आजम के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए इफ्तिखार अहमद 10 रन के साथ 40 रन जोडे। रिजवान पे 63 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्के मदद से नाबाद 90 रन बनाये। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 158 का स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन ने 2-2 विकेट लिये। एडम मिलने एक बल्लेबाज को आउट किया।




*अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट जब उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पहुँचे तो कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ माला, उपरणा ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। पायलट रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे एवं शनिवार को गजेन्द्र सिंह शक्तावत की पुण्यतिथि के अवसर पर, गजेंद्र सिंह शक्तावत प्रवेश द्वार निर्माण समिति द्वारा एमबी कॉलेज ग्राउंड पर नवनिर्मित प्रवेश द्वार का उद्घाटन करेंगे। पूर्व शहर प्रवक्ता फिरोज अहमद शेख ने बताया कि, पायलट के आगमन पर डबोक एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।*

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 25 जनवरी को जयपुर में हो सकता है रोड शो

**■ फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री भी रहेंगे जयपुर दौरे पर।**

जयपुर, 19 जनवरी (का.सं.)। देश के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस बार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मुख्य अतिथि होंगे। दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने से पहले मैक्रों जयपुर भ्रमण पर रहेंगे। संभावना जताई जा रही है कि एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद फ्रांसीसी राष्ट्रपति का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रोड शो भी हो सकता है। यहां उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के आवास सिटी पैलेस में शाही अंदाज के साथ उनके लिए रात्रि भोज का आयोजन किया जा सकता है।

फ्रांस के राष्ट्रपति जयपुर के गौरवशाली इतिहास को जानने के उद्देश्य से आमेर किला, हवा महल और जंतर मंतर का भी दौरा करेंगे। साथ ही। इस वीवीआईपी मूवमेंट को लेकर जयपुर में जोर-शोर से तैयारी चल रही है। जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित और हेरिटेज निगम कमिश्नर अभिषेक सुराना सहित कई अधिकारियों ने शुक्रवार को परकोटा क्षेत्र का विजिट किया और यहां सफाई व्यवस्था, आवारा निराश्रित पशु और अवैध अतिक्रमण को लेकर उचित दिशा निर्देश भी दिए। वहीं, जंतर मंतर का विजिट करते हुए वहां लगे प्राचीन यंत्रों के बारे में भी फ्रांसीसी राष्ट्रपति को दी जाने वाली जानकारी जुटाई। यह वीवीआईपी विजिट हेरिटेज नगर निगम क्षेत्र में हवा महल, जंतर मंतर और आमेर के साथ परकोटा के मुख्य मार्ग में होने वाली है। 22 जनवरी को भी एक भव्य आयोजन होना है, और उसके बाद 25 तारीख को ये वीवीआईपी विजिट है।

बता दें कि बीते दिनों पीएम नरेंद्र मोदी भी फ्रांस के दौरे पर रहे थे। उस दौरान पीएम मोदी का भव्य स्वागत सत्कार किया गया था। उसी तर्ज पर यहां फ्रांसीसी राष्ट्रपति के सम्मान में शाही अंदाज में स्वागत और शाही डिनर की प्लानिंग की जा रही है। बताया जा रहा है कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान दोनों देश मिलिट्री- इंडस्ट्रियल साझेदारी शुरू करेंगे जो स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग की मजबूती पर आधारित होगी।

इधर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के आगमन की तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक उन्होंने अधिकारियों को मैक्रों के आवास, सुरक्षा, परिवहन, खानपान, पर्यटन सहित सभी जरूरतों का विशेष ध्यान रखने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनन्द कुमार, प्रमुख शासन सचिव सामान्य प्रशासन विभाग दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव पर्यटन गायत्री ए. राठौड, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन टी. रविकान्त, जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित, पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ के. एवं आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण मंजू राजपाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा से लड़ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के, पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को सपा में शामिल करने के फैसले के कारण सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का मोह भंग हो गया था, जिसके कारण कांग्रेस को फायदा हुआ। उस दौरान राहुल गांधी ने भी उत्तर प्रदेश में जोशीला अभियान चलाया था, जैसे कि, दलितों के घरों में भोजन करना इत्यादि। तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा कृषि ऋण माफ करने से भी किसान वर्ग कांग्रेस की तरफ आकर्षित हुआ था।

राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से 15 सीटें ऐसी हैं, जहाँ समाजवादी पार्टी कभी नहीं जीत सकी है और 24 सीटें ऐसी हैं जहाँ वह केवल एक बार ही जीती है। इसलिये, इस बात की पूरी संभावना है कि, सपा इन सीटों में से, 12 सीटें कांग्रेस के लिये छोड़ने को तैयार हो जायेगी। कांग्रेस शायद इन सीटों पर जिताऊ उम्मीदवार न खड़ा कर पाये। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद, सीटों के बंटवारे में स्पष्टता आने की संभावना है, लेकिन यह बिल्कुल स्पष्ट है कि, इंडिया गठबंधन के घटक दल, भाजपा के विरूद्ध, संयुक्त रूप से लड़ने के लिए इच्छुक और उत्सुक हैं।

# मत्स्य विभाग का निदेशक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**■ आई.ए.एस. प्रेमसुख विश्नोई तथा सहायक निदेशक राकेश देव को अपने कार्यालय में रिश्वत लेते ए.सी.बी. ने रंगे हाथ पकड़ा।**

जयपुर, 19 जनवरी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार को मत्स्य विभाग के निदेशक प्रेमसुख विश्नोई और सहायक निदेशक राकेश देव को, जयपुर में टोंक रोड स्थित कार्यालय में 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी टीमें दोनों अधिकारियों के जयपुर और बीकानेर स्थित घर और ऑफिस में सर्च की कार्वाई कर रही है।

एसीबी के कार्यवाहक महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि, परिवादी ने अगस्त में टोंक में अन्नपूर्णा तालाब में फिश फार्मिंग के लिए टेंडर लिया था। नवंबर में उसने मछली पकड़ने और परिवहन लाइसेंस के लिए डिमांड की, लेकिन उसे लाइसेंस नहीं दिया गया। जिसके बाद वह लाइसेंस के लिए कई बार चक्कर लगा चुका था। उसे कहा गया कि, एक लाख रुपए की व्यवस्था करो। इस पर परिवादी ने गुरुवार को एसीबी से सम्पर्क किया। एसीबी ने शिकायत का वैरिफिकेशन कराया जिसके बाद सूचना कन्फर्म होने पर ट्रैप की कार्रवाई की गई।

उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रवि के सुपरविज़न में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुलदीप के निर्देशन में एसीबी की टीम ने शुक्रवार को सहायक निदेशक राकेश देव को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। राकेश देव ने यह पैसा निदेशक प्रेमसुख विश्नोई के कहने पर लिया था। इस लिए निदेशक को भी ट्रैप किया गया। एसीबी के पास दोनों ही अधिकारियों के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं।

एसीबी के अधिकारियों ने देर रात तक टोंक रोड स्थित मत्स्य विभाग के कार्यालय में सर्च की काय्रवाई की। इसके बाद दोनों अधिकारियों को एसीबी मुख्यालय लाकर पूछताछ की।

# मध्य प्रदेश के दो कांग्रेस नेता भाजपा में

**■ चम्बल क्षेत्र के इन दोनों नेताओं को ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सदस्यता ग्रहण करायी।**

नयी दिल्ली, 19 जनवरी। मध्यप्रदेश में ग्वालियर चंबल क्षेत्र के दो वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के हाथों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की।

मुरैना से विधायक रहे राकेश मावई और शिवपुरी के पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष पारम सिंह रावत ने राजीव गांधी भवन स्थित नागरिक उड्डयन मंत्रालय में सिंधिया से मुलाकात की। सिंधिया ने उन्हें भाजपा के अंगवस्त्र पहनाये और सदस्यता की औपचारिकताएं पूरी करायीं।

मावई और रावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सिंधिया और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में आस्था व्यक्त की और भाजपा में शामिल किये जाने के लिए आभार प्रकट किया।

# बिलकिस मामले के दोषियों को मोहलत नहीं मिली

**■ सुप्रीम कोर्ट ने आत्मसमर्पण के लिये और समय देने की याचिका खारिज की।**

नयी दिल्ली, 19 जनवरी। उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसके परिवार के सात लोगों की हत्या के दोषियों की आत्मसमर्पण करने के लिए समय बढ़ ाने की उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने दोषियों की गुहार यह कहते हुए खारिज कर दी कि उनके आत्मसमर्पण के लिए मोहलत की मांग वाले आवेदनों में कोई ठोस आधार नहीं है, जिससे उस पर विचार किया जा सके।

शीर्ष अदालत ने कहा कि सभी दोषियों को 21 जनवरी को जेल प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा। शीर्ष अदालत इस मामले के 11 दोषियों को गुजरात सरकार की माफी नीति के तहत दी गई सजा में छूट को आठ जनवरी को अवैध करार देते हुए उसे रद्द कर दिया था। इसके साथ ही, अदालत ने उन्हें जेल प्रशासन के समक्ष दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया था, जिसकी अवधि 21 जनवरी को समाप्त होने वाला है।

आत्मसमर्पण मे मोहलत की मांग करने वालों में शामिल दोषी रमेश रूपाभाई चंदना ने पारिवारिक दायित्व निभाने के लिए छह सप्ताह की मोहलत मांगी थी, जबकि दोषी मितेश चिमनलाल भट ने सर्दियों की उपज की कटाई के लिए छह सप्ताह का और समय देने की गुहार लगाई थी। एक अन्य दोषी ने अपने बूढ़े और बीमार पिता की देखभाल के लिए छह सप्ताह का अतिरिक्त समय की विनती की थी।

उच्चतम न्यायालय 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या मामले में अजीवन कारावास की सजा काट रहे 11 दोषियों की 2022 में समयपूर्व रिहाई के गुजरात सरकार के फैसले को अवैध करार देते हुए आठ जनवरी को रद्द कर दिया था।

न्यायमूर्ति नागरत्ना और न्यायमूर्ति भुइयां की पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि, इस मामले में सजामाफी के मुद्दे पर फैसला लेना गुजरात सरकार के अधिकारक्षेत्र में नहीं आता, इसलिए सजामाफी देने का सरकार का फैसला रद्द किया जाता है।

पीठ ने कहा था कि, मुकदमे की सुनवाई महाराष्ट्र की अदालत में हुई थी, इसलिए सजामाफी का फैसला लेना वहां की सरकार के अधिकारक्षेत्र में आता है।

गुजरात सरकार की 1992 की माफी नीति के तहत बाकाभाई वोहानिया, जसवंत नाई, गोविंद नाई, शैलेश भट्ट, राधेश्याम शाह, विपिन चंद्र जोशी, केशरभाई वोहानिया, प्रदीप मोढ़ वाडिया, राजूभाई सोनी, मितेश भट्ट और रमेश चांदना को 15 अगस्त 2022 को गोधरा उप कारागर से रिहा कर दिया गया था। रिहा करने के फैसले को बिलकिस और अन्य की ओर से अदालत में चुनौती दी गई थी।

# रामलला विग्रह के अनुष्ठान में अरणी मंथन से अग्नि प्रज्ज्वलित

**■ देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे 121 पंडितों ने हवन कुण्ड में अग्नि प्रज्ज्वलित करने के लिये शुक्रवार को अरणी मंथन किया।**

अयोध्या, 19 जनवरी। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में विराजमान मनोहारी रामलला के श्यामल विग्रह के अनुष्ठान कार्यक्रम में हवन कुण्ड में अग्नि प्रज्ज्वलित करने के लिये शुक्रवार को अरणी मंथन किया गया।

काशी से आये अरुण कुमार दीक्षित ने बताया कि कुश की बनायी हुई कुटिया में 121 ब्राह्मण धार्मिक कर्मकाण्ड कर रहे हैं। सुबह नौ बजे से अरणिमंथन से अग्नि प्रकट हुई। उसके पूर्व गणपति आदि स्थापित देवताओं का पूजन किया गया। द्वारपालों द्वारा सभी शाखाओं का वेद पारायण, देव प्रबोधन, औषधिवास, केसराधिवास कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में घृताधिवास, कुण्ड पूजन, पंचभूसंस्कार का भी विधिवत् पूजन किया गया। नौ कुण्ड बनाये गये हैं और नौ ग्रहों की पूजा की गयी, जिसमें शांति हवन सम्पन्न हुआ। पांच फुट की वेदी में राम की महापूजा में भगवान को चावल में रखकर उनका धान्याधिवास किया गया। रामलला के अचल विग्रह को अभी ढक कर रखा गया है। गर्भगृह स्थल व यज्ञ मण्डप का पवित्र नदियों के जल से अभिषेक भी किया गया।

पंडित अरुण कुमार दीक्षित ने बताया कि, विभिन्न प्रांतो से पधारे 121 पंडितों ने सुबह अरणि मंथन से अग्नि प्रकट करायी।

## 300 यात्री...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को विमान में ही परेशान होना पड़ा। यात्रियों को बाद में जयपुर एयरपोर्ट पर भी परेशान होना पड़ा। कुछ यात्रियों ने इसका विरोध किया।

वियतजेट एयरलाइंस ने शुक्रवार सुबह बस टैक्सी के माध्यम से यात्रियों को दिल्ली रवाना किया। शुक्रवार शाम 5 बजे वियतजेट एयरलाइंस के विमान ने दिल्ली के लिए उड़ान भरी।

दिल्ली और चंडीगढ़ में कोहरे की वजह से शुक्रवार को कई विमानों को जयपुर डायवर्ट किया गया। जयपुर में भी कई विमानों ने समय पर उड़ान नहीं भरी। कुल 6 फ्लाइट्स को जयपुर डायवर्ट किया गया। इनमें दो इंटरनेशनल फ्लाइट्स भी शामिल हैं। काठमांडू से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एल 212 को जयपुर डायवर्ट किया गया है। जम्मू से दिल्ली जा रहा प्लेन डायवर्ट होकर जयपुर पहुंचा।

वियतनाम हनोई से दिल्ली जा रही वियतजेट की फ्लाइट वीजे 971 को जयपुर डायवर्ट किया गया है। बेंगलूरु से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एएल 808 को जयपुर डायवर्ट किया गया है। इंदौर से दिल्ली जा रही एलायंस एयर की 9एल 622 को जयपुर डायवर्ट किया गया है। बेंगलूरु से चंडीगढ़ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 6385 को जयपुर डायवर्ट किया गया है।

# पीतमपुरा आग में 6 मरे

नयी दिल्ली, 19 जनवरी। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के पीतमपुरा इलाके में एक चार मंजिला मकान में आग से झुलसकर मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़ कर छह हो गई।

पुलिस उपायुक्त जितेंद्र मीणा ने बताया कि मौर्या एन्क्लेव थाना क्षेत्र में गुरुवार रात जेपी ब्लॉक के एक मकान में आग लग गई थी, जिसमें अब तक चार महिलाएं समेत छह लोगों की मृत्यु की पुष्टि अस्पताल की ओर से की गई।

उत्तर-पश्चिम जिला उपायुक्त के अनुसार, मृतकों की पहचान पीतमपुरा जेपी ब्लॉक निवासी राकेश गुप्ता (62) उनकी पत्नी रेनू गुप्ता (62) और बेटी श्वेता (30) के अलावा शालीमार बाग इलाके सिंगलपुर गांव के निवासी संतोष (25), पीतमपुरा जेपी ब्लॉक निवासी कीर्ति (25) और उसकी बहन शानू वर्मा (27) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस हादसे के मामले में मौर्या एन्क्लेव थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 285, 336 और 304ए के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

दिल्ली अग्निशमन विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग लगने की सूचना गुरुवार रात करीब आठ बजे मिलते ही मौके पर दमकल की आठ गाड़ियां रवाना कर दी गई। दमकल कर्मियों ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गंभीर रूप से झुलसी हुई हालत में सात लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस भीषण हादसे में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति का इलाज चल रहा है।

## 11 वर्षीय दुष्कर्म ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

देने से इनकार कर दिया है। वहीं अदालत ने पीडिता की डिलीवरी कराने के संबंध में राज्य सरकार को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने कहा कि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि भ्रूण धडकन सहित विकसित हो चुका है और गर्भपात कराना खतरनाक हो सकता है। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश पीड़िता की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि वह पीडिता को बालिका गृह में भर्ती कर आवश्यक देखभाल, फूड और मेडिकल सहायता उपलब्ध कराए। इसके साथ ही बालिका गृह अधीक्षक पीडिता के वयस्क होने तक उसे वहां रखे और इस दौरान उसे शिक्षा सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराए। अदालत ने एसीएस चिकित्सा को कहा है कि वह पीडिता का सुरक्षित प्रसव कराने के लिए महिला नर्स नियुक्त करे। वहीं महिला चिकित्सालय के अधीक्षक डिलीवरी से पहले और बाद के लिए समस्त चिकित्सा सुविधाएं बिना शुल्क उपलब्ध कराए। अदालत ने कहा कि बच्चे के जन्म के बाद उसे बाल कल्याण कमेटी को सौंपा जा सकता है और पीडिता अपने अभिभावक के माध्यम से बच्चे की अभिरक्षा लेने के लिए दस्तावेज पेश करे। इस दौरान यदि बच्चे को किसी दंपत्ति को गोद दिया जाता है तो इसमें पीडिता को कोई आपत्ति नहीं होगी। अदालत ने यह भी कहा है कि भ्रूण के नाल सहित अन्य चीजों को डीएनए जांच के लिए संरक्षित रखे। इसके अदालत अदालत ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिए हैं कि वह पीडित प्रतिकर स्कीम के तहत पीडिता को तीन माह में मुआवजा दे और मुआवजा राशि को पीड़िता के वयस्क होने तक एफडी के रूप में रखा जाए।

याचिका में कहा गया कि वह 11 साल की है और दुष्कर्म के कारण गर्भवती हो गई है। वह सामाजिक और स्वास्थ्य कारणों के चलते बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती है।

# राहुल गांधी की सदस्यता बहाली को चुनौती देने की याचिका पर एक लाख का जुर्माना

**■ सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज कर के लखनऊ के वकील अशोक पांडे को अदालत का समय बर्बाद करने के लिये जुर्माना लगाया।**

नयी दिल्ली, 19 जनवरी। उच्चतम न्यायालय कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल करने की सात अगस्त 2023 की अधिसूचना रद्द करने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने लखनऊ के वकील अशोक पांडे की याचिका खारिज करने के साथ-साथ उन्हें आदेश दिया कि इस अदालत का समय बर्बाद करने के एवज (जुर्माने की तरह) में वह एक लाख रुपए जमा करा दें।

पीठ ने पांडे की याचिका को "तुच्छ" बताते हुए कहा कि इस तरह की याचिकाओं का मतलब केवल शीर्ष अदालत और इसकी रजिस्ट्री का कीमती समय बर्बाद करना है।

गांधी की मोदी उपनाम को लेकर 2019 में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के आपराधिक मानहानि मामले में 2023 में दो साल की जेल की सजा के बाद लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। इस मामले में उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा आया था, जहां उन्हें राहत मिली।

शीर्ष अदालत ने पिछले साल अगस्त में गांधी की संसद सदस्यता बहाल कर दी थी।अदालत ने तब कांग्रेस नेता की सजा पर इस आधार पर रोक लगा दी थी कि निचली अदालत यह

## राहुल गांधी ने अपनी "पावर ऑफ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उनमें से संभवत: एक ही राज्यसभा में जा सकेगा। कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना से राज्यसभा सीटें मिलेंगी।

पार्टी के एक सीनियर नेता कहते हैं कि, पात्रता के अलावा कई और कारणों से वेणुगोपाल द्वारा निर्णय लिए जा रहे हैं। रंधावा और डोटासरा को अपने-अपन पदों पर बनाए रखने का निर्णय भी वेणुगोपाल ने अशोक गहलोत के आदेश पर लिया था और अन्य राज्यों के लिए भी यह बात सही है। कांग्रेस की स्थिति बिल्कुल ही अव्यवस्थित है। पात्र लोग बाहर कर दिए गए हैं और योग्यतारहित लोग सत्ता के पदों पर हैं।

वेणुगोपाल की जहां कांग्रेस में तूती बोल रही हैं, वहीं राहुल गांधी कोई भी जिम्मेदारी लेने से बच रहे हैं। उन्होंने वेणुगोपाल को अपनी पावर ऑफ एटॉर्नी दे दी है, जबकि स्वयं राहुल गाँधी के पास ना तो कोई पद है और ना ही निर्णय लेने का कोई अधिकार। उनकी खास बात यही है कि, वह गांधी परिवार के सदस्य हैं और इसीलिए सत्ता एक तरह से उन्हीं के पास है।

## गुरमीत ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में सजा काट रहे व्यक्ति को बार-बार पैरोल दी जाती है, वहीं दूसरी ओर तीन दशकों से जेलों में बंद सिखों के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है।

एडवोकेट धामी ने कहा कि, राजनीतिक स्वार्थ के लिए यह आपत्तिजनक है कि सरकार गुरमीत राम रहीम के जघन्य अपराधों पर आंखें मूंद लेती हैं। उसे बार-बार छोड़ देती हैं और यह पीड़ितों के घावों पर नमक छिड़कने वाली कार्रवाई है जिस पर एसजीपीसी कड़ी आपत्ति जताती है।

## ए.आर.सी.पी. का क्रियान्वयन मिशन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

"ई.आर.सी.पी. को वर्ष 2051 तक पूरा किया जाएगा"। यह कथन दर्शाता है कि कांग्रेस की तत्कालीन सरकार 28 वर्षों तक इस योजना को लटकाना-भटकाना चाहती थी। इतने लंबे अर्से में तो दो-तीन पीढ़ियां निकल जाती है।

शुक्रवार से शुरू हुए 16वीं विधानसभा के प्रथम सत्र में राज्यपाल कलराज मिश्र ने अभिभाषण के जरिए भजनलाल सरकार के विजन को पक्ष-विपक्ष के सामने रखा। राज्यपाल ने कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के घोटालों की भी जांच होगी। गवर्नर ने कहा कि पिछली सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा।

कलराज मिश्र ने कहा कि पिछले 5 साल में राज्य का कर्ज 2 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ा है। इससे प्रति व्यक्ति कर्ज करीब 70 हजार रुपए तक पहुंच गया है। राजस्थान पर साल 2019 तक कुल कर्ज 3.39 लाख करोड़ रुपए था, जो कि अब बढ़कर 5.59 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यदि प्रति व्यक्ति में इसे बांटा जाए तो 5 साल में यह दोगुने से ज्यादा हो गया है।

पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के कारण राजस्थान में आर्थिक आपातकाल के हालात हैं, प्रदेश सबसे बीमार व कर्जदार राज्य की श्रेणी में आ गया है। गहलोत सरकार ने अपने कार्यकाल के आखिरी समय में आनन-फानन में जो योजनाएं घोषित की, उनकी समीक्षा की जाएगी। सही समीक्षा के बाद इन योजनाओं को नए स्वरूप और बजट के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। राजस्थान के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए राजस्थान इकोनॉमिक रिवाइवल टास्क फोर्स की स्थापना भी की जाएगी।

राज्यपाल ने कहा कि भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में प्रदेश के डिस्कॉम को मजबूत किया था। उनके द्वारा शुरू की गई उदय योजना के माध्यम से डिस्कॉम का 70 हजार करोड़ का ऋण माफ किया गया था। लेकिन, अब फिर से कांग्रेस राज के कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कारण डिस्कॉम का कर्ज 1 लाख करोड़ को पार कर गया है। विदेश से महंगा कोयला खरीद, कोयला धुलाई, बिजली खरीद में अनियमितता आदि भ्रष्टाचार की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अक्षय ऊर्जा का अधिक उपयोग कर राज्य को बिजली के मामले में आत्मनिर्भर किया जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम से शुरू हुए अंग्रेजी स्कूलों की समीक्षा की जाएगी। क्योंकि ये केवल नाम के अंग्रेजी स्कूल हैं, यहां न तो शिक्षक हैं और न ही क्लासरूम। इन स्कूलों को खोलने का निर्णय अव्यवहारिक था। आयुष्मान योजना को चिरंजीवी योजना का नाम देकर वाहवाही लूटने का प्रयास किया गया था, इसलिए अब इस योजना का भी रिव्यू होगा और आयुष्मान योजना को ही जन केंद्रित बनाकर प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। पिछले 5 वर्षों में होने वाले भ्रष्टाचार की जांच की जाएगी। इसमें जल जीवन मिशन में हुए घोटाले की भी जांच भी करवाई जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि व्यावहारिक मुआवजा नीति भी निर्धारित की जाएगी। जिससे पिछली सरकार के कार्यकाल में जिन किसानों की जमीनें नीलाम हुई थीं, उन्हें सम्मानजनक मुआवजा मिल सके। पेपर लीक मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। भर्ती परीक्षाओं की मॉनिटरिंग डीजीपी और मुख्य सचिव लेवल के अधिकारियों से करवाई जाएगी। युवाओं को अवसाद और तनाव मुक्त करने के लिए प्रत्येक शहर में युवा साथी केंद्र बनाए जाएंगे।

मिश्र ने कहा कि केंद्र की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए एक मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाएगी। वहीं, आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए ब्लॉक स्तर पर जनता दरबार लगाए जाएंगे। साथ ही लगातार जनसुनवाई के कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रकरणों में सीबीआई जांच को भी मंजूरी दी गई है, जिस पर पूर्ववर्ती सरकार ने रोक लगा दी थी। कानून व्यवस्था को सही करने के लिए एंटी गैंगस्टर्स टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है।

राजस्थानी व्यंजनों की पहचान देश-दुनिया में है। इसलिए वार्षिक राजस्थानी अंतरराष्ट्रीय फूड उत्सव आयोजित किए जाएंगे।

## राहुल की यात्रा की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रहे हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने जोर देते हुए कहा कि, राज्य में अपने तय कार्यक्रम के अनुसार यात्रा अगले छह दिन जारी रहेगी।

न्याय यात्रा के काफिले के मजूली द्वीप पहुंचने पर उन्होंने "एक्स" पर पोस्ट किया, "यह बिल्कुल स्पष्ट है कि, असम के मुख्यमंत्री घबराए हुए हैं और भारत जोड़ो न्याय यात्रा को असम में पिछले दो दिनों से मिल रहे जबर्दस्त समर्थन से बेचैन हैं।"

उन्होंने कहा कि, असम के विभिन्न समाजों और सभी वर्गों और आयु समूहों के लोग गांधी का तहे दिल से स्वागत कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि, "असम के मुख्यमंत्री अपशब्द कह सकते हैं, डरा-धमका सकते हैं, लेकिन हम भयभीत नहीं हैं। स्पष्ट है कि वो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के भारी प्रभाव के कारण परेशान हैं और यात्रा को विफल करने के उनके निरन्तर प्रयासों के बावजूद असम में अगले छ: दिन तक यात्रा जारी रहेगी।"

पोस्ट के साथ ही जयराम रमेश ने सरमा की एक टिप्पणी भी साझा की, जिसमें उन्होंने कहा था कि, कांग्रेस मुसलमानों के एक वर्ग का प्रतिनिधित्व कर रही है और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के समय मुस्लिम महिलाओं ने जो प्रगति की है इस कारण वो कांग्रेस की रैलियों में शामिल नहीं होती हैं।

सरमा ने प्रैस से बातचीत के दौरान गुरुवार को उक्त टिप्पणी की थी।

इस बीच, असम पुलिस ने जोरहाट कस्बे में यात्रा के स्वीकृत मार्ग से कथित रूप से अलग मार्ग पर जाने को लेकर यात्रा व उसके मुख्य संयोजक के.बी. बायजू के खिलाफ एक स्वप्रेरित एफ.आई.आर. दर्ज की।

यात्रा की शुरुआत 14 जनवरी को मणिपुर से हुई थी और समाप्ति 20 या 21 मार्च को मुम्बई में होगी।

67 दिवसीय इस यात्रा में 6,713 किमी. की दूरी तय की जानी है। यह 15 राज्यों के 110 जिलों में से होकर गुजरेगी।

यात्रा असम में 25 जनवरी तक है और यहां के 17 जिलों में से गुजरकर कुल 833 किमी. की दूरी तय करेगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908